असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
रांची, सोमवार 26.06.2023 वर्ष 10, अंक 173
RNI No. JHAHIN/2014/59110

**सुविचार**
एक सृजनशील व्यक्ति कुछ कर पाने की उम्मीद से प्रेरित होता है, दूसरो को होड़ में हराने की उम्मीद से नहीं ।

**रांची का तापमान**
अधिकतम 30°
न्युनतम 23°

## क्वीक न्यूज

### इमरजेंसी थोपने वालों की गोद में लालू-नीतीश : सुशील मोदी

**पटना :** राज्यसभा सदस्य सुशील मोदी ने कहा है कि आज से 48 वर्ष पूर्व जिस कांग्रेस ने अपनी सत्ता बचाने के लिए देश में आपातकाल घोषित कर जयप्रकाश नारायण, चौधरी चरण सिंह, अटल बिहारी वाजपेयी जैसे नेताओं सहित एक लाख से ज्यादा राजनीतिक कार्यकर्ताओं को जेल में अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया, प्रेस सेंसरशिप लगाकर मीडिया का गला घोंट दिया, उसी कांग्रेस की गोद में आज आंदोलन के तथाकथित सिपाही लालू प्रसाद और नीतीश कुमार जाकर बैठ गए हैं।

### जंगली हाथी ने ग्रामीण को मार डाला

**लातेहार :** जिले के विभिन्न प्रखंडों में इन दिनों जंगली हाथियों का आतंक चरम पर है. जंगली हाथियों ने लातेहार के हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत हुंबू गांव निवासी पूसन राम नाम के व्यक्ति को मार डाला. शव रविवार को गांव से थोड़ी दूर एक जंगल से बरामद किया गया. दरअसल पूसन राम शनिवार को डोरी चुनने जंगल की ओर गया था. परंतु देर रात तक घर वापस नहीं लौटा. परिजनों ने रात में भी उसे ढूंढने का प्रयास किया. रविवार की सुबह ग्रामीण उसे ढूंढने जंगल की ओर गए तो उसका क्षत-विक्षत शव जंगल में पड़ा हुआ मिला.

### पलामू में टीएसपीसी के तीन नक्सली गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** जिला पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी के तीन सदस्यों गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है. इनके पास से नक्सली पर्चा समेत कई तरह की सामग्री बरामद किया है. गिरफ्तार नक्सलियों से पुलिस कड़ाई से पूछताछ कर रही है। कई नक्सली कांडों का राज खुलेगा। गिरफ्तार नक्सली बीरेंद्र, बुटन और एक अन्य से पुलिस के टॉप अधिकारी पूछताछ कर रहे हैं.

### आपकी योजना, आपकी सरकार कार्यक्रम फिर होगा शुरू

**रांची :** राज्य में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम फिर शुरू होगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी रूपरेखा तय करने के लिए 28 जून को दिन के 11 बजे से प्रोजेक्ट भवन में बैठक बुलाई है। बैठक में जिलों के डीसी वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए ऑनलाइन और मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव और सचिव सरीखे वरीय अधिकारी ऑफ लाइन जुड़ेंगे। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष भी राज्य सरकार ने इस योजना को चलाया था। इसके तहत प्रखंड स्तर तक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों की समस्याओं को ऑन स्पॉट दूर किया गया था

### सीतारमण ने की बराक ओबामा के बयान की आलोचना, कहा नहीं जानते जमीनी हकीकत

**नई दिल्ली :** वित्त मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता निर्मला सीतारमण ने रविवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के भारत में मुसलमानों को लेकर दिए बयान की आलोचना की है। भाजपा मुख्यालय में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ओबामा के राष्ट्रपति कार्यकाल के दौरान 6 मुस्लिम बहुल देशों सीरिया, यमन से लेकर इराक तक में बमबारी की गई। ऐसे में उनके आरोपों पर कोई क्यों भरोसा करेगा। उन्होंने कहा कि भारत में विपक्ष ने ऐसा वातावरण तैयार कर दिया है जिसके चलते लोगों को लग रहा है कि एक असुरक्षा की भावना है। वित्त मंत्री ने राहुल गांधी के बयानों की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि जब विपक्षी नेता देश से बाहर जाते हैं वह भारत के हितों को ध्यान में नहीं रखते। वह प्रधानमंत्री को हराने में असफल हैं। इसी के चलते वह इस तरह के मुद्दे उठाते हैं। इसी के चलते विदेशी लोग जमीनी हकीकत जाने बिना इस तरह की बहस में उलझ जाते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ एक संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में कहा था कि देश में किसी तरह का भेदभाव नहीं है। भारत सरकार सबका साथ सबका विकास का में विश्वास रखती है।

### स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता : रामनाथ कोविंद

**कानपुर :** संघ लोकसेवा आयोग परीक्षा में हिंदी माध्यम की आल इंडिया टॉपर आईएएस कृतिका मिश्रा को आर्शीर्वाद देते हुए देश के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने रविवार को कहा कि हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं की महत्ता दी जाय। उन्होंने कहा कि न्यायालय तक जन भाषा की आवश्यकता है और प्रशासनिक सुविधाओं की जनता तक पहुंच ब?ाने के लिए स्थानीय भाषाओं के संवर्धन की आवश्यकता है। विपश्यना तकनीक का उल्लेख करते हुए दूरदर्शिता पर जोर दिया जाय। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलने के लिए रविवार को सर्किट हाउस में आईएएस टॉपर कृतिका मिश्रा अपने पिता डॉ. दिवाकर मिश्रा के साथ पहुंची और उनसे मुलाकात किया।

# पीएम मोदी को मिला मिस्र का सर्वोच्च सम्मान

## दुनिया के 13 देशों के सर्वोच्च सम्मान से अब तक सम्मानित हो चुके पीएम मोदी

**ये सम्मान उन राष्ट्राध्यक्षों, राजकुमारों और उपराष्ट्रपतियों को प्रदान किया जाता है जो मिस्र या मानवता को अमूल्य सेवाएं प्रदान करते हैं.**

एजेंसी

**काहिरा :** मिस्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने मिस्र के सर्वोच्च सम्मान ऑर्डर ऑफ द नाइल से सम्मानित किया. यह प्रधानमंत्री मोदी को दिया गया किसी मुल्क का 13वां सर्वोच्च राजकीय सम्मान है. मिस्र ने 1915 में ऑर्डर ऑफ द नाइल की शुरुआत की गई थी. तब मिस्र के सुल्तान हुसैन कामेल ने इसकी स्थापना की थी. 1953 में राजशाही खत्म होने और मिस्र के गणतंत्र बनने के बाद देश के सर्वोच्च सम्मान के रूप में ऑर्डर ऑफ द नाइल का पुनर्गठन किया गया. ये सम्मान उन राष्ट्राध्यक्षों, राजकुमारों और उपराष्ट्रपतियों को प्रदान किया जाता है जो मिस्र या मानवता को अमूल्य सेवाएं प्रदान करते हैं. ये एक शुद्ध सोने के हार की तरह होता है. इसमें तीन वर्गाकार सोने के टुकड़े होते हैं. इस पर फिरोजा और माणिक से सजाए गए गोलाकार सोने के फूल की तीन इकाइयां एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं.

### बोहरा समुदाय के नेताओं से की मुलाकात

विदेश मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बोहरा समुदाय के नेताओं से भी मुलाकात की, जो इस फातिमिद युग की शिया मस्जिद के रखरखाव में सक्रिय रूप से शामिल हैं और उन्होंने भारत और मिस्र के बीच लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर प्रकाश डाला. भारत में बसे बोहरा समुदाय की उत्पत्ति फातिमियों से हुई है.



### पीएम मोदी का 5 दिवसीय विदेश यात्रा खत्म

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका और मिस्र की राजकीय यात्रा से रविवार की रात स्वदेश वापस लौटे. पीएम मोदी का विमान मध्य रात्रि के आसपास पालम एयरपोर्ट पहुंचा. दिल्ली के सभी सांसद पीएम के स्वागत के लिए एयरपोर्ट पर मौजूद रहे.पीएम मोदी 20 जून को अमेरिका की अपनी पहली राजकीय यात्रा पर गए थे. वहां पीएम मोदी ने सबसे पहले 21 जून को न्यूयॉर्क में स्थित यूएन मुख्यालय में योग दिवस समारोह का नेतृत्व किया था. पीएम मोदी ने दिग्गज कंपनियों के सीईओ के साथ मुलाकात भी की थी. व्हाइट में पीएम का भव्य स्वागत किया गया था. साथ ही उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की थी.

### मिस्र की ऐतिहासिक मस्जिद पहुंचे पीएम मोदी

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने काहिरा में मिस्र की ऐतिहासिक 11वीं सदी की अल-हकीम मस्जिद का दौरा किया, जिसे भारत के दाऊदी बोहरा समुदाय की मदद से बहाल किया गया था. एक हजार साल से अधिक पुरानी, अल-हकीम काहिरा की चौथी सबसे पुरानी मस्जिद है, और शहर में बनने वाली दूसरी फातिमिद मस्जिद है. मस्जिद 13,560 वर्ग मीटर के क्षेत्र में फैली हुई है, जिसमें प्रतिष्ठित केंद्रीय प्रांगण 5,000 वर्ग मीटर में है.मिस्र की अपनी राजकीय यात्रा के दूसरे दिन मोदी ने फातिमिद युग की शिया मस्जिद का भी दौरा किया, जहां मिस्र के पर्यटन और पुरावशेष मंत्री डॉ. मुस्तफा वज़ीरी ने उनका स्वागत किया.

# बाढ़ से 5 की मौत



एजेंसी

**गुवाहाटी-मुंबई:** असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और अभी तक 4.88 लाख से अधिक लोग इससे प्रभावित हैं. एक आधिकारिक रिपोर्ट में ये जानकारी दी गई. क्षेत्रीय मौसम विभाग ने राज्य के अलग-अलग हिस्सों में भारी बारिश और गरज चमक के साथ बौछार पड़ने को लेकर येलो अलर्ट चेतावनी जारी की. राज्य में कई प्रमुख नदियां उफान पर हैं. केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मपुत्र नदी, नेमतीघाट पुथिमारी और पगलादिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार,असम के 16 जिलों में 4.88 लाख से अधिक लोग वर्तमान समय में बाढ़ से प्रभावित हैं, जबकि इस साल बाढ़ से अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है.राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा मोचन बल, नागरिक सुरक्षा, गैर सरकारी संगठन तथा स्थानीय लोग राहत एवं बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं. रिपोर्ट के मुताबिक, बीते 24 घंटे में बिस्वनाथ, दरांग और कोकराझार जिलों में तटबंध या तो टूट गये हैं या क्षतिग्रस्त हो गये हैं.

इधर मुंबई के कई हिस्सों में शनिवार को भारी बारिश के कारण नाले में बह जाने से दो लोगों की मौत हो गई.

**केंद्रीय जल आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रह्मपुत्र नदी, नेमतीघाट पुथिमारी और पगलादिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार,असम के 16 जिलों में 4.88 लाख से अधिक लोग वर्तमान समय में बाढ़ से प्रभावित हैं**

# दो मालगाड़ियों की टक्कर 13 डिब्बे पटरी से उतरे



एजेंसी

**बाकुंडा (पश्चिम बंगाल) :** जिले के उन्दा इलाके में रविवार तड़के दो मालवाहक रेल गाड़ियों की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तेरह डिब्बे पटरी से उतर गए। इस घटना से इलाके में अफरा-तफरी मच गयी। मिली जानकारी के अनुसार तड़के करीब सवा चार बजे उन्दा रेलवे स्टेशन पर लूप लाइन पर खड़ी एक माल गाड़ी को दूसरी मालगाड़ी ने टक्कर मार दी। इसके कारण दोनों मालवाहक गाड़ियों के तेरह डिब्बे पटरी से उतर गए। टक्कर की तेज आवाज सुनकर स्थानीय लोग दौड़कर आए। उन्होंने चालक को बचाया। बताया जा रहा है कि उन्हें मामूली चोटें आई हैं।हादसे को लेकर सवाल खडे होकर रहे हैं। सबसे बडा सवाल यह है कि मालगाड़ी एक लाइन पर खड़ी होने के बावजूद दूसरी मालगाड़ी कैसे आ गई? घटना भुवनेश्वर में कोरोमंडल एक्सप्रेस में हुए हादसे की याद दिलाता है।घटना के कुछ ही देर बाद दक्षिण पूर्व रेलवे के आद्रा डिवीजन के डीआरएम मनीष कुमार ने घटनास्थल का दौरा किया।

उन्होंने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी गयी है। प्रारंभिक तौर पर यही लग रहा है कि गलती ड्राइवर की है। दो मालवाहक गाड़ियों की टक्कर से गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गयी है। इसके अलावा लाइन का सिग्नल और प्लेटफार्म को भी नुकसान पहुंचा है। घटना के कारण दक्षिण पूर्व रेलवे की आद्रा खड़गपुर शाखा में ट्रेनों की आवाजाही बाधित हो गई, शाम को ट्रेनों की आवाजाही कुछ हद तक सामान्य हो सकी।

# बोकारो व दुमका में जल्द शुरू होगी हवाई सेवा

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** राज्य के दो जिलों बोकारो और दुमका में जल्द ही हवाई सेवा शुरू होगी।

बोकारो और दुमका एयरपोर्ट के निर्माण का काम पूरा हो गया है। बोकारो एयरपोर्ट में विमान के आवागमन को लेकर बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन से कहा गया कि वह डीजीसीए से लाइसेंस के लिए आवेदन करें।

साथ ही दुमका एयरपोर्ट से परिचालन के लिए झारखंड सरकार से पत्र लिख कर डीजीसीए से लाइसेंस के लिए आवेदन करने को कहा गया है। इस संबंध में एयरपोर्ट निदेशक केएल अग्रवाल ने बताया कि बोकारो के साथ दुमका से भी उड़ान शुरू हो जायेगी।

इसके लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एएआई) प्रयासरत है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से भी इस संबंध में निर्देश प्राप्त हुआ है। देश में अन्य जगहों के साथ बोकारो और दुमका में परिचालन शुरू करना है।



उन्होंने बताया कि बोकारो एयरपोर्ट पर एटीआर-72 विमान के आवागमन की सुविधा है जबकि दुमका एयरपोर्ट पर 90 सीटर विमान की आवागमन की सुविधा होगी। उल्लेखनीय है कि राजधानी रांची में बिरसा मुंडा और देवघर में एयरपोर्ट है।

बोकारो और दुमका एयरपोर्ट के बाद जमशेदपुर में भी एयरपोर्ट प्रस्तावित है।

# मणिपुर हिंसा : महिलाओं के दबाव में सुरक्षाबलों ने 12 उग्रवादियों को छोड़ा



एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा से निपटना सुरक्षाबलों के लिए कठिन हो रहा है। एक और उपद्रवी तत्व हिंसा फैलाने में लगे हैं, वहीं दूसरी ओर कानून के अनुसार कार्रवाई करने की राह में सुरक्षाबलों को अनेक रुकावटें आ रही हैं। सुरक्षा सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय महिला संगठन जवानों पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगा कर प्रदर्शन कर रही हैं। महिलाओं का आरोप है कि इंफाल पूर्व के कांग्लातोंबी इलाके की महिलाओं ने कांग्लातोंबी बाजार बोर्ड की महिलाओं के साथ कथित दुर्व्यवहार किया। जिसके कारण महिलाओं ने केंद्रीय बलों का मुकाबला किया। यह घटना कांग्लातोमबी ब्रिज और कांग्लातोम्बी बाजार बोर्ड के बीच हुई।सूत्रों के अनुसार, कैप्टन मनिंगबा के नेतृत्व में मोटबुंग में तैनात केंद्रीय बलों की एक टीम कांगलातोम्बी पहुंची और मैतेई आवासों की तलाशी शुरू कर दी। आरोप लगाया गया है कि लगभग 15 कर्मियों की सुरक्षा बलों की एक टीम कांग्लातोंबी पहुंची, लेकिन केंद्रीय बलों को देखकर आसपास के इलाके से बड़ी संख्या में ग्रामीण जुट एकत्र हो गए और सुरक्षाकर्मियों को वहां से लौट जाने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि कम आबादी का फायदा उठाते हुए केंद्रीय बल कुकी उग्रवादियों के साथ मिलकर इलाके में मैतेई समुदाय को निशाना बना रहे हैं।सुरक्षा बलों ने रविवार की सुबह इंफाल में तलाशी अभियान शुरू किया था। रक्षा सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2015 के डोगरा हमले के छह मामलों का मास्टरमाइंड स्वयंभू लेफ्टिनेंट कर्नल मोइरांगथेम तम्बा उर्फ उत्तम समेत 12 उग्रवादियों को पकड़ लिया था, लेकिन महिलाओं और स्थानीय नेताओं के नेतृत्व में तकरीबन 13 सौ से 15 सौ लोगों की भीड़ ने उन्हें घेर लिया और भीड़ के दवाब में 12 केवाईकेएल उग्रवादियों को रिहा करना पड़ा।प्रवक्ता के अनुसार, महिलाओं के नेतृत्व वाली भीड़ के विरुद्ध बल प्रयोग करने से बचते हुए सभी 12 कैडरों को स्थानीय नेताओं के हवाले कर दिया गया।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने स्थानीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम के जरिए कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

# देवघर में 26 को जल समस्या पर मंथन करेंगे जलपुरुष राजेन्द्र सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

**देवघर :** प्रख्यात पर्यावरणविद और जलसंरक्षण पर 46 वर्षों से कार्य कर रहे वाटरमैन ऑफ इंडिया के नाम से मशहूर राजेन्द्र सिंह 26 जून को देवघर आएंगे। इस दौरान वह पानी पंचायत नामक कार्यक्रम में शामिल होंगे। पानी पंचायत कार्यक्रम का संयोजन संप चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज देवघर कर रहा है। कार्यक्रम के संयोजक संप चैम्बर के अध्यक्ष आलोक मल्लिक ने बताया कि जलपुरुष के साथ 26 जून को देवघर के शिल्पग्राम ऑडिटोरियम नंदन पहाड़ में आयोजित विशाल पानी पंचायत देवघर की जनता और संगठनों के सामूहिक मंच से होगा। इसमें जिले के सभी पंचायत जनप्रतिनिधि,



जिला परिषद सदस्य, बीस सूत्री सदस्य, राजनैतिक दल प्रतिनिधि, सभी स्वयंसेवी और सामाजिक संगठन के साथ ही जिले के प्रबुद्धजन एक साथ बैठकर जलपुरुष से सीधे संवाद करेंगे।

# मां शारदा सेवा समिति चैनपुर ने मूर्ति पूजन का रखा कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद चौक शाहपुर में स्वामी विवेकानंद की मूर्ति पूजन का कार्यक्रम रखा गया जहां स्वामी विवेकानंद की मूर्ति की आरती समिति के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय ने कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समिति के अध्यक्ष ने कहा निगम द्वारा पुरानी मूर्ति को हटाकर नया आदम कद मूर्ति स्थापित तो कर दिया गया लेकिन मूर्ति स्थापित करने के बाद मूर्ति पूजा नहीं किया गया जिसे आज कर पूर्ण कर लिया गया द्य माल्यार्पण मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने की । प्रथम महापौर ने इस अवसर पर कहा निगम द्वारा निर्मित स्वामी विवेकानंद के नाम यह चौक जिसका उद्घाटन मेरे कार्यकाल में ही किया गया था आज लोग वहां पूजा अर्चना कर रहे जिसकी मुझे बेहद खुशी है इसी तरह हर चौक चौराहे पर सभी विभूतियों को सम्मान मिलना चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा इस चौक के रखरखाव में किसी भी तरह कोई कमी नहीं होगी समिति को कहीं भी किसी चीज की आवश्यकता हो तो बेझिझक मुझसे मिले । निगम ने अन्य चौक चौराहों की तरह इस चौक को भी बहुत खूबसूरत ढंग से बनाया है जहां लोग रात को 12 बजे भी सेल्फी लेते नजर आते। कुछ दिन पूर्व इस चौक पर भी ठंडे पानी का आरो प्लांट निगम द्वारा लगाया गया जहां राहगीरों को शीतल जल मिले। प्रथम महापौर ने कहा इसकी सुरक्षा स्थानीय लोगों को ही करनी है क्योंकि इसका उपयोग आप सभी करेंगे द्य इस अवसर पर इस समिति के संरक्षक बिहारी प्रसाद, व्यास मुनि त्रिपाठी, मानस कुमार अड्डी, केएस भट्टाचार्य अंकित दत्ता धीरज जायसवाल, भोला प्रसाद, विजय चंद्रवंशी, चंचला देवी, प्रमिला देवी, अनीशा खातून तथा काफी संख्या में लोग मां शारदा समिति द्वारा आयोजित पूजा में उपस्थित थे।

# भाजपा ने नगर पंचायत क्षेत्र में चलाया महाजनसंपर्क अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज :** भाजपा के नौ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न जगहों पर रविवार को महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। जिसका नेतृत्व भाजपा मंडल अध्यक्ष बलू बलराम ने किया। इस दौरान सतगावां, डाकबंगला, कुम्हार पट्टी, धोबी मुहल्ला, पुराना पोस्ट ऑफिस आदि मुहल्ले में महाजनसंपर्क अभियान चलाकर भाजपा कार्यकर्ता लोगों से रूबरू हुए तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य टंटु मिश्रा अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष सतेंद्र पासवान, अशोक सिंह, संतोष शौण्डिक, मनोज सोनी, करण राजवीर, तुषार गुप्ता, भाजयुमो उपाध्यक्ष छोटु सिंह, शशी कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष अरविन्द पासवान, कारु कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अनुपमा देवी, पवन शौण्डिक, विक्की विश्वकर्मा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हृदयगति रुकने से जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष की मौत, बाजार में छाया मातम



**नौडीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौडीहा बाजार प्रखंड के मुख्य बाजार के निवासी महेश जायसवाल की हृदयगति रुकने के कारण आज सुबह 5 करीब बजे मौत गई। श्री जायसवाल ने अपने बड़े पुत्र के पास उत्तर प्रदेश के रेणुकूट अपने पैतृक गाँव से विगत बुधवार को गए थे। दिवगंत प्राणी ने अपने पीछे दो होनहार पुत्र और एक पुत्री के आलावा भरा पूरा परिवार छोड़ गए। आज उनकी अंतिम दाह संस्कार मोरहर नदी के तट पर किया गया। अंतिम दाह संस्कार मे सांसद प्रतिनिधि अमरेश कुमार श्रीवास्तव ,जदयू के जिला अध्यक्ष श्री राज नारायण पटेल, मुखिया प्रतिनिधि अलोक यादव,पंचायत समिति प्रतिनिधि राज किशोर विश्वकर्मा, बजरंगी प्रसाद गुप्ता, रंजन जायसवाल सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता शामिल रहे।

# बिजली तार की चपेट में आने से युवक की मौत



**छत्तरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना अंतर्गत बिजली करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार जन वितरण प्रणाली का अनाज छतरपुर ट्रक से लेकर ग्राम सहरसवा में जनवितरण प्रणाली के डीलर रामसरूप साव के पास गया था एफसीआई गोदाम के चावल उतारने के क्रम में छतरपुर बारा ग्राम निवासी पप्पू भुईया 35 वर्षीय 11 हजार की करंट की चपेट में आ गया जिसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों एवं समाजसेवी अरविंद गुप्ता के नेतृत्व में नौडिहा बाजार छतरपुर रोड को जाम कर दिया और बिजली विभाग की लापरवाही तथा 25 लाख रुपए मृतक के परिजनों के मुआवजा देने की मांग किया। घटनास्थल पर छत्तरपुर थाना पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई में जुटी।

# भाकपा के कार्यकारी जिला सचिव व अंचल ने मजदूरों पर हुये लाठीचार्ज की निंदा की

**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के कार्यकारी जिला सचिव रामेश्वर प्रसाद अकेला व अंचल सचिव गोपाल यादव ने भवनाथपुर लाइमस्टोन व तुलसी दामर डोलोमाइट खदान को चालू कराने की मांग को लेकर बोकारो पहुंचे मजदूरों पर हुये लाठीचार्ज की कड़ी निंदा किया है.नेताओं ने कहा है कि बेरोजगारी की समस्या से लोग परेशान है.रोजी रोटी की तलाश में ग्रामीण मजदूर व नवजवान पलायन करने को विवश हैं। ऐसी स्थिति में खदान का बन्द रहना हजारों लोगों के पेट पर लात मारना है। नेताओं ने मजदूरों पर हुये लाठीचार्ज की निंदा करते हुये सरकार से उक्त दोनों खदान को खोलने के लिये आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी आगामी 30 जून को अनुमंडल कार्यालय के समक्ष खदान चालू कराने की मांग को लेकर महापंचायत करेगी।

# पिपरा में मुख्य पथ से कॉलेज तक सड़क निर्माण का हुआ शिलान्यास

## सड़क से विद्यार्थियों व आम लोगों को होगा लाभ : अजीत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरा :** पिपरा में मुख्य पथ से मुनि सिंह इंटर कालेज तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने किया। इस मौके पर हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा के साथ साथ गांव में मूल भूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरा एनसीपी परिवार एकजुटता के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पिपरा के विद्यार्थियों व ग्रामीणों की मांग पर मुख्य पथ से मुनि सिंह इंटर कालेज तक पीसीसी पथ निर्माण कार्य स्वीकृत कराने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात से दूर विकास की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में विधानसभा क्षेत्र हर मामले में अग्रणी रहेगा। सभी का सहयोग आवश्यक है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि सभी गांव में जनहित में विकास के कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में ग्राम सभा के माध्यम से विधायक कोटा की योजनाएं ली जाती हैं। उन्होंने कहा कि जनता को कैसे बेहतर सुविधा मिल सके इसपर पूरा एनसीपी परिवार जुटा है। मौके बीस सूत्री अध्यक्ष मुनि सिंह इंटर कालेज के अध्यक्ष वशिष्ठ सिंह, बबलू सिंह, हरिवंश पासवान, रमेश राम, नागेंद्र सिंह, उदय सिंह, लल्लू जी के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# जेजेए के जिला कमेटी का किया गया पुनर्गठन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की गढ़वा जिला इकाई की एक बैठक शहर के एएसडी प्ले स्कूल में आयोजित की गई। निवर्तमान जिला अध्यक्ष प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पर्यवेक्षक के रुप में जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार चंदेल मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में प्रदीप कुमार चौबे को जिला अध्यक्ष के रूप में चुना गया। जबकि दयाशंकर पाठक, सुनील सिंह और इम्तियाज अंसारी को उपाध्यक्ष, आशीष अग्रवाल को महासचिव, संकेत कुमार श्रीवास्तव, सतेंदर प्रजापति व सोनू कुमार को सचिव, सोनू गुप्ता, श्रवण कुमार पासवान, भूपेंद्र कुमार को सह सचिव, रजनीश कुमार उर्फ बंटी को कोषाध्यक्ष, हेमंत कुमार को सह कोषाध्यक्ष, अरविंद कुमार गुप्ता को संगठन सचिव, मिथिलेश ठाकुर को मीडिया प्रभारी, वसी अहमद को प्रवक्ता, संजय पांडे को प्रदेश प्रतिनिधि व सत्यनारायण मालाकार को केंद्रीय प्रतिनिधि बनाया गया है। इसके अतिरिक्त कार्यकारिणी के रूप में सतीश सिन्हा, संजय गुप्ता, असलम अंसारी, अर्जुन चौधरी, सूरज चंद्रवंशी, राम मनोज मिश्रा, आशीष कुमार, अमरेश उरांव, अमीर हसन, मोहम्मद वारिस अंसारी को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रखा गया है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव एसएस वर्मा ने कहा कि संगठन सुदूर क्षेत्र में काम करने वाले पत्रकार साथियों के लिए लगातार काम कर रहा है। संगठन का मुख्य उद्देश्य सरकार से साथियों को बेहतर सुविधा दिलाने का प्रयास करना है झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने के लिए केंद्र व राज्य सरकार पर लगातार दबाव बनाए हुए हैं। इसके अलावा अन्य राज्यों की तरह पत्रकारों को मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं के लिए भी संगठन लगातार प्रयासरत है। उन्होंने लोगों से एकजुटता प्रदर्शित करते हुए संगठन की मजबूती के लिए काम करने की अपील की। नव चयनित जिला अध्यक्ष प्रदीप चौबे ने कहा कि उन्होंने लगातार पत्रकारों के लिए जिला में काम किया है। आगे भी उनका प्रयास रहेगा कि संगठन से जुड़े सभी साथियों को इस पेशे में मान सम्मान मिलता रहे। जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार चंदेल ने कहा कि गढ़वा जिला के साथी पूरे राज्य में अपनी एक अलग पहचान के साथ संगठन से जुड़े हुए हैं। इनके कार्यों की चहुंओर प्रशंसा होती है।

# मेदिनीनगर में डिजनी लैंड मेला का शुभारंभ



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पलामू जिला मुख्यालय डाल्टनगंज के रेड़मा चौक के समीप मेयर प्रत्याशी मनोज सिंह, ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह और टिओपी टू के प्रभारी रूद्रानंद सरस के द्वारा शनिवार की रात रेडमा चौक के पास बीसीसी मिशन ग्राउंड में संयुक्त रूप से फीता काटकर डिजनीलैंड मेला का शुभारंभ किया गया। डिजनीलैंड मेले में लोगों के मनोरंजन के लिए तरह-तरह के झूले लगाए गए हैं. यहां बच्चों के लिए वॉटर बोट, मिक्की माउस, जंपिंग, रेल, झूला लगाया गया है. जबकि, बड़ों के लिए ड्रैगन, नाव, ब्रेक डांस, बड़ा झूला लगाया गया है।मेले के आयोजक पंकज कुमार ने बताया कि बिहार के हाजीपुर से यह सभी झूले पलामू आये हैं. यहां डिजनीलैंड मेला लगाने के लिए वो कई महीनों तक गूगल पर अच्छी जगह की तलाश करते रहे थे. गूगल पर ही उन्हें बीसीसी मिशन ग्राउंड मिला जहां उन्होंने यह डिजनीलैंड मेला लगाया है. मेले में महिलाओ के लिए मीना बाजार लगाया गया है जहां देश के अलग-अलग जगहों से आकर्षक सूट व साड़ियां देखने को मिलेंगी. डिजनीलैंड मेले में हैंडीक्राफ्ट के स्टॉल भी लगाए जा रहे हैं. साथ ही, लोगों के मनोरंजन के लिए यहां तरह-तरह के झूले लगाए गए है।पंकज ने बताया कि बड़े झूले की सवारी का दाम 60 रुपये है. ब्रेक डांस की सवारी के लिए 60 रुपये. वहीं, नाव के लिए 50 रुपये, ड्रैगन के लिए 50 रुपये दाम है. बच्चों की वॉटर बोट के लिए 30 रुपये व अन्य झूले के लिए 20 रुपये चार्ज है।

# नई शिक्षा नीति से पढ़ाई हो रही है महंगी : रुचिर तिवारी




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की जिला कमेटी की बैठक कामरेड समसुद्दीन अंसारी की अध्यक्षता में हुई। संचालन जिला सचिव रुचिर कुमार तिवारी ने किया। बैठक में सर्वप्रथम ग्राम हरैया के कामरेड मरछी देवी एवं पिछले दिनों भीषण ट्रेन दुर्घटना मौत हुई लोगों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर गहरा शोक व्यक्त किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला सचिव रुचिर तिवारी ने कहा कि आज केंद्र सरकार की जनविरोधी कॉरपोरेटपक्षी नीतियों के कारण महंगाई दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है नई शिक्षा नीति के कारण पढ़ाई भी महंगी हो गई। वही इस भीषण गर्मी के महीने में नगर निगम में नियमित रूप से पानी की सप्लाई भी नहीं हो रही है निगम क्षेत्र में खराब पड़े चापाकल का मरमती अभिलंब होनी चाहिए। निगम में सभी बड़े तालाबों का अतिक्रमण मुक्त कर गहरीकरण करने की आवश्यकता है, जिले में भूमि हदबंदी कानून को ताक पर रखकर फर्जी रूप से आदिवासी खाता के जमीन का भी गैर आदिवासियों के नाम ट्रांसफर हो रहा है। परंतु पदाधिकारी मौन व्रत धारण किए हुए हैं। वही छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम के तहत पलामू उपायुक्त को विशेष अधिकार प्राप्त है लेकिन उन अधिकारों का इस्तेमाल वे दलितों एवं आदिवासियों के हित में नहीं कर बड़े लोगों के हित में कर रहे हैं। यही हाल बालू घाट के नीलामी करने में पलामू उपायुक्त ने किया जिसका खामियाजा व्यवसाई एवं मजदूर वर्ग के लोग भुगत रहे हैं।

# मंत्री मिथिलेश का प्रयास और मंत्री गडकरी की संवेदनशीलता से मिली सफलता : धीरज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि केंद्रीय राष्ट्रीय राजमार्ग एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी कि संवेदनशीलता एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के लगातार प्रयास से अचला में फ्लाईओवर निर्माण की सहमति बनी है। इसके लिए मंत्री श्री गडकरी एवं मंत्री श्री ठाकुर का गढ़वा वासियों की ओर से वे आभार व्यक्त करते हैं। इस कार्य में मंत्री श्री ठाकुर का प्रयास रंग लाया है। उन्होंने कहा कि मंत्री श्री गडकरी ने देश के संवेदनशील नेता के रूप में बड़ी पहल करते हुए मानवता को प्राथमिकता दिया है। इन्होंने दल व राजनीति से ऊपर उठकर जनता की भावनाओं को प्राथमिकता दिया है। इनके विचारों से देश और मजबूत व एकजुट होगा। यहां के कुछ स्थानीय नेता अब भी रुकावट डालने का भरपूर प्रयास कर रहे हैं। भगवान वैसे लोगों को सद्बुद्धि दें। गढ़वा **सदर मदनी खान उर्फ जैनुल आबेदीन खान** ने कहा है कि अचला कब्रिस्तान पर फ्लाईओवर निर्माण की सहमति में मंत्री मिथिलेश ठाकुर के लगातार प्रयास एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की ईमानदार प्रवृत्ति एवं निष्पक्ष सोच से ही सफलता मिली है। मंत्री श्री गडकरी स्वच्छ छवि के हर दिल अजीज नेता हैं। उन्होंने हम सभी की मांगों पर सहानुभूति पूर्वक विचार किया। इसके लिए वे गढ़वा जिले के समस्त मुसलमानों की ओर से दोनों मंत्रियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि बाईपास का सीमांकन पूर्व में कब्रिस्तान के बाहर से किया गया था, परंतु कुछ लोगों ने अपनी राजनीतिक लाभ के लिए मैप में बदलाव करा कर निर्माण कार्य को पेंचीदा बना दिया। इस कार्य में सफलता का पूरा श्रेय मंत्री श्री गडकरी की विचारधारा एवं मंत्री श्री ठाकुर के प्रयास का है। इसमें गढ़वा के दोनों समाज के लोगों का भरपूर प्रयास रहा है। इस निर्णय से मैं दोनों मंत्रियों का भक्त हो हो गया हूं। इनकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। गढ़वा बाईपास सड़क निर्माण की अंतिम बाधा दूर करते हुए अचला कब्रिस्तान के समीप फ्लाईओवर निर्माण की स्वीकृति से मुस्लिम समुदाय एवं अन्य लोगों में काफी हर्ष है। इसके लिए लोगों ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का आभार व्यक्त किया है। साथ ही लोगों ने केंद्रीय मंत्री श्री गडकरी को काफी संवेदनशील व हर दिल अजीज मंत्री तथा मंत्री श्री ठाकुर को धुन का पक्का व काम के प्रति ईमानदार बताया है।

# भाजपा के तत्वावधान में किया गया लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित पुरैनी पंचायत भवन परिसर में भाजपा के तत्वावधान में रविवार को लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया.कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही व उपस्थित नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। लाभार्थी सम्मेलन में लोगों को संबोधित करते हुए श्री शाही ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने का काम किया है.उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार में जब एक रुपए दिल्ली से चलता था तब पंद्रह पैसे गांव तक पहुंचता था. केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जन धन योजना के तहत करोड़ो लोगो के बैंक खाते खुलवाने का काम किया. आज उन्हें खातों के माध्यम से शत प्रतिशत धनराशि बिना बिचौलिए के सीधे लाभार्थी तक पहुंचाई जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था, गरीबी तो नहीं हटी लेकिन गरीब जरूर हट गये। उन्होंने कहा कि जय जवान जय किसान का नारा देने वाली कांग्रेस सरकार शहीदों का स्मारक तक नहीं बनवा सकी। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकार को समाज से जोड़ने का काम किया है. स्वच्छ भारत मिशन, महिला सशक्तिकरण ने आंदोलन का रूप ले लिया है. जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तो मुख्यमंत्री ने सबको सुरक्षा एवं सम्मान देने का काम किया था,लेकिन इस हड़िया सरकार में जातिवाद तुष्टीकरण अपराध चरम पर है. भाजपा जो कहती हैं वह करती हैं. लोगों को रोजगार से जोड़ने एवं आत्मनिर्भर बनाने का जो ऐतिहासिक कार्य हुआ है वह एक मिसाल है। उन्होंने जनसमूह से 2024 के चुनाव में पुनः नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए भाजपा को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा की महाभारत के चक्रव्यूह की तरह सभी सियासी दल एक होकर मोदी के विरोध में चक्रव्यूह रच रहे हैं उस चक्रव्यूह को तोड़ने का काम आप लोगो को करना है। कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पांडेय ने केंद्र सरकार के द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि देश के प्रधानमंत्री किसानों नौजवानों सभी वर्गों के लिए काम किया है। भाजपा सरकार आने के बाद व्यवस्था बदली है किसानों को जो सम्मान और हक मोदी जी ने दिया वह इसके पहले किसी सरकार में नहीं मिला. 70 साल तक देश में भ्रष्टाचार होता रहा लेकिन प्रधानमंत्री की कुर्सी पर मोदी के बैठते ही व्यवस्था बदली है. कार्यक्रम को जिला एससी मोर्चा अध्यक्ष लक्ष्मण राम, कार्यक्रम प्रभारी मुकेश चौबे, शारदा महेश प्रताप देव, शिवधारी राम, लवली आनंद ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवम संचालन नगर मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क ने किया। धन्यवाद ज्ञापन वार्ड पार्षद ललिता देवी ने की। कार्यक्रम में विभिन्न गांवो से उपस्थित सभी लाभार्थी एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 9 वर्षों का कार्यकाल रहा है स्वर्णिम काल : चंद्रवंशी

## नरेंद्र मोदी ने व्यक्ति नहीं शक्ति के रूप में बनाई है पहचान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** 9 वर्षों में मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास कार्य कर वैश्विक स्तर पर भारत की अलग पहचान बनाई है। स्वच्छता अभियान, जल जीवन मिशन व प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं के माध्यम से आम जनता को सीधा लाभ मिला है। कल तक हमारे देश की गिनती पिछड़ा देश के रूप में की जाती थी। लेकिन आज विकसित देशों की श्रृंखला में होने लगी है। नरेंद्र मोदी व्यक्ति नहीं एक शक्ति के रूप में अपनी पहचान बनाई है। उक्त बातें विश्रामपुर विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा वे रविवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार का 9 साल का कार्यकाल बेमिसाल रहा है। मोदी के नौ साल सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों के लिए सदैव याद रखा जाएगा। 140 करोड़ देशवासियों का मुफ्त टीकाकरण सेवा का सबसे बड़ा कार्य है, देश में दंगों में कमी आना, कश्मीर जैसे राज्य से आतंकवाद का सफाया होना और केंद्र सरकार पर नौ साल में भ्रष्टाचार का एक भी आरोप नहीं लगना सुशासन की मिसाल है। देश के 80 करोड़ लोगों को तीन वर्ष से मुफ्त राशन उपलब्ध कराना गरीब कल्याण का सबसे बड़ा काम है। मोदी ने सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया। 11 करोड़ किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि के रूप में प्रतिवर्ष राशि सीधे ट्रांसफर करना, तीन करोड़ प्रधानमंत्री आवास चालीस करोड़ मुद्रा लोन, दस करोड़ एलपीजी कनेक्शन, तीन करोड़ घरों में बिजली पहुंचाना, बारह करोड़ शौचालय, बारह करोड़ नल से घर तक जल पहुंचाना जैसे काम 37 करोड़ लोगों को आयुष्मान स्वास्थ्य बीमा की सुरक्षा प्रदान करना, किसानों को फसल बीमा उपलब्ध कराना, एमएसपी दो गुना से अधिक करना, खाद सब्सिडी में तीन गुना वृद्धि इत्यादि ऐसे कार्य हैं जो पिछले 60 सालों में नहीं हुए थे वो नौ वर्ष में मोदी ने कर दिखाया। चंद्रवंशी ने अपने कार्यकाल की चर्चा करते हुए कहा कि विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों के लिए 1650 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं। जिसमें विधानसभा क्षेत्र में 54 से अधिक सड़क का निर्माण कार्य कराया गया। वही विद्युत सबस्टेशन का निर्माण कार्य कराए गए। जिनमें नावाडीह, नवा बाजार, पतरिया, तोलरा, उंटारी रोड, कजरू कला गांव शामिल है। विधानसभा क्षेत्र में 13 पुल-पुलिया का निर्माण कराया गया है?। जो आज वरदान साबित हो रहा है। वहीं पांच भवन निर्माण विभाग से प्रखंड व पंचायत भवन का निर्माण कार्य कराया गया। स्वास्थ्य मंत्री रहते उनके द्वारा अनुकरणीय कार्य किया गया, 9 स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया जो एक बड़ी उपलब्धि से कम नहीं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र की दर्जनों प्राथमिक विद्यालय मध्य विद्यालय में कराया गया। वहीं मध्य विद्यालय को उच्च विद्यालय में प्रोन्नत कराई गई। इतना ही नहीं उच्च विद्यालय में प्लस टू की पढ़ाई की व्यवस्था के साथ-साथ अपने विश्वविद्यालय में स्कूल से पीएचडी तक की पढ़ाई की व्यवस्था की। साथ में इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज की व्यवस्था कर दी गई।

**संक्षिप्त खबरें**

## श्री कृष्ण प्रणामी महिला समिति ने किया निशुल्क भंडारे का आयोजन

**रांची।** पूर्णब्रह्म परमात्मा की अपार कृपा श्री राज श्यामा जी महाराज एवं संत शिरोमणी श्री श्री 1008 स्वामी सदानंद जी महाराज के आशीर्वाद से प्रणामी समाज के सेवाभावी सदस्यों के सहयोग से अभी तक 92 नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का सफलता पूर्वक वितरण कर सफल संचालन किया जा चुका है। 93 वें नि:शुल्क श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन श्री कृष्ण महिला समिति के सदस्या एवम गुरु महाराज के परम भक्तिभावी शिष्यों और उनके परिवार के सौजन्य से किया।अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा के महान कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, पुर्णमल सर्राफ,शिव भगवान अग्रवाल,ओमप्रकाश सरावगी, सज्जन पाडिया,नन्द किशोर चौधरी, ज्ञान प्रकाश शर्मा, मनीष सोनी,चन्द्रदिप साहु, धीरज कुमार गुप्ता,परमेश्वर साहु, महेश वर्मा महिला समिति की वरिष्ठ सदस्या बिमला जालान,चन्दा देवी अग्रवाल,संतोष देवी अग्रवाल एव इनके अलावा संस्था के और भी बहुत से सदस्य उपस्थित थे।

## जीत कुने डो ग्रेडिंग सम्पन्न

**रांची।** झारखंड जीत कुने डो के तत्वावधान में कलर बेल्ट ग्रेडिंग सम्पन्न हुआ द्य यह ग्रेडिंग हटिया स्थित निफ़्ट में आयोजित की गई है जो जीत कुने डो कि प्रशिक्षण का मुख्य स्थल हैद्य इस कार्यक्रम में 103 बच्चों का बेल्ट टेस्ट संघ के अध्यक्ष गुलाम अब्दुल क़ादिर तथा महासचिव सिफु बिस्वजीत कर्माकर द्वारा लिया गया द्य इस मौक़े पर संस्था के अन्य पदाधिकारी एस के मित्रा तथा सहायक प्रशिक्षक के तौर पर नितेश कुमार, लखन उराँव,अशफ़ाक रविराज,आकाश कुमार मधु किसपोट्टा आदि उपस्थित थे।

# रांची : बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार से नौ बंदी रिहा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद के निर्णय पर नौ कैदियों को होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (जेल) से रविवार को रिहा किया गया। रिहा होने वाले बंदियों को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, होटवार के अधीक्षक हामिद अख्तर और जेलर मो. नसीम अहमद ने अच्छे जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।इनमें सिमडेगा के ठेठईटांगर निवासी सेलेस्टीन डुंगडुंग(74), बानो निवासी शिव स्वांसी (40) , कुरडेग निवासी बैसाखु मांझी (39), कोचेडेगा निवासी रामू प्रधान (51) , गुमला के महावीर बड़ाईक(36), गुमला के सोसो महली टोली निवासी माठु महली उर्फ मंटू महली(38), गढ़वा के नगर ऊंटारी निवासी रामचंद्र साव(58) , खूंटी के कर्रा निवासी बेरनाथ धान उर्फ दाउद धान (41) और लातेहार के महुंआडांड़ निवासी किनवा मुंडा (38) शामिल हैं। जिन बंदियो को रिहा किया गया, उनमें सभी कैदी हत्या मामले में सजा काट रहे थे।

रिहा होने के बाद बंदियों को भगवान की मूर्ति स्मृति चिन्ह के रूप में दी गयी। साथ ही एक धार्मिक, महापुरुषों की जीवनी से संबंधित पुस्तक, उनका पासबुक, प्रमाण पत्र दिया गया। रिहा होने वाले बंदियों में दो बंदी कपड़ा, एक बंदी कंबल, दो बंदी टेलरिंग, एक बंदी पहरा ड्यूटी तथा तीन लोग सफाई का काम करते थे।

रिहा होने के पहले उन कैदियों को आर्ट ऑफ लिविंग के पीएन सिंह ने काउंसिलिंग किया। उल्लेखनीय है कि राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक के पहले उन बंदियों के सारी जानकारी संबंधित जिला के उपायुक्त, थाना और गांव के मुखिया आदि से ली जाती है। इसके बाद तय होता है कि उसे रिहा करने से वह गांव एवं शहर में फिर से किसी प्रकार आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं होगा। जेल से रिहा होने के पहले उक्त कैदियों से शपथ लिया जाता है कि वह अपना आचरण अच्छा रखेंगे।

# यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण को लेकर चार दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पोस्को एक्ट अपराध अनुसंधान विभाग झारखंड पुलिस के द्वारा खेल गांव स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विभाग मे यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम पोस्को 2012 के मेडीका और लीगलद्य पहलुओं पर चार दिवसीय गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का शुभारंभ हुआ।इस कार्यक्रम में चिकित्सकों, बाल कल्याण समिति एवं न्यायपालिका के सदस्य और अध्यक्ष के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि न्यायाधीश किशोर न्याय सह पोस्को समिति आईएएस वंदना डाडेल, झारखंड उच्च न्यायालय प्रधान सचिव गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग झारखंड सरकार उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण अधिनियम के विभिन्न आयामों और उन पहलुओं पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा विस्तृत रूप से विचार रखा गया एवं इस अधिनियम के तहत किस प्रकार से सामाजिक परिवेश में क्रियान्वयन हो इसके बारे में भी बतलाया जाएगा।

### क्या पोक्सो एक्ट

पोक्सो यानी प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंस एक्ट। इस कानून को 2012 में लाया गया था, ये बच्चों के खिलाफ होने वाले यौन शोषण को अपराध बनाता है। ये कानून 18 साल से कम उम्र के लड़के और लड़कियों, दोनों पर लागू होता है. इसका मकसद बच्चों को यौन उत्पीड़न और अश्लीलता से जुड़े अपराधों से बचाना है।

इस कानून के तहत 18 साल से कम उम्र के लोगों को बच्चा माना गया है और बच्चों के खिलाफ अपराधों के लिए कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। पोक्सो कानून में पहले मौत की सजा नहीं थी, लेकिन 2019 में इसमें संशोधन कर मौत की सजा का भी प्रावधान कर दिया। इस कानून के तहत उम्रकैद की सजा मिली है तो दोषी को जीवन भर जेल में ही बिताने होंगे। इसका मतलब हुआ कि दोषी जेल से जिंदा बाहर नहीं आ सकता।

### सख्त है सजाएं

यदि कोई व्यक्ति 16 साल से कम उम्र के बच्चे के साथ पेनेट्रेटिव सेक्सुअल असॉल्ट का दोषी पाया जाता है तो उसे 20 साल की जेल लेकर उम्रकैद तक की सजा हो सकती है। इस मामले में उम्रकैद यानी जब तक जिंदा है, तब तक जेल में रहना होगा। इसके अलावा दोषी व्यक्ति को भारी जुर्माना भी चुकाना होगा। अगर कोई व्यक्ति बच्चों से जुड़ी पोर्नोग्राफी का कमर्शियल इस्तेमाल करता है तो पहली बार दोषी पाए जाने पर 3 से 5 साल की जेल या जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। दूसरी बार दोषी पाए जाने पर 5 से 7 साल की जेल या जुर्माना या दोनों की सजा का प्रावधान है।

## योग्य मित्र मंडल रांची का मासिक सत्संग मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** योग्य मित्र मंडल रांची का मासिक सत्संग आशा वर्मा भक्ति सुमन एवं सुधीर कुमार वर्मा ज्ञान तत्व के शिवगंज हरमू रोड रांची स्थित आवास में मनाया गया । इस अवसर पर योग्य मित्र मंडल रांची के अध्यक्ष आरके कटारिया एवं अन्य पदाधिकारी सदस्य एवं भक्तों उपस्थित थे। ध्यान कक्षा का संचालन आदित्य सिंह ने किया एवं अजपा योग का अभ्यास परिणीता द्वारा कराया गया। योग मित्र मंडल रांची अपनी गुरूपरंपरा के ऋषियों स्वामी शिवानंद ऋषिकेश स्वामी सत्यानंद रिया देवघर एवं निरंजनानंद बिहार योग विद्यालय मुंगेर के आदेश के अनुसार संचालित एक लोक कल्याणकारी संस्था है।

## प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विवि में मातेश्वरी जगदंबा की पुण्यतिथि मनी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** रांची के पिठौरिया स्थित प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में रविवार को प्रथम प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा सरस्वती की पुण्य तिथि मनायी गयी। मौके पर आश्रम की संचलिका बी के राजमती ने कहा कि हम हर कार्य को एक सार्थक और बेहतर जीवन जीने के लिए कर सकतें हैं।उन्होंने जीवन में सुख शांति की अनुभूति और अपने कर्म को श्रेष्ठ बनाने के लिए संस्था की ओर से सिखाए जा रहे आध्यात्मिक ज्ञान को जीवन में धारण करने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि यज्ञ रक्षक मातेश्वरी जगदंबा ने इस धरा पर युगांतकारी परिवर्तन का संवाहक बनकर हजारों आत्माओं को मानस पटल पर परमपिता शिव के ईश्वरीय ज्ञान की जो अमिट छाप लगाई है, वह वर्तमान समय में लाखों मनुष्य आत्माओं के जीवन को आलोखिक कर रहा है। इस प्रकार मातेश्वरी जगदंबा के रूप में परमात्मा ने इस संसार में ब्रह्मा वत्सो तथा लाखो मनुष्य आत्माओं को मातृत्व की सुखद आंचल की छत्र छाया की पालना करके अपने ममता छाई स्वरुप को प्रकट किया है। ऐसे महान विभूति के पुण्य स्मृति दिवस पर हम सभी दिव्य गुणों को धारण करने पर विशेष संकल्प करेंगे।

इस अवसर पर सभी लोगों ने माता के तस्वीर पर माल्यार्पण और श्रद्धा सुमन अर्पित कर जीवन में दिव्य गुणों को धारण करने का संकल्प लिया।

## टाइम ऑफ डे टैरिफ सिस्टम के तहत आएगा बिजली बिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** अब दिन में बिजली का बील कुछ और आयेगा और रात में कुछ और ।

हां बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार देश में अब बिजली बील तय करने के लिए नया नियम लागू करने जा रही है। इसके बाद उपभोक्ता दिन के समय में बिजली बिल में 20 फीसदी तक की बचत कर सकते हैं।

लेकिन रात के समय में ग्राहकों 10 से 20 फीसदी तक अधिक बिजली बिल का भुगतान करना पड़ सकता है। इसके लिए बिजली (ग्राहकों के अधिकार) नियम, 2020 में अवश्यक संशोधन कर टाइम ऑफ डे टैरिफ की व्यवस्था लागू की जाएगी।दिन भर एक ही दर पर बिजली बिल देने की जगह उपभोक्ता दिन के अलग-अलग समय के हिसाब से अलग-अलग बिजली के लिए शुल्क देंगे। इस तरह वो अपनी बिजली की खपत को मैनेज कर आसानी से बिजली बिल बचा सकेंगे।

## सेल एमटीआई का सांस्कृतिक संध्या के साथ हीरक जयंती सम्पन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** सेल के प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थान एम.टी.आई. ने 25 जून, 2023 की देर शाम तक अपने सभागार में आयोजित एक भव्य समारोह में अपने कर्मचारियों, परिवार के सदस्यों, अनुबंध श्रमिकों आदि की उत्कृष्ट सांस्कृतिक प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए अपने वार्षिक हीरक जयंती समारोह का समापन किया।इस अवसर पर सेल के निदेशक कृष्णा कुमार सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। आज का समारोह का श्रीगणेश सिंह के करकमलों द्वारा 'डायमंड जुबिली गेट' के उद्घाटन से हुआ। आज का दिन एमटीआई गौरवान्वित हुआ अपने छः भूतपूर्व मुख्य अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति से प्रोफेसर जे.फिलिप, पीडी कपिला, ऐ.के. सिंह, एसडी. त्यागराज, एस.पी. पटनायक तथा मानस पांडा का झारखंडी पारंपरिक विधि से भव्य स्वागत हुआ एम.टी.आई में और उनके विशेष भ्रमण कार्यक्रम में उनको संस्था की वर्तमान कक्षाओं, प्रयोगशालाओं, उपलब्धियों एवं सुविधाओं से अवगत कराया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का आयोजन टीम-एम.टी.आई द्वारा संजीव कुमार, कार्यपालक निदेशक , के दिग्दर्शन में हुआ। समारोह में विशिष्ट अतिथि फैसल इमाम, निदेशक , जगदीश अरोरा, कार्यपालक निदेशक, निर्भीक बनर्जी, कार्यपालक निदेशक, आशीष चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक की विशेष उपस्थिति रही। सभा को अपने संबोधन में मुख्य अतिथि के.के.सिंह ने कहा कि एमटीआई के स्वर्णिम इतिहास में आज का दिन एक अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ाव है। सेल प्रबंधन को एम.टी.आई. से काफी उम्मीदें हैं और आशा है कि आगे भी एम.टी.आई सेल का गौरव स्तम्भ बना रहेगा। अपने स्वागत भाषण में संजीव ने एमटीआई के संस्थापकों, वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने एमटीआई +को सेल का गौरव बनाने वाली गरिमामयी परंपराओं को आकार दिया है। उन्होंने अपनी टीम को प्रेरित करते हुए कहा कि आज जरुरत है कि एम.टी.आई. विभिन्न तकनीकी प्रगतियों से उत्पन्न चुनौतियों का त्वरित गति से सामना करने में सक्षम हो।

## रांची के मोरहाबादी मैदान में सेना भर्ती रैली एक जुलाई से



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मोरहाबादी मैदान में एक से नौ जुलाई तक अग्निवीरों की भर्ती होगी।

यह सिर्फ पुरुषों के लिए होगा। इस संबंध में सेना भर्ती कार्यालय के भर्ती निदेशक कर्नल राजेश कुमार ने सूचना जारी की है। इसके मुताबिक राज्य के सभी 24 जिलों के योग्य पुरुष कैंडिडेट सेना भर्ती रैली में शामिल हो सकते हैं।

सामान्य प्रवेश परीक्षा में पास कैंडिडेट के रजिस्टर्ड मेल आईडी पर 12 जून को ही भर्ती कार्यालय द्वारा प्रवेश पत्र दिया जा चुका है। अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पर दी गयी तिथि, समय और बताये गये स्थान पर अपनी उपस्थिति दर्ज करानी है। किसी भी कैंडिडेट को ऑनलाइन जेनरेट किए गये रंगीन प्रवेश पत्र के बिना अनुमति नहीं मिलेगी। विस्तृत जानकारी वेबसाइट www.joinindian-army.nic.in से ले सकते हैं। इसके अलावा सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक सेना भर्ती कार्यालय से भी संपर्क किया जा सकता है।

## तानाशाही कांग्रेस ने सत्ता के लिए देश में आपातकाल थोपा : भाजपा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भारत के लोकतंत्र की रक्षा के लिए घड़ियाली आंसू बहाने वाली कांग्रेस,विदेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिश करने वाली कांग्रेस पार्टी केलिए प्रारंभ से ही सत्ता सर्वोपरि है,देश की सेवा से उसका कुछ भी लेना देना नहीं। यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने सरायकेला स्थित मारवाड़ी धर्मशाला में पार्टी द्वारा आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कही।उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में कांग्रेस को विश्वास नहीं । ये कांग्रेस पार्टी तानाशाही पार्टी है जिसने सत्ता केलिए देश का विभाजन स्वीकार किया।,12जून 1975को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जब इंदिरा गांधी को चुनावी धांधली का दोषी बताते हुए रायबरेली से उनका निर्वाचन रद्द कर दिया और जब सुप्रीम कोर्ट ने भी उच्च न्यायालय के फैसले को बरकरार रखा तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने भारत के संविधान को रौंदते हुए देश में आपातकाल लागू कर दिया।उन्होंने कहा कि ये वही कांग्रेस पार्टी है जिसने आपातकाल लगाकर नागरिक के अधिकार छीन लिए,प्रेस की आजादी छीन ली, लाखों लोग गिरफ्तार कर लिए गए जिसमे सभी वर्ग के लोग शामिल थे।उन्होंने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी लोकतंत्र के रक्षा की दुहाई देती है लेकिन कांग्रेस भारत के संविधान से नही अपने संविधान से देश चलाना चाहती है। जिसमे भ्रष्टाचार का पोषण,संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग, जात पात और तुष्टिकरण जैसे आयाम शामिल है। कांग्रेस पार्टी ने अपने एजेंडे को लागू करने केलिए अनेक बार संविधान का संशोधन किया।

राष्ट्रपति शासन का दुरुपयोग किया ,कैबिनेट के फैसले का अपमान किया फिर कांग्रेस लोकतंत्र की बात करती है।

## मालगाड़ी के डिरेलमेंट की वजह से कई ट्रेनें प्रभावित

**रांची :** आद्रा मंडल में मालगाडी के अवपथन (डिरेलमेंट) की वजह से रांची रेल मंडल से परिचालित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगीं । रविवार को रेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 18036 हटिया - खड़गपुर एक्सप्रेस ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 25 जून को रद्द रहेगी। जबकि ट्रेन संख्या 08695/08696 बोकारो स्टील सिटी - रांची -बोकारो स्टील सिटी पैसेंजर स्पेशल ट्रेन यात्रा प्रारम्भ 25 जून को रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन के मार्ग में परिवर्तन भी किया गया है।

## सरकारी नौकरी मिलेगी जरूरी नहीं, अपने हुनर से भी आगे बढ़ सकते हैं युवा : नौशाद आलम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** वर्तमान समय में युवा-युतियां नौकरी की तलाश में इधर उधर भटक रहे हैं , सरकारी नौकरी में भी आपाधापी मची हुई है, लेकिन इन सब जगह में नौकरी नहीं मिल पाती है तो हताश और निराश होने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने आत्मनिर्भरता से अपनी हुनर के बल पर अपने ही गली- मोहल्ले में किसी भी क्षेत्र का अच्छा रोजगार उपलब्ध कर सकते हैं या किसी के मार्फत से करवा सकते हैं , उक्त बातें ग्रामीण एसपी रांची नौशाद आलम में चर्च रोड स्थित जी फ्रेश मार्ट के उद्घाटन के मौके पर पत्रकारों को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने कहा कि जी फ्रेशमार्ट स्टोर इस क्षेत्र के लिए एक बेहतर सुविधाओं के साथ खुल गया है। यहां पर घरेलू उत्पाद के हर तरह की सामग्रियां उपलब्ध है । लोग इधर-उधर जाने के बजाय अगर यहीं पर आकर एक ही छत के नीचे ने सारी सुविधाएं मिल जाए तो इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। वहीं इस मौके पर मुख्य अतिथि जामताड़ा विधायक सह हज कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर इरफान अंसारी ने कहा कि खुशी होती है युवा अपने पैरों पर खड़ा होकर आत्मनिर्भर बनते हैं तो, इस क्षेत्र में इस तरह का स्टोर खोला गया है, मैं उम्मीद करता हूं कि आप तरक्की करें और कई जगहें इसकी फ्रेंचाइजी लेकर इस दुकान को उपलब्ध करायें। इस मौके पर वार्ड पंद्रह की पार्षद जेरमिन टोप्पो, हुस्ना आरा, नसीम गद्दी, संचालक टोनी, जिम्मी,जिप्पी,नसीम अंसारी, सोएब सिद्दीकी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## डीसी ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** जिनकी उम्र एक जुलाई और एक अक्टूबर को 18 वर्ष पूरा हो रहा है, वे वोटर लिस्ट में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-6 भर कर आवेदन करना होगा। साथ ही जिन मतदाताओं को वोटर लिस्ट से नाम हटवाना है उसके लिए भी जिला निर्वाचन कार्यालय ने ऑप्शन दे दिया है। नाम हटवाने के लिए फॉर्म-7 भर कर जमा करना होगा।

डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने जिले के सभी बीएलओ को निर्देश दिया है कि घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करें और जो नये वोटर हैं, उनका फॉर्म भरवायें। मतदाता में किसी प्रकार की त्रुटि को भी सुधार कर सकते हैं। इसके लिए उन्हें फॉर्म-8 भरना होगा। वर्ष 2014 एवं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में वैसे मतदान केंद्र जहां 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ है, डीसी ने वैसे मतदान केंद्रों की पहचान कर मतदाताओं के बीच मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाने को कहा है।

डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 17 अक्टूबर को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का पब्लिकेशन होगा। इसके बाद विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण की कार्रवाई की जायेगी, जिसमें 17 अक्टूबर से 30 नवंबर तक मतदाता अपना दावा एवं आपत्ति दर्ज करा सकेंगे, जिसका निष्पादन 26 दिसंबर तक कर लिया जायेगा।

इसके बाद पांच जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जायेगा।

**डीसी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 17 अक्टूबर को मतदाता सूची के ड्राफ्ट का पब्लिकेशन होगा।**

## ऑटो चालक ने की लूटपाट, दो हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** बीते रात सदर थाना क्षेत्र के गढ़ा टोली में गीरीडीह निवासी इंतियाज अंसारी के साथ ऑटो चालक ने लुटपाट की घटना को अंजाम दिया है। इंतियाज अंसारी ने इस संबंध में बताया की रात को करीब साढ़े 9 बजे बिरसा चौक से खादगाड़ा बस स्टैन्ड के लिए बैठा था, लेकिन ऑटो चालक ने खादगाड़ा बस स्टैन्ड ना जाकर करीब 2 घटे तक इधर उधर घुमाते रहा। फिर ऑटो गढ़ा टोली में ले जाकर पॉकेट से 1500 रुपये लूट कर अपने दोस्त को दे दिया। लूट पाट के दौरान चिल्लने लगा। हल्ला सुन आसपास के लोग जुट गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ऑटो चालक और उसके भाई को पकड़ लिया। ऑटो चालक की पहचान 35 साल का मो सिरजूल है। वहीं इस घटना में उसका साथ देने वाले की पहचान 25 साल के मो इदुल के रूप में की गई है। दोनों रांची के गढ़ा टोली के रहने वाले है। पुलिस ने इनके पास से 500 रुपये बरामद किए है।

## जिले में कुष्ठ रोग अभियान के तहत 676454 लोगों की हुई जांच, उपायुक्त ने कहा

# कुष्ठ रोग लाइलाज बीमारी नही समय पर इलाज होने से शतप्रतिशत हो सकता है ठीक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** राज्य कुष्ठ निवारण पदाधिकारी के दिशा निर्देश पर पाकुड़ जिले में 15 जून से 28 जून तक चलाए जा रहे कुष्ठ रोग खोज अभियान के तहत 23 जून तक जिले में कुल 676454 लोगों का जांच किया गया। जिसमें 1169 संदेहास्पद कुष्ठ रोगियों की पहचान की गई। जिला कुष्ठ रोग निवारण पदाधिकारी डॉ. एहतेशामउद्दीन ने बताया कि छह प्रखंडों में कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जा रहा है। 23 जून तक पाकुड़ प्रखंड में 249, हिरणपुर प्रखंड में 167, लिट्टीपाड़ा प्रखंड में 130,अमड़ापाड़ा प्रखंड में 220, महेशपुर प्रखंड में 259 एवं पाकुड़िया प्रखंड 144 संदेहास्पद कुष्ठ रोगी की पहचान की गई है. उन्होंने बताया कि वर्त्तमान में पाकुड़ जिला अंतर्गत कुल 206 इलाजरत कुष्ठ रोगी है। जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी व उनकी टीम द्वारा प्रतिदिन विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण किया जा रहा है। एवं सर्वे कार्य में लगे सभी कर्मचारी को आश्वस्त किया जा रहा है कि प्रत्येक व्यक्ति का जांच करना सुनिश्चित करें। उपायुक्त वरूण रंजन ने कहा कि अभियान के तहत घरों में जाकर कुष्ठ रोग के संदिग्ध रोगियों को चिन्हित किया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज मे छिपे हुए नए कुष्ठ रोगियों की खोजन करना और उनका नियमित पूर्ण उपचार करना है। कहा कि समाज में कुष्ठ के संचरण को रोकना एवं कुष्ठ रोग से होने वाली विकलांगता से लोगों को बचाव करना है। कहा कि कुष्ठ रोग लाइलाज बीमारी नहीं है। समय पर पहचान होने और इलाज होने से शत प्रतिशत ठीक हो सकता है।

## हरीगंज में अवैध शराब बिक्री का भंडाफोड़, बीस लीटर देसी शराब जब्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** मुफस्सिल पुलिस ने रविवार को हरीगंज गांव में अवैध शराब बिक्री का भंडाफोड़ किया है। एक घर में छापेमारी कर करीब बीस लीटर शराब जब्त किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की है। मिली जानकारी के मुताबिक थाना प्रभारी सतीश कुमार को मंगल मंडल नामक व्यक्ति के घर में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली थी। थाना प्रभारी सतीश कुमार सूचना के मुताबिक दल बल के साथ मंगल मंडल के घर पहुंचे। पुलिस के पहुंचते ही घर में अफरा तफरी मच गया। पुलिस की कार्रवाई से बचने के लिए मौजूद लोग इधर-उधर भाग निकले। थाना प्रभारी ने घर से बोतलबंद बीस लीटर देसी शराब को जब्त कर लिया। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने बताया कि मंगल मंडल के घर में देसी शराब का धंधा चलाए जाने की सूचना मिली थी। इसी सूचना के मुताबिक घर में छापेमारी किया गया। घर में मौजूद देसी शराब को जब्त कर लिया गया। थाना प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि अवैध किसी भी धंधे को चलने नहीं दिया जाएगा। अवैध शराब की बिक्री हो या अन्य कोई भी गैरकानूनी धंधा, उसके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी धंधों से जुड़े लोग सावधान हो जाएं। अन्यथा पुलिस की कार्रवाई झेलने को तैयार रहें। इधर थाना प्रभारी की इस कार्रवाई से अवैध शराब के धंधों से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# पर्व त्योहारों में भी पानी की सप्लाई और साफ-सफाई को लेकर गंभीर नहीं है नगर परिषद : गांगुली



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** शहर में पानी की समस्या और साफ-सफाई को लेकर अर्धेंदु शेखर गांगुली ने नगर परिषद के कार्यशैली पर सवाल उठाया है। पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष गांगुली ने कहा है कि पर्व त्योहारों में भी नगर परिषद पानी सप्लाई और साफ-सफाई पर ध्यान नहीं दे रहा है। शहर में पानी के लिए त्राहिमाम की स्थिति है और नगर परिषद हाथ पर हाथ धरे बैठी है। कई वार्ड एवं मुहल्लों में पानी की समस्या विकराल रूप ले रखा है। मोहल्ला वासी पानी के लिए मारे मारे फिर रहे हैं। उन मोहल्लों में टैंकर से पानी की आपूर्ति करने की जरूरत है। लेकिन नगर परिषद को लोगों की परेशानियों से कोई मतलब नहीं है। उन्होंने कहा कि जिन मोहल्लों में कुछ देर के लिए पानी की सप्लाई होती भी है तो लोगों को डिमांड के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा है। जिससे भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के साथ-साथ नहाने एवं कपड़ा धोने सहित अन्य कार्यों को नहीं कर पा रहे हैं। यह भी कहा कि पानी की सप्लाई पूर्व से भी बदतर होती जा रही है। आज स्थिति यह है कि पानी के लिए पाइपलाइन के पास घंटों लाइन लगाकर लोग खड़े रहते हैं। महिलाओं को आज भी पाइप लाइन के पास घंटों खड़े रहते देखे जा सकते हैं। घंटों लाइन में खड़े रहकर भी जरूरत के मुताबिक पानी नसीब नहीं हो रहा है। नगर परिषद की ओर से शहरी जलापूर्ति योजना को लेकर झूठा दिलासा दिया जाता रहा है। पिछले दिनों दो महीने के अंदर योजना का काम पूरा कर पाइपलाइन के जरिए गंगा का पानी नियमित रूप से सप्लाई करने की बात कही थी। लेकिन छह महीने बीत गए। आज भी शहरवासियों को गंगा का पानी नसीब नहीं हुआ। इसमें नगर परिषद की नाकामी से इनकार नहीं किया जा सकता है। शहर वासियों को दिग्भ्रमित करने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि नगर परिषद झूठा दिलासा देना बंद करें और शहरवासियों को पानी उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि रथ यात्रा के पावन अवसर पर भी शहर वासियों को ठीक से पानी नहीं मिला। उन्होंने कहा कि सामने बकरीद है। इस त्यौहार में भी पानी की सप्लाई की उम्मीद नहीं दिख रहा है। पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष अर्धेंदु शेखर गांगुली ने कहा कि पर्व त्योहारों में साफ-सफाई को लेकर भी नगर परिषद कभी गंभीर नहीं रहा। आज भी क्षेत्र में गंदगी का अंबार है। पर्व त्योहारों को देखते हुए नगर परिषद को पानी सप्लाई और साफ सफाई पर ध्यान देना चाहिए।

# भाजपाइयों ने घर-घर जाकर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को बताया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल के कार्यकाल पूरा होने पर भाजपा के द्वारा चलाए जा रहे महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को शहर के तांतीपाड़ा में घर-घर जाकर कार्यकर्ताओं ने उपलब्धियों को बताया। भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज साह की अध्यक्षता में जनसंपर्क में मुख्य रूप से राजमहल विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू शामिल थे। यह अभियान वार्ड संख्या 413 एवं 414 में चलाया गया। नेतृत्व बूथ अध्यक्ष संजीत मुखर्जी एवं सविता रविदास ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा गरीबों के लिए चलाए जा रहे योजना एवं उपलब्धियों को बताया गया। पूर्व जिप अध्यक्ष बाबूधन मुर्मू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के तहत नौ वर्ष का बेदाग और उपलब्धियों भरा कार्यकाल को पूरा किया है। प्रधानमंत्री ने गरीब कल्याण योजना के तहत करोड़ों लोगों को मुफ्त अनाज दिया। करोड़ों गरीब परिवारों को पक्का मकान दिया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत मां बहनों को निःशुल्क एलपीजी कनेक्शन दिया। इस मौके पर पार्टी के द्वारा जारी नंबर पर मतदाताओं से मिस कॉल दिलाकर प्रधानमंत्री का आभार जताया गया। महा जनसंपर्क अभियान में पूर्व नगर अध्यक्ष निर्मल दास, भाजपा किसान मोर्चा के नेता विक्रम मिश्रा, सरिता मिश्रा, उपाध्यक्ष पिंका पटेल, अज्जू मंडल, सुमित भास्कर, प्रकाश भगत, राजा रविदास, भोला पासवान सहित अन्य शामिल थे।

# आपातकाल के दौरान केंद्र सरकार के खिलाफ खड़े रहे जनसंघ के नेताओं का किया अभिनंदन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** भाजपा ने आपातकाल के दौरान जनसंघ से जुड़े एवं कांग्रेस सरकार के विरोध में खड़े बुजुर्ग नेताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित एवं अभिनंदन किया। पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता, अनंत प्रसाद तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी एवं बद्री प्रसाद तिवारी का अभिनंदन किया। मीडिया प्रभारी प्रवीण सिंह ने अभिनंदन कार्यक्रम को लेकर जानकारी देते हुए कहा कि देश में आज ही के दिन वर्ष 1975 में 25-26 जून की रात तत्कालीन कांग्रेस की केंद्र सरकार के द्वारा आपातकाल लगाया गया था। तत्कालीन जनसंघ से सक्रिय रूप से जुड़े रहे अनंत प्रसाद तिवारी, पूर्व विधायक बेनी प्रसाद गुप्ता, सच्चिदानंद तिवारी एवं बद्रीनाथ प्रसाद तिवारी तत्कालीन कांग्रेस सरकार के विरोध में डटकर खड़े रहे। आज इन्हीं व्यक्तियों के त्याग और साधना की वजह से देश में लोकतंत्र अत्यंत स्वास्थ्य अवस्था में है। पार्टी की ओर से उनका अभिनंदन किया गया। तत्कालीन परिस्थिति को याद करते हुए सम्मानित लोगों ने कहा कि प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में आपातकाल के नाम ऐसी परिस्थितियां थोप दी, जिसका कई पीढ़ियां भुक्तभोगी हैं। नागरिकों के मूल अधिकार खत्म कर दिए गए। आपातकाल में राजनेताओं को जेल में डाल दिया गया। अखबारों पर सेंसरशिप लगा दी गई। पूरा देश सुलग उठा। लोगों को जबरदस्ती पकड़कर नसबंदी जैसे कृतियों को अंजाम दिया गया। इस दौरान भी अपने विरोधी गतिविधियों को बनाए रखा। आज भी उस वक्त की स्थितियों को स्मरण कर मन सिहर उठता है। नई पीढ़ी तो आपातकाल की विभीषिका से बिल्कुल भी परिचित नहीं है। यह जरूर है कि नई पीढ़ी यह आपातकाल शब्द जरूर सुनते आ रहे हैं। नई पीढ़ियों को आपातकाल की गतिविधियों से अवगत कराना जरूरी है। अभिनंदन कार्यक्रम के मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह पाकुड़ विधानसभा संयोजिका मीरा प्रवीण सिंह, जिलाध्यक्ष अमृत पांडेय, बलराम दुबे, नगर अध्यक्ष पंकज साह, गणेश रजक, पवन भगत आदि मौजूद थे।

# हूल दिवस पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** केकेएम कॉलेज में रविवार को 168 वां संताल हूल 1855-56 स्मृति के अवसर पर संताल हूल उयहार हुलगार बैसी और संताल परगना महाविद्यालय, दुमका के छात्र-छात्राओं के संयुक्त तत्वाधान में लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता के माध्यम से संताल हूल के इतिहास, हूल के कारण, परिणाम, संतालों के इतिहास, संस्कृति पाठ त्योहार, रिती रिवाज एवं वर्तमान परिपेक्ष की विभिन्न घटनाओं से संबंधित प्रश्न पूछा गया। प्रतियोगिता के मध्यम से छात्र-छात्राओं को विभिन प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित करना ही मुख्य उद्देश्य रहा। यह जानकारी देते हुए छात्र नेता कमल मुर्मू ने कहा कि संताल हूल के नायक सिद्धो-कन्हू, चांद-भैरो मुर्मू एवं अनगिनत वीर सपूतों की संघर्षगाथा एवं उनके मार्ग दर्शन को याद करते हुए वर्तमान परिपेक्ष में आदिवासियों की सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, जल जंगल जमीन, आदिवासियों की स्वशासन व्यवस्था, पर्व त्योहारों, आदिवासी की पहचान, अस्मिता एवं अस्तित्व को संरक्षण कायम रखने की परिकल्पना की गई है। क्विज प्रतियोगिता परीक्षा संताल परगना प्रमंडल अंतर्गत संताल परगना महाविद्यालय दुमका, गोड्डा कॉलेज गोड्डा, केकेएम कॉलेज पाकुड़ एवं साहिबगंज कॉलेज साहिबगंज में आयोजित की गई है। केकेएम कॉलेज में 53 छात्र-छात्राएं शामिल हुए। उन्होंने कहा कि संताल परगना के जल जंगल जमीन, आदिवासियों की पहचान, अस्मिता, संवैधानिक, कानूनी और स्वशासन पारंपारिक हक अधिकार और सामाजिक व्यवस्था को बर्बाद करने की साजिश जोरों से चल रही है। हुल क्विज प्रतियोगिता के मध्यम से आदिवासियो के सामाजिक मुद्दों को बनाए रखने की कोशिश की गई है। क्विज प्रतियोगिता को सफल बनाने में छात्र नेता कमल मुर्मू, वरिष्ठ छात्रनायक बजल टुडू, उप छात्रनायक चैतन मुर्मू, कैलाश मरांडी, विनयलाल मरांडी, नवीन हंसदा, संतोष मरांडी, बबलू मुर्मू, परीक्षक ठाकुर हांसदा आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## इंसानियत फाउंडेशन ने फिर दिखाई मानवता गर्भवती की इलाज के लिए मुहैया कराया खून




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** इंसानियत फाउंडेशन ने एक बार फिर मानवता दिखाई है। लगातार मरीजों को खून उपलब्ध कराने के लिए खास पहचान बनाने वाली संस्था इंसानियत फाउंडेशन के माध्यम से सदर अस्पताल में भर्ती एक गर्भवती को रविवार को ब्लड उपलब्ध कराया गया। इसके बाद महिला का इलाज संभव हो पाया। फाउंडेशन के अध्यक्ष बानीज शेख ने बताया कि पाकुड़ की एक बेटी प्रियंका कुमारी सदर अस्पताल में एडमिट थी। उन्हें रक्त की सख्त आवश्यकता थी। चिकित्सकों ने उनके शरीर में रक्त की कमी की बात कही। परिजनों के माध्यम से आस्था लैब के संचालक फेकारुल शेख को इसकी जानकारी मिली। फेकारुल ने मुझे जानकारी दिया। इसके बाद फरजान शेख डोनर आसादूल शेख को लेकर ब्लड बैंक पहुंचे। जहां उन्होंने रक्तदान किया और अस्पताल पहुंचाया। इंसानियत फाउंडेशन की ओर से ब्लड डोनर का तहे दिल से आभार जताते हैं। आगे भी इंसानियत फाउंडेशन अपने ने उद्देश्यों पर कायम रहेगी।

## गिरिडीह में प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में सैकड़ों कार्यकर्ता लेंगे भाग : रंजीत सिंह



**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी 30 जून को गिरिडीह में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पाकुड़ जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक गिरिडीह के होटल संगम गार्डन में होना है। जिसमें सभी जिला से जिलाध्यक्ष एवं पार्टी के अन्य पदाधिकारियों को भाग लेना अनिवार्य है। जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिंह ने कहा कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा होगी। जिसमें अपने अपने क्षेत्र से उम्मीदवारी की दावेदारी पेश की जाएगी। उन्होंने बताया कि बैठक में केंद्रीय खाद्य एवं प्रसंस्करण तथा उद्योग मंत्री राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पशुपतिनाथ पारस, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुरजभान सिंह, समस्तीपुर के सांसद प्रिंस राज, खगरिया सांसद महबूब अली कौसर, वैशाली सांसद वीना सिंह, नवादा के सांसद चंदन सिंह सहित अन्य दिग्गज नेता शामिल होंगे। जिसमें पाकुड़ जिले से सैकड़ों कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे।

## राजनीतिक दलों,बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ बीडीओ ने की बैठक



**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी,पाकुड़िया मनोज कुमार की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के प्रतिनिधि,बीएलओ एवं पर्यवेक्षक के साथ मतदाता विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण को लेकर पाकुड़िया प्रखंड सभागार में बैठक की।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मनोज कुमार ने कहा कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाईजर अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 के तहत अधिक से अधिक मतदाताओं का घर-घर जाकर उनका नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का कार्य संपादित करेंगे। बैठक के क्रम में सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ आहूत बैठक में बताया गया। अपने-अपने क्षेत्र में ब्लॉक लेवल एजेंट प्रतिनियुक्त करते हुए उसका सूची जिला में उपलब्ध कराने हेतु संसूचित करते हुए सभी बीएलए को बीएलओ को सहयोग करने हेतु अनुरोध किया गया है।बैठक में फ्री रिवीजन एक्टिविटीज,रिवीजन एक्टिविटीज, ब्लैक एंड वाइट फोटो,आधार ऑथेंटिकेशन,हाउस टू हाउस वेरीफिकेशन को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिया।

## भाजपा ने जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हिरणपुर :** केंद्र में एनडीए सरकार की 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर भाजपा हिरणपुर मंडल अध्यक्ष कैलाश सिंह के नेतृत्व में सुंदरपुर के बूथ संख्या 168 व 169 में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस जनसंपर्क अभियान में अलग-अलग टीम बनाकर कार्यकर्ताओं ने घर घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर केंद्र सरकार के 9 साल के स्वर्णिम उपलब्धियों की जानकारी दिया गया।बताया कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के अन्तर्गत करोड़ों लोगों को मुफ्त में अनाज का वितरण किया गया। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना से करोड़ों गरीब परिवारों को पक्के मकान बनाया गया है। उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को मुफ्त में एलपीजी कनेक्शन दिए गए।जनसंपर्क अभियान के क्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक शरद सरकार, प्रवीर चक्रवर्ती, अंजन शील, तपन ठाकुर, कैलाश भगत, दिगम्बर साहा को सम्मानित किया गया।मौके पर जनसंपर्क अभियान के जिला संयोजक सह लिट्टीपाड़ा विधानसभा के भाजपा नेता दानियल किस्कू, जामू मरांडी, जयंत मंडल, दौलत साहा, राम सेन, मनोज साहा आदि उपस्थित थे।

## चार धाम की यात्रा कर श्याम भटली परिवार टीम लौटी शहर



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर की सामाजिक एवं धार्मिक संस्था श्याम भटली परिवार टाटानगर के 27 सदस्यों की टीम 13 दिवसीय चार धाम की यात्रा (हरिद्वार, ऋषिकेश, केदारनाथ, बद्रीनाथ) कर रविवार 25 जून को वापस शहर लौट आयी हैं। टीम टाटानगर रेलवे स्टेशन से 13 जून मंगलवार की शाम को राजधानी एक्सप्रेस से रवाना हुई थी। श्याम भटली परिवार के ललित डाँगा ने बताया कि हरिद्वार, ऋषिकेश होते हुए यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ का दर्शन कर पूजा अर्चना की गयी। यात्रा में जाने वाले गगन रुस्तोगी, ललित डाँगा, प्रवीण भालोटिया, मदन अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, आदि शामिल थे।

## साकची में खुला शिज़्की लाउंज एंड कैफे, मिलेगा मुंबई जैसा नाइटलाइफ़ का अनुभव



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साकची स्ट्रेट माइल रोड मेडिकल लाईन स्थित सेंटर एवेन्यू टावर के तीसरे एवं चौथे तल्ले पर रविवार को शिज़्की नामक प्रीमियम लाउंज और कैफे (एसी रेस्टोरेंट) का शुभारंभ हुआं। इसका विधिवत उद्घाटन विधायक सरयू राय ने फीता काटकर किया। शिज़्की रेस्टोरेंट के प्रोपराइटर श्रवण देबूका और सुमित कुमार देबूका ने बताया कि शिज़्की, एक जापानी शब्द है जिसका मतलब होता है एक सुखद जगह। इस दो तल्ले रेस्टोरेंट में एक साथ आराम से 60 लोगों को बैठने की व्यवस्था हैं। यहां पर काउंटी पार्टी, किटी पार्टी, बर्थ डे पार्टी, एनिवर्सरी पार्टी भी आराम से की जा सकती हैं। रेस्टोरेंट में आने वाले लोगों को मायानगरी मुंबई की तरह नाइटलाइफ़ का अनुभव होगा। मौके पर प्रमुख रूप से लक्ष्मी नारायण देबूका, पुरूषोत्तम अग्रवाल, उत्तमचंद देबूका, उमेश शाह, अशोक गोयल, सुबोध श्रीवास्तव, आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

## मायुमं का सात दिवसीय कार्यक्रम 27 जून से 03 जुलाई तक

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी युवा मंच टाटानगर अचीवर्स शाखा का तीन वर्ष पुरे होने पर 27 जून से 03 जुलाई तक सात दिवसीय अलग-अलग कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस संबंध में शाखा अध्यक्ष रवि कुमार गुप्ता, सचिव अंशुल रिंगासिया एवं कोषाध्यक्ष आदित्य जाजोदिया ने संयुक्त रूप से रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शाखा का गठन हुए 3 जुलाई 2023 को तीसरा साल पूर्ण हो जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 जून को रक्तदान शिविर, 28 जून को कंप्यूटर प्रौद्योगिकियों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण, 29 जून को आनंद सब के लिए, 30 जून को ऑक्सीजन मशीन का दान, 01 जुलाई को कॉमर्स स्ट्रीम में करियर काउंसलिंग, 02 जुलाई को पौधारोपण और 03 जुलाई को जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा के लिए गोद लेने का अभियान चलाया जायेगा।

## चित्रगुप्त कार्यकारिणी सदस्यों और महिला समिति की संयुक्त बैठक आयोजित

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चित्रगुप्त महासमिति गम्हरिया के कार्यकारिणी सदस्यों और महिला समिति की संयुक्त बैठक स्थानीय चित्रगुप्त भवन में हुई। बैठक की अध्यक्षता महिला समिति अध्यक्ष रागिनी सहाय ने किया। समिति की उपाध्यक्ष मधु वर्मा ने बताया आगामी 16 जुलाई को महिला कमेटी की ओर से सावन महोत्सव आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस मौके पर शिवचर्चा का आयोजन भी किया जाएगा। अंत मे समिति के अध्यक्ष रत्नेश्वर सहाय ने धन्यवाद दिया। बैठक में महामंत्री संजय वर्मा, कोषाध्यक्ष अभय लाभ, सह कोषाध्यक्ष मदन प्रसाद कर्ण, मुन्नी देवी, स्मिता कुमारी, साधना श्रीवास्तव, भूदेव वर्मा, प्रभाष चंद्र श्रीवास्तव, मुकेश कुमार समेत काफी संख्या में सदस्य उपस्थित थे।

## 50 वर्ष बाद तीनकोनिया होटल का पुनः उद्घाटन संपन्न

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बसंत सिनेमा के पीछे साकची



स्थित जमशेदपुर की प्रतिष्ठित नमकीन एवं मिठाई की दुकान तीनकोनिया होटल अपने स्थापना के 50वाँ वर्षगांठ मना रहा है। उक्त अवसर पर तीनकोनिया होटल का पुनः उद्घाटन समाज सेवी सह भाजपा के वरीष्ठ नेता भरत सिंह ने किया। मौके पर होटल के संचालक महेन्द्र प्रसाद शुक्ला ने कहा कि तीनकोनिया होटल की स्थापना उनके बड़े भाई राजेन्द्र प्रसाद शुक्ला के हाथों किया गया था। कहा आज उपलब्ध सभी प्रकार के व्यंजनों पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई, इस छूट के कारण 2000 से अधिक लोगों ने नमकीन एवं मिठाईयां खरीदी।

## ओलचिकी हूल बैसी की बैठक में मांगे पूरा नही होने पर 4 जुलाई को झारखंड बंद का आह्वान

**चांडिल(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के शीशमहल चांडिल में ओलचिकी हूल बैसी की ओर से नेपाल चंद्र बेसरा के अध्यक्षता में आयोजित जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन गोपाल मार्डी ने किया। इस बैठक में संताली भाषा की पाठ्य-पुस्तकों को ओलचिकी लिपि में छपाया जाए, संताली भाषा को प्रथम राजभाषा का दर्जा दिया जाए, संताली भाषा के शिक्षकों की बहाली हो, संताली अकादमी का गठन जैसे प्रस्तावों को सर्वसम्मति पारित किया गया। इस बैठक में ओलचिकी हूल बैसी का जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया। अध्यक्ष डॉ अर्जुन टुडू उपाध्यक्ष सामू किस्कु, गोपाल मार्डी सचिव नवीन मुर्मू सह सचिव रतन मार्डी, किसून मुर्मू कोषाध्यक्ष भुजाय मुर्मू, सह कोषाध्यक्ष अक्षय हेमब्रम, नरेन्द्र मांझी एवं प्रत्येक प्रखंड से दो-दो कार्यकारिणी सदस्यों का चयन किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने कहा कि हमारी मांगे नहीं मानी गई तो चार जुलाई को झारखंड बंद किया जाएगा। बैठक में विभिन्न प्रखण्डों से पारम्परिक स्वशासन व्यवस्था मांझी पारगाना महल के पदाधिकारी, आसेका झारखंड के पदाधिकारी, संताली लेखक संघ के पदाधिकारी तथा अन्य विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और समाज सेवी उपस्थित थे। अंत में सोनु राम मार्डी ने धन्यवाद दिया।

## बकरीद को लेकर सदर थाना में शांति समिति की बैठक

**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सदर थाना परिसर पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार की अध्यक्षता के रविवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में बकरीद का त्योहार पूर्ववत शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर चर्चा किया गया। थाना प्रभारी ने समिति सदस्यों से कहा कि हमारे क्षेत्र में सभी पर्व त्योहार आपसी भाई चारे के साथ मनाए जाते हैं। यह सौहार्दपूर्ण वातावरण आगे भी जारी रहे इसका प्रयास हम सबों को मिल कर करना है। उन्होंने कहा अगर किसी भी तरह के अफवाह की जानकारी कहीं मिले तो तुरंत मुझे इसकी जानकारी दें। शांति समिति की बैठक में अंचल निरीक्षक उपेंद्र कुमार, नगर पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज चौधरी सहित समिति के संजय कुमार चौधरी, प्रेम अग्रवाल, लतीफ अहमद, दिलीप शंकर आचार्य, मजीबुल रहमान, अब्दुल कुद्दुश, मुखिया सिन्नी बोयपाई, रोहिदास हो, मंजर सावन, जाकिर हुसैन, मो इलियास, मो जुबेर, मो जनहगीर एवं शेख खुर्शीद सहित समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# एडीसी की अध्यक्षता में बैठक, विधायक मद से संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में आयोजित बैठक में उप विकास आयुक्त मनीष कुमार द्वारा सभी 6 विधानसभा क्षेत्रों में संचालित विधायक मद की योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2020-21, 2021-22, 2022-23 में स्वीकृत योजनाओं में अब तक की प्रगति की विधानसभावार चर्चा की गई। वहीं लंबित योजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का निदेश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने कहा कि विधायक द्वारा



अनुशंसित योजनाओं में क्षेत्र के विकास की सम्पूर्ण रूपरेखा होती है, जनसमस्याओं से सम्बंधित योजनाओं का ससमय क्रियान्वयन किया जाना जरूरी है। स्कूल में कमरा निर्माण, बाउंड्रीवाल निर्माण, सड़क, नाला, सामुदायिक भवन, पंचायत भवन, गोदाम आदि से सम्बंधित योजनाओं पर किये गए निर्माण कार्य की गुणवत्तता पर भी चर्चा की गई, सम्बन्धित निर्माण एजेंसी द्वारा पूर्ण योजनाओं का रिपोर्ट तथा लम्बित योजनाओं में अधतन प्रगति रिपोर्ट मांगा गया। बैठक में निदेशक डीआरडीए सौरभ सिन्हा, निदेशक एनईपी ज्योत्स्ना सिंह, एसओ जेएनएसी संजय कुमार, डीपीओ अरुण द्विवेदी, डीपीआरओ डॉ रजनीकान्त मिश्रा, कार्यपालक पदाधिकारी मानगो नगर निगम सुरेश यादव, विशेष कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता कृष्ण मुरारी, भवन, एनआरईपी तथा अन्य तकनीकी विभागों के सहायक व कनीय अभियंता मौजूद रहे।

## मंत्री बन्ना गुप्ता ने अपने विधानसभा में किया जनसंपर्क दौरा, लोगों ने किया अभिनंदन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को झारखंड प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का अपने विधानसभा अंतर्गत कदमा में जनसंपर्क के दौरान उपस्थित लोगों ने जोरदार स्वागत अभिनंदन किया. इस दौरान मंत्री ने निमतला पथ, मधुसूदन पथ, कदमा उलीयान काली हरि मंदिर पथ , अनिल सुर पथ, कदमा मेन रोड, भाटिया बस्ती मेन रोड में अपने अनुसंसा से किए गए कार्यो का एंव 15वीं वित्तीय योजना के तहत हो रही कार्यों का निरीक्षण किया. इस दौरान प्रमुख रूप से भोला चालक जी, भोला नाथ गोस्वामी, बबुआ झा , संजय तिवारी , प्रभात ठाकुर, कृष्णा शर्मा, राज कुमार दास, सोंटी रजक, मुराऊ जैसवाल, संजीव झा, मनोज झा, कैलाश रजक, जे पी साहू, सहित अनेकों स्थानीय सम्मानित लोग उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त संध्या में मंत्री ने रामनगर चौक में तैयार हो चुके चिल्ड्रेन पार्क का उद्घाटन कर आम जनता को पार्क समर्पित किया। इस अवसर पर एयर बेस कॉलोनी और रामनगर के सैकड़ों लोगों ने मंत्री का भव्य अभिनंदन किया और चिल्ड्रेन पार्क को मंत्री द्वारा जनता को दी गई अमूल्य देन बताया।

## बकरीद को लेकर कपाली थाना में शांति समिति की बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चांडिल :** कपाली ओपी अंर्तगत डांगोरडीह स्थित सामुदायिक भवन में शांति समिति की बैठक चांडिल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक के दौरान पुलिस के समक्ष कई प्रबुद्ध नागरिकों ने पर्व त्योहारों में होने वाले विभिन्न



समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में बकरीद को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया साथ ही माहौल बिगाड़ने वालो के खिलाफ शख्त कारवाई किया जाएगा। मौके पर कपाली ओ पी प्रभारी संदीप कुमार, एएसआई कासिम अंसारी, कपाली नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष सर्वर आलम, समाज सेवी ललित महतो, सानुर रहमान, मोहम्मद अर्शद, इनामुल हक, चांदनी उरांव, राजू, खोकन महतो आदि मौजूद थे।

## सांसद का सोनारी में चला महा जनसंपर्क अभियान लोगों को कराया केंद्र की योजनाओं से अवगत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण को समर्पित 9 वर्ष पुरे होने पर महा-जनसम्पर्क अभियान कार्यक्रम के तहत घर-घर जनसम्पर्क अभियान भाजपा सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार के नेतृत्व में सोनारी कागल नगर मार्केट में चलाया। जिसमें मुख्य रूप से सांसद विद्युत वरण महतो की उपस्थिति में सोनारी राम मन्दिर, अटल चौक से कागल नगर मार्केट तक महाजनसंपर्क प्रत्येक घरों में आमजनमानस से संपर्क करते किया गया। इस दौरान सांसद विद्युत वरण महतो ने केंद्र सरकार की जनधन योजना उज्वला योजना,कोरोना में प्रत्येक नागरिको



को फ्री में स्वदेसी वैक्सीन, गरीब कल्याण योजना के तहत 80 करोड़ लोगो को मुप्त अनाज, प्रत्येक किसान के खाते में प्रतिवर्ष 6000 रुपये, घर घर शौचालय, डिजिटल क्रांति, पीएम आवास, कश्मीर से अनुच्छेद 370 की समाप्ति, अदालती फैसले में अयोद्धा में राममंदिर निर्माण आदि के बारे में लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद विद्युत वरण महतो, जिला अध्यक्ष गुंजण यादव, भाजपा झारखंड व्यापार प्रकोष्ट के सयोंजक निरज सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रशांत कुमार पोद्दार, सांसद प्रतिनिधि संजीव कुमार, सुनील सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष पूरण वर्मा, गोपाल लहरी, महाबीर सिंह,सोनू ठाकुर, रिता सिंह, नारायण प्रसाद, सतेन्द्र सिंह यादव, कृष्णा यादव, रमेश प्रसाद साहू, निरज प्रसाद, राहुल तिवारी, आदि थे।

## वर्ल्ड विटिलिगो डे पर सेमिनार, डॉक्टरों ने कहा सफेद दाग का इलाज संभव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** वर्ल्ड विटिलिगो डे (विश्व सफेद दाग दिवस) पर एक सेमिनार दीप प्रज्जवलित कर आदित्यपुर में किया गया। उक्त सेमिनार का आयोजन भाई आई.ए.डी.वी.एल, झारखंड के जमशेदपुर चैप्टर द्वारा किया गया। इसमें जमशेदपुर के अलावा राउरकेला, मुंबई, बोकारो, धनबाद सहित अन्य शहरों के डॉक्टरों ने भाग लिया। जानकारी देते हुए डॉक्टर राजीव ठाकुर ने कहा उपस्थित डॉक्टरों ने एक स्वर में कहा कि सफेद दाग किसी भी रोगी के संपर्क में आने से नही फैलता है और न ही यह अनुवांशिक है। सफेद दाग का इलाज संभव है। मुंबई से आए



डॉक्टर राजेश एवम राउरकेला से आए डॉक्टर देवजित कर ने कहा की सफेद दाग किसी को भी किसी भी उम्र में हो सकता है। विश्व के लगभग 1 प्रतिशत आबादी सफेद दाग के रोग से ग्रसित है। मरीज अगर शुरुआत में ही किसी अच्छे त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क करे तो इससे जल्द ही छुटकारा पाया जा सकता है। डॉक्टर राजीव ठाकुर एवम डॉक्टर आर कुमार ने कहा कि इस सेमिनार को डॉ बनश्री मजूमदार, डॉ पल्लवी, डॉ किरण कुमरे, डार्डोनिशा कुमारी मुंडा, डॉ आर कुमार, डॉ देवजीत कार, डॉ सी एस सिरका, डॉ मानस रंजन, डॉ राजीव ठाकुर, डॉ नेहा रानी, डॉ राजेश कुमार आदि ने संबोधित किया ।

## रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर वीरांगनाओं ने दी श्रद्धांजलि



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** अंतराष्ट्रीय वीरांगना फ़ाउंडेशन झारखंड प्रदेश जमशेदपुर की ओर से अंतराष्ट्रीय महामंत्री भारती सिंह के निर्देशानुसार पार्वती सिंह के आवास पर इतिहास की वीर वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर भारती सिंह ने रानी दुर्गावती की वीरता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रानी दुर्गावती ने 52 बार युद्ध लड़ी थी, जिसमे 51 पर विजय प्राप्त की थी। इस श्रद्धांजलि मे सीमा, रजनी, वीभा, अंजली, चित्रलेखा, रूबी, राखी, पार्वती, पुनम, अनु, आदि थे।

## भाजपा जिला कमेटी ने किया प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** मारवाड़ी धर्मशाला सरायकेला में रविवार को भाजपा सरायकेला खरसावां जिला कमेटी द्वारा प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। आज ही के दिन लगे आपातकाल को स्मरण करते हुए जिला भाजपा द्वारा एक डोकोमेंट्री फाइल दिखाया गया। इसके माध्यम आपातकाल के काले दिनो को याद किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने अपने संबोधन में स्व रुद्र प्रताप सारंगी को



याद करते हुए इमरजेंसी के दौरान उनके संघर्ष का बखान करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। इसी अवसर पर पदमश्री छऊ गुरु शशधर आचार्या को प्रदेश अध्यक्ष ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। भाजपा जिला अध्यक्ष विजय महतो ने अपने स्वागत भाषण दिया। अधिवक्ता केपी दुबे, डॉक्टर पी.के पति, सरायकेला चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रदीप चौधरी, रमेश हांसदा और गणेश महाली ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जे बी तूबीत, विनोद श्रीवास्तव, उदय सिंहदेव, शैलेन्द्र सिंह, मीनाक्षी पटनायक, रामनाथ महतो, कर्नल आर पी सिंह, सारथी महतो, कैप्टन सुखदेव सिंह, शकुंतला माहलि,राकेश सिंह, राजा सिंहदेव, जिला मीडिया प्रभारी, राकेश मिश्रा, मंजू बोदरा, रीता दुबे, बद्री दरोगा, अमित सिंहदेव, सूर्या देवी, पिंकी मोदक, सोहन सिंह, राजकुमार सिंह, मनोज तिवारी, निरंजन मिश्रा एवं ब्रह्मानंद झा सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रभारी मनोज चौधरी ने मंच का संचालन किया तथा धन्यवाद ज्ञापन भाजपा नगर अध्यक्ष बद्री दरोगा ने किया।

## जेबीकेएसएस ने महिला समितियों के बीच चलाया जागरुकता अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के रसुनिया पंचायत अंतर्गत रसूनिया गांव के महिला समितियों के संग बैठक कर जन जागरूक अभियान चलाया गया। झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के महाधिवेशन के बाद क्षेत्र के लोग बदलाव चाहते है साथ ही साथ शिक्षा में बदलाव हेतु उन्हें जागरूक कराया। उपस्थित महिलाओं ने हमारे विचारों का पूर्ण समर्थन देते हुए, राज्य और क्षेत्र में बदलाव का संकेत दिए। मौके पर झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति के सदस्य फुल चांद महतो, गोपेश, सुकदेव, प्रताप गोराई, विष्णु महतो,फुल चांद,उषा



रानी महतो ,गीता महतो ,कल्याणी महतो, परिवाला महतो, रूबी कुमारी ,लतिका कालिंदी, इंद्रा गोप, सोमबारी गोप, लक्ष्मी लोहार , सरस्वती मांझी , छातामनी मांझी ,सुमित्रा मांझी, सालगे मांझी,नेपाली मांझी, दानगी मांझी , सुनिया मांझी ,सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## सुन्दरनगर मण्डल कांग्रेस कमिटी का हुआ विस्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** रविवार को सुन्दरनगर मण्डल कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में मण्डल अध्यक्ष अजय महतो के अध्यक्षता में संगठनात्मक सशक्तिकरण बैठक आयोजित की गई, जिसमे जिला कांग्रेस द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक सुरज मुण्डा संगठनात्मक कार्यो का समीक्षा किया। बैठक में मण्डल अध्यक्ष अजय महतो के नेतृत्व में मण्डल कांग्रेस कमिटी का विस्तार किया गया। मण्डल पर्यवेक्षक सुरज मुण्डा ने सभी नवनियुक्त



पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया, साथ ही घोषणा किया कि अगामी 2 जुलाई को मण्डल क्षेत्र के 4 पंचायतों में अध्यक्ष तथा पंचायत कांग्रेस कमिटी का गठन की जाएगी। बैठक में मण्डल अध्यक्ष अजय महतो, पर्यवेक्षक सुरज मुण्डा, टाटानगर मण्डल अध्यक्ष मुन्ना मिश्र, मुखिया कान्हू मुर्मू, कांग्रेस नेत्री पद्मिनी हाँसदा सहित मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित हुए।

## ईचागढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक माहौल खराब करने वालों पर होगी कारवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना परिसर में रविवार को बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक किया गया। बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी किकू महतो की अध्यक्षता में किया गया। त्याग व बलिदान का महापर्व बकरीद को भाईचारे के साथ मनाने को लेकर शांति समिति के सदस्यों ने आपसी सहयोग बनाए रखने पर चर्चा किया गया। वहीं बीडीओ किकू महतो ने सदस्यों को संबोधित



करते हुए कहा कि बकरीद पर्व पर भड़काऊ मैसेज पर ध्यान नहीं देते हुए भाईचारे के साथ पर्व मनाने का अपील की। थाना प्रभारी गौरव मिश्रा ने कहा कि बकरीद पर असमाजिक तत्वों, हुड़दंगियों व गलत मैसेज व अफवाह फ़ैलाने वालों पर विशेष नजर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का हुड़दंग करने या माहौल खराब करने वालों का सूचना थाना को दें, ताकि तत्काल कार्रवाई किया जा सके। मौके पर जिप सदस्य जोतीलाल मांझी, एएसआई मुनीन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, अनिल सिंह, अमित सिन्हा, मुरलीधर मिश्रा, सैफुल अंसारी, कमरुद्दीन अंसारी, रऊफ अंसारी, राजेन सिंह मुण्डा, अनंत गोप, नरेन गोप आदि उपस्थित थे।

## झामुमो पटमदा प्रखंड कमेटी ने मनाई दिवंगत सुधीर महतो की 67 वीं जयंती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** झामुमो पटमदा प्रखंड अध्यक्ष अश्विनी महतो के नेतृत्व में रविवार को राज्य के पूर्व उप मुख्यमंत्री सुधीर महतो की 67 वीं जयंती पटमदा के डाक बंगला भवन परिसर में मनाई। इस दौरान पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं ने दिवंगत सुधीर महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू उपस्थित थे। इस दौरान झामुमो नेता सुभाष कर्मकार, कालीपद महतो, सुजीत महतो, माणिक महतो, सिजेन हेम्ब्रम समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## संपादकीय

## दोस्ती के साथ तोहमतें भी

**राष्ट्रपति** जो बाइडेन और प्रधानमंत्री मोदी के द्विपक्षीय संवाद के बाद भारत की लगभग तमाम मुरादें और अपेक्षाएं सम्पन्न हो गईं। साझा बयान और सहमति-पत्रों पर हस्ताक्षर से यह स्पष्ट है। लड़ाकू विमान के इंजन एफ-414, विनाशक ड्रोन, सेमीकंडक्टर, घातक मिसाइल, तोप, राइफल आदि अस्त्रों और रक्षा उपकरणों का उत्पादन अब भारत में होगा। हमारी कंपनियां उत्पादन करेंगी। अमरीका ने प्रौद्योगिकी साझा करने के करारों पर भी दस्तखत किए हैं। इसरो-नासा संयुक्त अंतरिक्ष मिशन के जरिए अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन तक जाएंगे। मानव को अंतरिक्ष में ले जाने की रणनीति पर भी दोनों संगठन विमर्श करेंगे। माइक्रोन कंपनी 22,500 करोड़ रुपए की लागत से प्लांट लगाएगी और सेमीकंडक्टर असेंबली पर 6500 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। सेमीकंडक्टर से ही जुड़ी एक और विख्यात कंपनी देश में 60,000 इंजीनियरों को प्रशिक्षित करेगी और फिर रोजगार देगी। कमोबेश अब हमें सेमीकंडक्टर चिप्स के लिए चीन, सिंगापुर पर आश्रित नहीं रहना पड़ेगा। 5-जी और 6-जी प्रौद्योगिकी में भी अमरीकी सहयोग और क्वांटम समन्वय करार भी किया गया है। जिस अमरीका ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारत को जीपीएफ डाटा देने से इंकार कर दिया था, वही अमरीका आज भारत के साथ विविध स्तर की साझेदारी के करार करने को उतावला है। जाहिर है कि भारत बहुत बदला है। वैसे अमरीकी राष्ट्रपति तब भी और आज भी डेमोक्रेटिक पार्टी के रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के राजकीय प्रवास के दौरान भारत की झोली खूब भरी गई, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक सवालिया तोहमत लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रपति बाइडेन को प्रधानमंत्री मोदी से, भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानों की सुरक्षा और आसन्न संकटों पर, सवाल जरूर करना चाहिए। बराक ने साक्षात्कार में यह भी साफ किया है कि यदि वह आज अमरीका के राष्ट्रपति होते, तो भारतीय प्रधानमंत्री से यह सवाल जरूर करते। बराक ओबामा राष्ट्रपति रहे हैं और बाइडेन 8 सालों तक उनके उपराष्ट्रपति थे। जब प्रधानमंत्री मोदी ने अमरीका का दौरा किया था और पहली बार अमरीकी संसद को संबोधित किया था, तब बराक ही राष्ट्रपति थे। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ओबामा को कई मौकों पर अपना 'मित्र' भी घोषित किया था। बराक ओबामा ने यह सवाल तब क्यों नहीं उठाया? यही नहीं, अमरीका के 75 सांसदों ने राष्ट्रपति बाइडेन को पत्र लिख कर आग्रह भी किया था कि प्रधानमंत्री मोदी से भारत में धार्मिक असहिष्णुता, राजनीतिक अंकुश, अभिव्यक्ति की कम आजादी, असुरक्षित अल्पसंख्यक, मानवाधिकार हनन, लोकतंत्र-संविधान पर संकट, इंटरनेट प्रतिबंध आदि पर सवाल पूछे जाने चाहिए। इन्हीं मुद्दों को लेकर अमरीका के कुछ हिस्सों में विरोध-प्रदर्शन भी किए गए। बहरहाल साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक पत्रकार के सवाल पर प्रधानमंत्री मोदी ने यह जवाब दिया कि भारत और अमरीका के डीएनए में लोकतंत्र है। हमारी सरकार संविधान के आधार पर, लोकतंत्र के मूल्यों को लेकर, चलती है। हमने साबित किया है कि सरकार लोकतंत्र को लेकर जीती है। जब हम लोकतंत्र को लेकर जीते हैं, तब भेदभाव का सवाल ही नहीं उठता। अगर मानवाधिकार नहीं है, तो लोकतंत्र ही नहीं है। भारत में जो लोगों के अधिकार हैं, वे उन्हें मिलते हैं। कोई भेदभाव नहीं है। न धर्म के आधार पर और न ही जाति के आधार पर... । हमें बराक ओबामा सरीखों के परंपरागत सवाल 'प्रायोजित' लगते हैं। बहरहाल यह दौरा भारत-अमरीका की दोस्ती और दुनिया में शांति-स्थिरता के लिए निभाई जाने वाली भूमिका के मद्देनजर है।

> अमरीका ने 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान भारत को जीपीएफ डाटा देने से इंकार कर दिया था, वही अमरीका आज भारत के साथ विविध स्तर की साझेदारी के करार करने को उतावला है। जाहिर है कि भारत बहुत बदला है। वैसे अमरीकी राष्ट्रपति तब भी और आज भी डेमोक्रेटिक पार्टी के रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के राजकीय प्रवास के दौरान भारत की झोली खूब भरी गई, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी के ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक सवालिया तोहमत लगाते हुए कहा है कि राष्ट्रपति बाइडेन को प्रधानमंत्री मोदी से, भारत में अल्पसंख्यक मुसलमानों की सुरक्षा और आसन्न संकटों पर, सवाल जरूर करना चाहिए। बराक ने साक्षात्कार में यह भी साफ किया है कि यदि वह आज अमरीका के राष्ट्रपति होते, तो भारतीय प्रधानमंत्री से यह सवाल जरूर करते। बराक ओबामा राष्ट्रपति रहे हैं और बाइडेन 8 सालों तक उनके उपराष्ट्रपति थे।

## कुछ अलग

## यह कैसा हिमाचल

**शिमला** में टैक्सी विवाद की वजह जो भी हो, लेकिन पूरे घटनाक्रम ने अराजकता का दामन इस कद्र थामा कि पूछना पड़ता है, 'हमने यह कैसा हिमाचल बना दिया।' प्रदेश में हर कहीं क्षेत्रवाद के जिन्न क्यों घूमने लगे और क्यों कानून व्यवस्था के प्रश्नों से इतर आत्मघाती मुद्दे घूरने लगे। कुछ इसी तरह चंबा की घृणित घटना के तमाम कानूनी पहलुओं को पीछे छोडक़र हम अपने ही वातावरण को जलाने निकल पड़े, तो शिमला में व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा से उपजी तनातनी ने दो टैक्सी यूनियनों के बीच घातक क्षेत्रवाद पैदा कर दिया। पहली बार हिमाचल के बीच एक ऐसा हिमाचल नजर आने लगा है जिसके हाथ में, 'इक चिंगारी ही काफी है माहौल को जलाने के लिए।' यह हिमाचल एक घटना भर नहीं और न ही चंद बयानों की वजह से तात्कालिक प्रतिक्रिया दे रहा है, बल्कि क्षेत्रवाद की धूर्तता में हम भूल गए कि सदियों बाद कभी स्व. वाईएस परमार ने रियासतों में बंटे हिमाचल को शिद्दत से जोडक़र एक केंद्र शासित राज्य बनाया था। इतना ही नहीं हिमाचल की विशालता, आत्मसम्मान और स्वाभिमान तब सुदृढ़ हुआ जब पंजाब पुनर्गठन के तहत पंजाब के पर्वतीय इलाकों ने पहाड़ी प्रदेश को पूर्ण राज्यत्व के शिखर तक पहुंचाया। आश्चर्य यह कि हिमाचल की संपूर्णता को आज तक आगे बढ़ाया ही नहीं गया। न यह समझा गया कि पंजाब के पर्वतीय क्षेत्र न मिलते तो हिमाचल का वजूद मुकम्मल न होता और न यह जाना गया कि पर्वतीय राज्य की शक्ति में नागरिक समाज को कैसे सशक्त किया जाए। हम हिमाचल के होकर भी कभी पुराने- कभी नए या कभी ऊपरी...कभी निचले हिमाचल में बंटते रहे हैं। इस दौरान कई सरकारें, कई मुख्यमंत्री और कई मंत्री बन गए, लेकिन सियासी क्षेत्रवाद ने अपने स्वार्थ साधने शुरू कर दिए। नतीजतन आज का हिमाचल कुछ कोस का हिमाचल बन चुका है। अगर हिमाचल की संपूर्णता में सोचा होता, तो आज सारी बोलियों से एक मधुर सी हिमाचली भाषा बन चुकी होती। अगर ठीक से पढ़ा होता, तो हमारा इतिहास सिरमौर से किन्नौर और शिमला से कांगड़ा तक हिमाचल के नायकत्व को हमेशा याद रखता। आश्चर्य तो तब होता है जब हिमाचली धाम भी चंबियाली, कांगड़ी, मंडियाली व अन्य जिलों के चूल्हे पर चढक़र विभक्त हो जाती है। यह धधकती हुई सियासी आंच है जिससे हम अपनी सांस्कृतिक पृष्ठभूमि को एकरूपता में नहीं जोड़ रहे हैं। यही वजह है कि नए जिलों के सांप से हमें डराया ही नहीं, इसके दंश भी दिखाए जाते हैं। हमने स्थानांतरण नीति इसलिए कारगर नहीं बनाई ताकि हमारा क्षेत्रवाद सुरक्षित रहे। कभी सरकारी कर्मचारी व अधिकारी सारे जिलों के सेवाकाल को अपनी सफलता मानते थे, आज दस किलोमीटर के दायरे में स्थानातंरण उद्योग का सारा जहां बसता है। विधायक महोदय अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में स्थानातंरण की जंजीरें लेकर बैठे होते हैं ताकि कोई बाहरी क्षेत्र का परिंदा पर न मार सके। हमें तब आश्चर्य नहीं होता जब मंत्री महोदय केवल अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों पर ही अपने विभागों का अधिकतम बजट लगा देते हैं या जब विपक्ष का विधायक चुन कर पूरा विधानसभा क्षेत्र पांच साल के लिए अछूत बना दिया जाता। हम न तो ऐतिहासिक और न ही सांस्कृतिक महत्त्व से प्रदेश को एक कर रहे हैं, बल्कि नित नए जागीरदार पैदा करके नए युद्ध का उद्घोष कर रहे हैं। इसलिए कभी तपोवन विधानसभा तक गुस्से की बाढ़ में प्रदेश का बहुत कुछ बह जाता है, तो कभी शिमला में दो टैक्सी यूनियन के टकराव में सामाजिक ताना बाना टूट जाता है। इस विवाद का कोई एक मुजरिम नहीं, हम सभी हिमाचलवासी जिस तरह सामुदायिक भावना छोड़ चुके हैं, पूर्ण रूप से दोषी हैं। यहां इस जलजले में व्यवस्था की हिलती चूलें व कानून व्यवस्था के टूटते स्तंभ भी देखे गए। हिमाचल में टैक्सी आपरेशन अपनी मनमानी के तहत आम यात्रियों और विशेष तौर पर पर्यटकों के लिए प्रतिकूल परिस्थितियां खड़ा करता रहा है।

## देश के भीतर संपन्न वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों द्वारा संचालित होगी

# भारत के समृद्धशालियों एवं प्रतिभाओं का पलायन क्यों?

**ललित गर्ग**

> 2023 में भारत से बाहर जाने की संभावना है, पिछले वर्ष की तुलना में यह करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे। रिपोर्ट के अनुसार, उच्च निवल मूल्य वाली व्यक्तिगत आबादी के 2031 तक 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है, जो इस अवधि के दौरान भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है।

**धनाढ्य** परिवारों का भारत से पलायन कर विदेशों में बसने का सिलसिला चिन्ताजनक है। ऐसे क्या कारण है कि लोगों को देश की बजाय विदेश की धरती रहने, जीने, व्यापार करने, शिक्षा एवं रोजगार के लिये अधिक सुविधाजनक लगती है, नये बनते भारत के लिये यह चिन्तन-मंथन का कारण बनना चाहिए। हेनले प्राइवेट वेल्थ माइग्रेशन रिपोर्ट 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार, अनुमानित 6,500 हाई- नेट-वर्थ इंडिविजुअल्स (एचएनआई) के 2023 में भारत से बाहर जाने की संभावना है, पिछले वर्ष की तुलना में यह करोड़पतियों के देश छोड़कर जाने की 7500 की संख्या भले ही कुछ सुधरी है, लेकिन नये बनते, सशक्त होते एवं आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर भारत के लिये यह चिन्तन का विषय होना ही चाहिए कि किस तरह भारत की समृद्धि एवं भारत की प्रतिभाएं भारत में ही रहे। रिपोर्ट के अनुसार, उच्च निवल मूल्य वाली व्यक्तिगत आबादी के 2031 तक 80 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि का अनुमान है, जो इस अवधि के दौरान भारत को दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते धन बाजारों में से एक के रूप में स्थापित करता है। यह वृद्धि मुख्य रूप से देश के भीतर संपन्न वित्तीय सेवाओं, स्वास्थ्य सेवा और प्रौद्योगिकी क्षेत्रों द्वारा संचालित होगी। इसमें समृद्ध व्यक्तियों के भारत लौटने की प्रवृत्ति को भी देखा जा रहा है, और जैसे-जैसे जीवन स्तर में सुधार जारी है, यह अधिक संख्या में धनवान व्यक्तियों के भारत वापस आने का अनुमान लगाता है। लेकिन प्रश्न है कि भारत के करोड़पति आखिर नये बनते भारत एवं उसकी चिकित्सा, शिक्षा, आर्थिक, राजनीतिक, प्रशासनिक उज्ज्वलता के बावजूद क्यों विदेश जा रहे हैं? वैसे तो यह हर किसी का व्यक्तिगत अधिकार और चाहत हो सकती है कि वह कहां बसना और कैसी



जीवनशैली चाहता है? लेकिन हाई नेटवर्थ वाले (अति समृद्ध) हमारे देशवासियों के देश छोड़ कर कहीं और बसने की तैयारी की ताजा रिपोर्ट बहुत कुछ कहती है। दुनियाभर में धन और निवेश प्रवासन के रुझान को ट्रैक करने वाली कंपनी की सालाना रिपोर्ट में अति समृद्ध भारतीयों का अपना सब-कुछ समेट कर हमेशा के लिए भारत से जुदा हो जाने का अनुमान अनेक प्रश्न खड़े करता है, सरकार को इन प्रश्नों पर गौर करने की जरूरत है। संतोष इस बात पर किया जा सकता है कि ऐसा कदम उठाने वाले इन अति समृद्धशालियों की संख्या पिछले साल की तुलना में लगभग एक हजार कम है। लेकिन यह संख्या समूचे विश्व में सर्वाधिक है। भारत के दृष्टिकोण से इस तथ्य का विश्लेषण ज्यादा जरूरी हो जाता है। जानना यह भी जरूरी है कि बचपन से जवानी तक का एक-एक पल देश में गुजारने और यहीं अमीर बनने का सफर तय करने के बाद देश से मोह भंग होने के कारण आखिर क्या हो सकते हैं? उम्मीद यह की जाती है कि देश में रहकर समृद्धि हासिल करने वाले समय आने पर देश को लौटाएंगे भी। सवाल यही है कि देश को लौटाने और फायदा देने का वक्त आता है तब एकाएक विदेश में जाकर बसने की ललक कैसे और क्यों पैदा हो रही है? अपने देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने के समय इस तरह की पलायनवादी सोच का उभरना व्यक्तिगत स्वार्थ, सुविधा एवं संकीर्णता को दर्शाता है। बड़ा सवाल यह भी उठना स्वाभाविक है कि आखिर क्या कमी है हमारे यहां? यह बात सही है कि गांव से कस्बे, कस्बे से शहर और शहरों से महानगरों में जाकर बसने की मानवीय प्रवृत्ति होती है। इसे विकास से भी जोड़ा जा सकता है। लेकिन जब यह दौड़ बहुत ज्यादा होने लगे और लोग अपनी जड़ें ही छोड़ने को आकुल दिखें तो सोचना जरूरी हो जाता है। मुम्बई, दिल्ली, बेंगलूरु जैसे महानगर दुनिया के दूसरे महानगरों को टक्कर देने वाले हैं। फिर भी अगर ये भारतीय विदेशी महानगरों को ही चुन रहे हैं, तो तमाम पहलुओं पर विचार भी करना होगा। यह इसलिए भी जरूरी है कि यह दौड़ भारतीय महानगरों से विदेशी महानगरों की तरफ ही है। विदेश में बसने की यह दौड ऐसे समय देखने को मिल रही है जब देश में विकास के नये कीतिमान स्थापित हो रहे हैं, जीवनशैली उन्नत एवं सुविधापूर्ण होती जा रही है, व्यापार एवं व्यवसाय की संभावनाओं को पंख लग रहे हैं। भारत दुनिया में साख एवं धाक जमा रहा है। दुनिया की नजरें भारत पर लगी है और यहां अनंत संभावनाओं को देखते हुए विदेशी भारत आ रहे हैं। फिर भारतीय विदेशों की ओर क्यों जा रहे हैं। अपने देश से ही पाने और मौका पड़ने पर देश को लौटाने की परिपाटी बरसों से है। सिर्फ क्वालिटी लाइफ को ही पलायन की वजह नहीं माना जा सकता। उन कारणों की तलाश भी करनी जरूरी है जिसकी वजह से लोग देश को छोड़कर कहीं ओर बसना चाहते हैं। सुरक्षित माहौल, अनुकूल कर ढांचा, सरल प्रशासनिक व्यवस्था, निवेश का माहौल, रोजगार, शिक्षा व चिकित्सा जैसी सुविधाओं की तरफ भी ध्यान देना होगा ताकि पलायन की इस प्रवृत्ति की रोकथाम हो सके। बात केवल करोड़पतियों की ही नहीं है, बल्कि भारत की प्रतिभाओं की भी है। उच्च शिक्षित प्रतिभाओं को भारत में उचित प्रोत्साहन एवं परिवेश न मिलने से वे भी विदेशों की ओर पलायन करती है। विदेशों में काम करने वाले भारतीय उच्च शिक्षित हैं और आमतौर पर उन्हें भारत में उपयुक्त करियर नहीं मिला। सिंगापुर जैसे देशों ने भारतीयों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। इसके अलावा, स्कैंडिनेवियाई देश हैं, जिन्होंने आप्रवासन नियमों में ढील दी है, जिससे भारतीयों के लिए वहां जाना आसान हो गया है। सबसे बढ़कर, भारतीय आईटी पेशेवरों की अमेरिका में अत्यधिक मांग है। वैज्ञानिक और तकनीकी प्रवृत्ति पर आधारित विश्व स्तर पर ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था ने प्रतिभाशाली कर्मियों की बढ़ती मांग को जन्म दिया है। भारत विशेष रूप से यूरोपीय देशों के लिए प्रतिभाशाली और कुशल मानव संसाधनों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता बन गया।

# क्या ममता पर लगे आरोप पचा पाएगा विपक्ष

> भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को खतरे में डालने की दुहाई देने वाले विपक्षी दलों के लिए चुनावी हिंसा पर ममता के खिलाफ दिए इस फैसले को पचाना आसान नहीं होगा। ममता बनर्जी को मिली इस शिकस्त को विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों को तगड़ा झटका लगना निश्चित है। भाजपा इस मामले को विपक्षी दलों के खिलाफ भुनाए बगैर नहीं रहेगी। भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर पहले ही विपक्षी दलों पर हमलावर रही है। अब चुनाव जीतने के लिए हिंसा का सहारा लेने के आरोप का मौका ममता बनर्जी ने भाजपा को दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जो तल्ख टिप्पणी की है वह भी विपक्षी दलों के लिए परेशानी का सबब बनेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि चुनाव के बीच जो हिंसा हो रही है वो सही नहीं है। निष्पक्ष रूप से चुनाव कराना ही लोकतंत्र की पहचान है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल का चुनाव आयोग और ममता सरकार दोनों ने ही हाई कोर्ट के फैसले पर ऐतराज जताया था। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों से ये सवाल भी किया है कि जब आप अपने पड़ोसी राज्यों से फोर्स मांग रहे हैं तो फिर आपको केंद्रीय सुरक्षा बलों से क्या परेशानी है।

**जोर-शोर** से विपक्षी एकता की कवायद में जुटी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता को सुप्रीम कोर्ट ने तगड़ा झटका दिया है। पंचायत चुनाव से पहले हो रही हिंसा को लेकर केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ तौर पर कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले में दखल देने से मना कर दिया है। इस मुद्दे पर ममता सरकार की याचिका खारिज कर दी। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार पर लोकतंत्र को खतरे में डालने की दुहाई देने वाले विपक्षी दलों के लिए चुनावी हिंसा पर ममता के खिलाफ दिए इस फैसले को पचाना आसान नहीं होगा। ममता बनर्जी को मिली इस शिकस्त को विपक्षी दलों की एकता के प्रयासों को तगड़ा झटका लगना निश्चित है। भाजपा इस मामले को विपक्षी दलों के खिलाफ भुनाए बगैर नहीं रहेगी। भाजपा भ्रष्टाचार के मुद्दों को लेकर पहले ही विपक्षी दलों पर हमलावर रही है। अब चुनाव जीतने के लिए हिंसा का सहारा लेने के आरोप का मौका ममता बनर्जी ने भाजपा को दे दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जो तल्ख टिप्पणी की है वह भी विपक्षी दलों के लिए परेशानी का सबब बनेगी। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा कि चुनाव के बीच जो हिंसा हो रही है वो सही नहीं है। निष्पक्ष रूप से चुनाव कराना ही लोकतंत्र की पहचान है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल का चुनाव आयोग और ममता सरकार दोनों ने ही हाई कोर्ट के फैसले पर ऐतराज जताया था। सुप्रीम कोर्ट ने दोनों से ये सवाल भी किया है कि जब आप अपने पड़ोसी राज्यों से फोर्स मांग रहे हैं तो फिर आपको केंद्रीय सुरक्षा बलों से क्या परेशानी है। ममता बनर्जी के वर्ष 2011 से सत्ता में आने के बाद पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का तांडव जारी है। तत्कालीन वाम मोर्चा सरकार के दौरान हिंसा की पीड़ा झेल चुकी ममता बनर्जी की सरकार भी चुनावी हिंसा को लेकर लगातार कटघरे में है। विगत विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद पश्चिम बंगाल के अलग-अलग हिस्सों में 12 लोग मारे गए थे। ऐसी चुनावी हिंसा के लिए कभी बिहार और उत्तर प्रदेश बदनाम थे। टीएन शेषन के मुख्य चुनाव आयुक्त बनने के बाद इन दोनों राज्यों में चुनावी हिंसा पर काफी हद तक लगाम लगी थी। दूसरे शब्दों में कहें तो शेषन ने अपने मजबूत इरादों से देश में चुनावी हिंसा को लगभग इतिहास का विषय बना दिया। इसके बावजूद पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का दौर खत्म नहीं हो सका। पश्चिम बंगाल में चाहे पंचायत चुनाव हों या फिर लोकसभा या विधानसभा चुनाव, यहां हिंसा अपरिहार्य बन चुकी है। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो (एनसीआरबी) ने 2018 की अपनी रिपोर्ट में कहा था कि देश में होने वाली 54 राजनीतिक हत्याओं के मामलों में से 12 बंगाल से जुड़े थे। उसी साल केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्य सरकार को जो एडवाइजरी भेजी थी, उसमें कहा गया था कि पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा में 96 हत्याएं हुई हैं और लगातार होने वाली हिंसा गंभीर चिंता का विषय है। उस रिपोर्ट में कहा गया था कि वर्ष 1999 से 2016 के बीच पश्चिम बंगाल में हर साल औसतन 20 राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थीं। वर्ष 1998 में ममता बनर्जी की ओर से टीएमसी के गठन के बाद वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसा का नया दौर शुरू किया। उसी साल हुए पंचायत चुनावों के दौरान कई इलाकों में भारी हिंसा हुई। ममता बनर्जी सरकार सिर्फ चुनावी हिंसा ही नहीं बल्कि भ्रष्टाचार और राज्य में हुए गंभीर अपराधों के आरोपों से भी घिरी रही है। देश में पश्चिम बंगाल एकमात्र ऐसा राज्य है जहां एनआईए सर्वाधिक मामलों की जांच कर रही है। इनमें सांसद अर्जुन सिंह के घर बम विस्फोट कांड, मोमिनपुर हिंसा के दो मामले, बीरभूम में 81 हजार जिलेटिन की छड़ें बरामद होने का मामला, रामनवमी में हिंसा के 6 मामले, लश्कर आतंकवादी तान्या परवीन का मामला (लंबित मुकदमा), जेएमबी के कई मामले, खजूर ब्लास्ट केस, भूपतिनगर विस्फोट मामला, नैहाटी विस्फोट कांड, मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में स्कूल के पास बम धमाका, मालदा के टोटो में धमाका और छत्रधर महतो मामले का कोर्ट में ट्रायल चल रहा है। ईडी के पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग भर्ती घोटाले के संबंध में एक्शन से टीएमसी कार्यकर्ताओं के एक कथित नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ। कलकत्ता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग को स्कूलों में ग्रुप सी के पदों पर कार्यरत 785 लोगों की भर्ती को रद्द करने के निर्देश दिए थे। वामपंथियों के 34 साल के राज को खत्म कर 2011 में बंगाल की सत्ता पाने वाली ममता बनर्जी के करीब 25 विधायक ईडी और सीबीआई के राडार पर हैं। इनमें तृणमूल के वरिष्ठ नेता भी शामिल हैं। पार्टी के लिए वर्ष 2017 में कोलकाता हाईकोर्ट में वकील बिप्लव रॉय चौधरी ने जनहित याचिका दायर की थी। इसमें उन्होंने कहा था कि 2011 से 2016 के बीच तृणमूल के 19 विधायकों की प्रॉपर्टी बेहिसाब बढ़ी। इसकी जांच होनी चाहिए। इनमें ममता के सबसे खास कहे जाने वाले और कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम का नाम भी है। बिप्लव रॉय चौधरी की याचिका का 5 साल से निपटारा नहीं हुआ। पार्थ चटर्जी की सहयोगी अर्पिता मुखर्जी के पास से 50 करोड़ रुपए और 5 किलो सोना मिलने के बाद चौधरी फिर हाईकोर्ट पहुंच गए। उन्होंने हाईकोर्ट में पार्थ से मिले कैश के विजुअल्स दिखाए और कहा कि 19 विधायकों की प्रॉपर्टी की जांच भी जल्दी होनी चाहिए। बंगाल में शिक्षक भर्ती, कोयला व मवेशी तस्करी कांड के बाद लाटरी का घोटाला भी सामने आ चुका है। इसके तार दूसरे घोटालों से जुड़े बताए जा रहे हैं। दरअसल यह घोटाला करने का नया तरीका है। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय में तृणमूल के कई नेताओं व उनके रिश्तेदारों को भारी-भरकम रकम वाली लाटरी लगी है। मवेशी तस्करी कांड में गिरफ्तार होकर आसनसोल की जेल में बंद तृणमूल के बाहुबली नेता व उनकी बेटी सुकन्या को कुल पांच लाटरी लग चुकी हैं। अनुब्रत को गिरफ्तारी से कुछ समय पहले ही एक करोड़ की लाटरी लगी थी। अनुब्रत ने तीन साल पहले भी लाटरी में 10 लाख रुपए जीते थे। सीबीआई का दावा है कि मवेशी तस्करी की काली कमाई को लाटरी के जरिए सफेद किया जाता है। सवाल यही है कि भाजपा पर भ्रष्टाचार और सरकारी तंत्र के दुरुपयोग करने का आरोप लगाने वाला विपक्ष ममता बनर्जी पर लगे चुनावी हिंसा और भ्रष्टाचार के नए-पुराने आरोपों को कैसे पचा पाएगा। विपक्ष जब तक अपना दामन ऐसे मामलों में साफ नहीं रखेगा, तब तक न सिर्फ चुनावी एकता कठिन है, बल्कि आम लोगों का विश्वास भी जीतने में वह सफल नहीं हो पाएगा।

## नागरिक बोध

# समान नागरिक अधिकारों के हक में

**संविधान** का अनुच्छेद 44 सबसे अधिक दुष्प्रचारित हिस्सों में से एक है। इस उपबन्ध के साथ बहुत अन्याय हुआ है। इसमें देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने की बात कही गयी है। सरकार से अपेक्षा की गयी है कि वह पन्थ, क्षेत्र, भाषा कि दूसरे इस तरह का बंटवारा करने वाले आधारो की परवाह किए बगैर सभी के लिए एक जैसा कानून बनाए। ऐसी व्यवस्था बनाए जो मानवीय गरिमा का सम्मान करता हो, उसे सुरक्षा बोध दे और सभ्य समाज के मानकों पर खरा उतरे। दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने के बजाए उसको हमने अपनी फितरत के मुताबिक एक हौव्वा खड़ा कर दिया। उस पर तार्किक बहस करने के बजाए उसे साम्प्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार गया। अदालत के निर्देशों की हेठी की गयी। यह दस्तूर आज भी कायम है। इस मामले में तो हम लोकशाही की महान परम्पराओं से भी मुंह चुराने लगते हैं। इस विषय पर स्वस्थ बहस करने के बजाए इसके प्रस्तावकों की लानत सलामत करने लगते हैं और उसे तब तक जारी रखते हैं जब तक कि सामने वाला थक हार कर बैठ न जाए। वैसे तो हमारे देश में अधिकतर मामलों में एक जैसा कानून लागू होता है। जमीन की खरीद फरोख्त, किराएदारी और दीगर दीवानी मामलों में आजादी के पहले से ही एक जैसा कानून लागू होता है, लेकिन विवाह, उत्तराधिकार, वसीयत दत्तक ग्रहण जैसे मामलों में आजादी के पहले से ही अलग-अलग सम्प्रदायों के लिए अलग कानून रहे हैं। संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण पोषण से जुड़े मामलों का सम्बन्ध किसी पूजा पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका सम्बंध इन्सानियत से है। निस्संतान व्यक्ति यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का अहसास होता है, तो उससे किसी पूजा पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है। यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाए यदि गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है तो इसमे उसका धर्म कहां से आड़े आता है। महिला-पुरूष के वैवाहिक सम्बन्धों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है तो इससे किसी भी सभ्य समाज के लिए शर्मिन्दगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए। आजादी के बाद इस दिशा में सकारात्मक पहल की गयी। समानता के सिद्धान्त को ध्यान में रखते हुए पारम्परिक हिन्दू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। पहले, पुरूष एक से अधिक शादियां कर सकता था, वहीं हिन्दू विवाह अधिनियम के जरिए उस पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया। पति-पत्नी को विवाह विच्छेद करके सम्मान पूर्वक एक दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया।

## देश दुनीया से

# नशे को 'न', जिंदगी को 'हां' कहें युवा

> शने की लत से बच्चे व शिकोर न केवल आक्रामक व तनाव से ग्रसित हो रहे हैं बल्कि कई शिकोर ओवरडोज से अपनी जान से भी हाथ धो रहे हैं। प्रत्येक वर्ष 26 जून को शनीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय शना मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। 7 दिसंबर 1987 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 26 जून को शनीली पदार्थ व दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था।

**दुनिया** भर में करीब 3.4 करोड़ लोग ड्रग्स का इस्तेमाल करते हैं और हर साल नशे के कारण करीब 2 लाख लोग जान गंवा बैठते हैं। हमारा देश भारत भी इससे अछूता नहीं है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ने वर्ष 2018 के दौरान देश में नशीले पदार्थों के प्रयोग की सीमा और स्वरूप के संबंध में राज्यवार ब्यौरा एकत्रित करने के लिए एक राष्ट्रीय सर्वेक्षण किया था जिसके अनुसार सभी आयु वर्ग में सबसे अधिक संख्या शराब का सेवन करने वालों की है। 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग के अनुमानित 30 लाख बच्चे और किशोर शराब का सेवन कर रहे हैं, जबकि 18 से 75 वर्ष आयु वर्ग में शराब का सेवन करने वालों की संख्या 15 करोड़ पाई गई है। वहीं 10 से 17 वर्ष आयु वर्ग में अनुमानित 40 लाख बच्चे और किशोर अफीम का सेवन कर रहे हैं। इसी आयु वर्ग में भांग के सेवन कर्ताओं की संख्या 20 लाख तक है। अनुमानित 50 लाख बच्चे और किशोर सूंघकर ऐसे पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, जबकि दो लाख बच्चे कोकीन और चार लाख बच्चे उत्तेजना पैदा करने वाले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं। इससे यह पता चलता है कि बच्चों व किशोरों में नशीले पदार्थों के सेवन की प्रवृत्ति और चलन लगातार बढ़ रहा है। नशे की लत से बच्चे व किशोर न केवल आक्रामक व तनाव से ग्रसित हो रहे हैं बल्कि कई किशोर ओवरडोज से अपनी जान से भी हाथ धो रहे हैं। प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। 7 दिसंबर 1987 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने प्रत्येक वर्ष 26 जून को नशीली पदार्थ व दवाओं के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया था। इसका महत्व समाज पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खतरनाक प्रभावों के बारे में जागरूकता का प्रसार करना और दुनिया को नशे से मुक्त कराना है। भारत में नारकोटिक्स ड्रग्स एवं साइकॉट्रॉपिक सब्सटेंसस अधिनियम 1985 को अधिनियमित किया है। इसके बावजूद भारत के बाजार में ड्रग यूजर्स के बढने की संभावना प्रबल हो रही है जो कि चिंता का विषय बना हुआ है। पंजाब का पड़ोसी राज्य होने के नाते हिमाचल प्रदेश भी नशे से अछूता नहीं है। सन्-2018 में हुए मेग्नीट्यूड ऑफ सब्सटेंस यूज इन इंडिया 2019 शीर्षक से प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार हिमाचल में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों की औसत संख्या उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड राज्य से कहीं ज्यादा है। आबादी की तुलना में हिमाचल में जहां 10 से 75 साल के बीच के 1.70 फीसदी लोग नशीले पदार्थों का सेवन कर रहे हैं, वहीं उत्तर प्रदेश में 0.60 फीसदी तथा उत्तराखंड में 0.80 प्रतिशत लोग नशे की चपेट में हैं। पंजाब से लगते बॉर्डर जिलों को नशे से सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार की तरफ से हिमाचल प्रदेश पुलिस मुख्यालय ने हाल ही में वेबैक्स के माध्यम से 150 स्कूलों के हजारों बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में सचेत किया जो कि सराहनीय है। ऊना जिला प्रशासन ने नशा मुक्त ऊना अभियान की शुरुआत करके प्रदेश में एक अच्छे कार्यक्रम की पहल की है। ऊना जिले में उपायुक्त महोदय तथा सभी ब्लॉकों में एसडीएम की अगुवाई में टास्क फोर्स कमेटियां बनाई जा चुकी हैं। सभी विद्यालय प्रमुखों का विशेष प्रशिक्षण के साथ नशा विरोधी सतर्कता समितियों का गठन किया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर इसे उतारने के लिए पंचायत स्तर पर टास्क फोर्स कमेटियों का गठन किया जाएगा। नशे के खिलाफ डिमांड ड्रिवन अप्रोच से पंचायती राज संस्थाओं, स्कूल प्रबंधन, ग्रामीण स्तर पर टास्क फोर्स कमेटियां बनाकर, विद्यालय में रेडक्रॉस क्लब के माध्यम से ताकि बच्चों और युवाओं को नशे के विरुद्ध लडने के लिए भावनात्मक रूप से तैयार किया जा सके और यह अभियान जनमानस का बनने के साथ हिमाचल में नशे के प्रवेश को रोका जा सके। नशे में फंसने के बाद बहुत से किशोर अपने करियर और पढ़ाई को तबाह कर रहे हैं। ऐसा अक्सर देखा गया है कि नशा करने वाले किशोरों का परिवार या फिर खुद नशा करने वाले अपनी इस आदत से इस कदर परेशान हैं कि नशा छुड़ाने के लिए किसी चमत्कार की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

# दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 700 छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

➲मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को की उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला परिषद परिसर के सभा कक्ष में प्रभात खबर द्वारा आयोजित दसवीं एवं बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं के सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता शामिल हुएं। सर्वप्रथम कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों का स्वागत प्रभात खबर के जिला ब्यूरो दीनबंधु ठाकुर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। जिसके उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ मंत्री श्रम नियोजन प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग झारखंड सरकार श्री सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उक्त कार्यक्रम में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कुल 700 छात्र छात्राओं की हौसलाअफजाई करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया तथा उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। उक्त मौके पर पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिलापरिषद उपाध्यक्ष ब्रिज किशोर तिवारी, 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष प्रभुदयाल यादव, अनुमंडल पदाधिकारी मुमताज अंसारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा, समाजसेवी कालीचरण सिंह, समाजसेवी उदय वर्मा, प्रभात खबर ब्यूरो दीनबंधु जी, संवादाता तस्लीम, छायाकार रवि कुमार, छात्र छात्राओं के अभिभावक समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

## अवैध शराब उत्पादकों के विरुद्ध उत्पाद विभाग व प्रतापपुर पुलिस ने की कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रतापपुर पुलिस व उत्पाद विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए रविवार को थाना क्षेत्र के गिधा, महकमपुर व योगीडीह गांव में संचालित देसी शराब की कई अवैध भट्ठियां ध्वस्त की है। चतरा एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रतापपुर थाना क्षेत्र के उपर्युक्त गांवों में यह कार्रवाई की गई। बताते चलें कि प्रतापपुर पुलिस व उत्पाद विभाग के द्वारा लगातार अभियान चलाकर शराब भठियों को ध्वस्त किया जा रहा है। प्रतापपुर पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी लव कुमार ने बताया कि जो भी लोग इस तरह के अवैध शराब भट्ठियां चला रहे हैं वे जल्द से इस काम को छोड़ कर मुख्य धारा से जुड़ जाएं। अन्यथा उनके विरुद्ध कठोर से कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। अभियान में शामिल उत्पाद निरीक्षक निर्मल मरांडी, एसआई विरेंद्र तिवारी, एसआई जितेंद्र उरांव सहित सशस्त्र बल व उत्पाद विभाग के अन्य पदाधिकारी व कर्मी शामिल थे।

## अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर मिड डे मील के राशन सहित अन्य सामान की चोरी की

**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारियातू थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय नचना का ताला तोड़कर शनीवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने मिड- डे- मिल के राशन समेत अन्य समान चोरी कर लिया। जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिन्हा ने बताया कि रविवार को सुबह आंगनबाड़ी सेविका घानो देवी के द्वारा मोबाइल से विद्यालय के कमरे का दरवाजा खुला होने की सूचना दिया गया। सूचना मिलते ही मै विभाग के बीपीओ बिरेन्द्र भगत, कोडिनेटर नागेंद्र कुमार, स्थानीय मुखिया सरिता देवी को सुचित किया एवं विद्यालय पहूचे तो देखा कि विद्यालय के कार्यालय व रसोई घर का ताला टूटा हुआ है. और कार्यालय मे रखे सभी कागजात बीखरा पड़ा है. वंही रसोई घर मे रखा 20 केली मसूर का दाल गायब था. इस की लिखित आवेदन बारियातू थाना एंव बीईओ व प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दे दिया हूँ। ज्ञात होकी बीते 10 जून को भी विद्यालय का ताला तोड़कर रसोई से मिड- डे- मिल व खेल के कई सामग्री की चोरी कर ली गई है।

## लातेहार से सैकड़ों जनजाति परिवार दिल्ली के हुल दिवस कार्यक्रम में करेंगे शिरकत

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** छात्र नेता रमेश उरांव के नेतृत्व में हुल दिवस मनाने को लेकर सैकड़ों जनजाति परिवार 30 जून को दिल्ली के हुल दिवस कार्यक्रम में भाग लेंगे।उक्त विषय का जानकारी देते हुए रमेश उरांव ने कहा कि 28जून को लातेहार से सैकड़ों जनजाति परिवार हुल दिवस कार्यक्रम को लेकर अपनी परंपरागत पोशाक के साथ दिल्ली जाएंगे। जहां हुल दिवस में महामहिम राष्ट्रपति सहित कई दिग्गज नेताओं का होगा संबोधन तथा कई ऐतिहासिक धरोहर का भी किया जाएगा भ्रमण।

## वज्रपात से मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग

**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शनिवार की सुबह नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लाई गांव में हल्की बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। मवेशी लाई ग्राम निवासी दिलदेव उरांव का बताया जा रहा है। दिलदेव उरांव ने बताया कि सुबह के समय खेत में हल चला कर मवेशी को चारा खाने के लिए खोले थे। जो कि चारा खाने के लिए मवेशी लाई जंगल की ओर गई, इसी दौरान हल्की बारिश होने लगी वहीं मवेशी महुआ पेड़ के निचे खड़ी थी, जोरदार वज्रपात हुई जिसकी चपेट में आने से मवेशी का मौके पर ही मौत हो गया। इधर इस घटना से पीड़ित परिवार दिलदेव उरांव ने प्रखंड व जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।

# जंगल से भटक कर आए हिरण के बच्चे को ग्रामीणों ने वन विभाग को सौंपा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**प्रतापपुर :** प्रखंड के डूमरवार गांव में रविवार को जंगल से भटक कर आए एक हिरण के बच्चे को ग्रामीणों ने वन विभाग को बुलाकर सौंप दिया। हिरण का बच्चा बिल्कुल स्वस्थ्य है। उसकी देखभाल वन कर्मियों द्वारा की जा रही है। उसे सोमवार को हजारीबाग वन्य जीव आश्रयणी छोड़ा जाएगा। प्रभारी वनपाल विकास कुमार रंजन ने बताया कि डूमरवार गांव के लोगों द्वारा सूचना दी गई थी कि जंगल से भटक कर एक हिरण का बच्चा गांव में आ गया है। जिसे ग्रामीणों द्वारा सुरक्षित रखा गया है।त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचा। तत्पश्चात ग्रामीणों ने हिरण के बच्चे को डूमरवार पंचायत के पंचायत समिति सदस्य मुकेश कुमार पासवान की उपस्थिति में वन विभाग को सुपुर्द किया गया। वनपाल विकास रंजन समेत अन्य वनकर्मियों व प्रखंड के प्रबुद्ध जनों ने ग्रामीणों द्वारा किए गए इस कार्य की सराहना की है। ग्रामीणों को जंगल से भटक कर गांव आए जंगली जानवरों के संबंध में हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई जंगली जानवर गांव की ओर भटक कर आ जाता है तो उसे मारें नहीं।सबसे पहले उस जानवर के आंख पर पट्टी बांधकर रखें, जिससे वह भीड़ देखकर भयभीत नहीं होगा। उसके बाद वन विभाग को तत्काल सूचित करें। वन विभाग उस पर त्वरित कार्रवाई करेगी। हिरण के बच्चे को गांव से विदाई के मौके पर डूमरवार पंचायत के पूर्व मुखिया नरेश रजक, स्थानीय ग्रामीण अजय कुमार यादव, महेंद्र पासवान, विलास यादव, धर्मेंद्र पासवान, संतोष यादव, प्रभु यादव, सत्येंद्र यादव, लखन यादव, भुनेश्वर भारती सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

# जनता जागृति विकास केंद्र के द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्मेलन संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मनिका प्रखण्ड के लोहिया भवन में दिन रविवार को जनता जागृति विकास केंद्र सोसाइटी के तत्वधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण रखा गया। जिसमें मुख्य अथिति केंद्रीय अध्यक्ष अजय नारायण प्रसाद के द्वारा परियोजना के उद्देश्य,जो आर्थिक स्थिति तंगी में मजबूत करना,आजीविका से जोड़ना, महिला पुरुष को आत्मनिर्भर बनाने का कार्य के बारे में जानकारी दिया गया। साथ ही, शिक्षा नीति, बेरोजगार, पलायन रोकथाम, समूह, बचत पर लाभ वापस लेन देन में लाभ के बारे जानकारी दिया साथ ही आजीविका से जोड़ने हेतु बकरी पालन,मुर्गी पालन, सुअर पालन, चपल फाउंडेशन,पतल फाउंडेशन ,लघु उद्योग, सामूहिक उद्योग, के बारे में प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें उपस्थित वरीय पदाधिकारी अजय नारायण प्रसाद,लातेहार जिला इंचार्ज लियाकत अंसारी, प्रखण्ड कर्मचारी इम्तियाज अंसारी, संचालक कर्ता कलीम अंसारी कर्मचारी, रेखा देवी,सुरेश भुईयां, चांदनी कुमारी, रविन्द्र यादव,कृष्णा राम,मुकेश कुमार भगत राजेंद्र उरांव, सरवन सिंह मनिका प्रखण्ड के संस्थापक अमृत सिंह,सुदेश उरांव सैकड़ों सदस्य उपस्थित हुवे।

## एटीएम मशीन से ग्राहकों को नहीं मिल रहे पैसे बढ़ी परेशानी




**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय के निकट सिमरिया सुभाष चौक पर संचालित बैंक ऑफ इंडिया शाखा के निचले तल्ला में स्थापित किए गए इंडिया 1 एटीएम मशीन से इन दिनों ग्राहकों को काफी परेसानी हो रही है। ग्राहक अपना एटीएम कार्ड लेकर एटीएम मशीन से पैसे निकासी करने जाते हैं। जहां ग्राहकों को पैसे तो नहीं लेकिन निकासी किए गए पैसों की रसीद प्राप्त हो जाता है। पैसा नहीं निकलने से ग्राहक खाली हांथ निरास होकर वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं। ज्ञात हो कि रविवार को टंडवा थाना क्षेत्र के किशुनपुर निवासी अरविंद कुमार पाठक एटीएम कार्ड एटीएम मशीन में डाल कर 4000 चार हजार रुपये की निकासी की परंतु पैसे की निकासी नहीं हुई और निकासी का रसीद प्राप्त ही गया।घटना की पुनरावृत्ति होने से एटीएम ग्राहकों को काफी परेशानी हो रही है। जिसे लेकर ग्राहकों का कहना है कि मशीन में तकनीकी खराबी को दुरुस्त करें ताकि एटीएम धारकों को सुविधा मिल सके।

## टेठईटांगर प्रखंड के मसेलिया मंडली में धूमधाम से मनाया गया बाल दिवस पूर्व मंत्री हुए शामिल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** ठेठईटांगर प्रखंड के मसेलिया मंडली में धूमधाम से रविवार को बाल दिवस दिवस मनाया गया कार्यक्रम में पूर्व मंत्री एनोस एक्का छापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का मुख्य रूप से उपस्थित थे जहां पर ढोल मांदर के ताल पर उनके स्वागत कर कार्यक्रम स्थल तक ले गए जिसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत हुई। जहां पर फादर के द्वारा विधिवत रूप से मिस्सा पूजा का आयोजन करते हुए बाल दिवस की शुरुआत की। मौके पर पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए कहा चर्च परिसर में बाल दिवस मनाने का एकमात्र उद्देश्य है कि हमारे आने वाले कलीसिया समुदाय के बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए हमें हमारी संस्कृति और हमारे विरासत को बचाने के लिए हमारे बच्चों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है ।क्योंकि हमारे द्वारा जो भी सीख दी जाएगी वही हमारे बच्चों के अंदर उनके जीवन में प्रभाव पड़ेगा ।आप बच्चों को स्कूल भेजें स्कूल भेजने के पश्चात यह भी याद रखें कि बच्चा स्कूल गया या नहीं बच्चे पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद के अलावा अपने सामाजिक कार्यों में भी विशेष योगदान दे ताकि उनका उज्जवल भविष्य हो सके। उन्होंने कहा कि झारखंड पार्टी लगातार सभी वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। आप सहयोग करें। सन्देश एक्का ने कहा बस इस देश के भविष्य हैं और हमारे समाज की रीढ़ ऐसे में आप सभी अभिभावक अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा संस्कार और खेलकूद के क्षेत्र में उन्हें आगे बढ़ाने का कार्य करें ताकि क्षेत्र का विकास हो। मौके पर अमन खेस, रसाल खलखो, अंकित सुरीन नुवेल हैरेंज बाबूराम लकड़ा, सूरसेन तिर्की, सिप्रियन बरवा, मनुवेल डाँग, एप्रेम गुड़िया, जुसाय केरकेट्टा, हलन बरला आदि सैकडो की संख्या में महिलाएं एवं बच्चे शामिल हुए।

# कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ केरसई में तीन दिवसीय शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा

## भक्तिमय हुआ माहौल, लगे हर हर महादेव के जयकारे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरसई :** प्रखंड अंतर्गत केरसई भण्डारटोली स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रविवार को ऐतिहासिक भव्य कलश यात्रा के साथ आरंभ हुई। कलश यात्रा केरसई खालीजोरा नदी से शुरू हुई, जहाँ सैकड़ों की संख्या से भी अधिक श्रद्धालुओं ने कलश में जल लेकर कलश यात्रा में शामिल हुए। इस पावन अवसर पर आचार्य संजय पाठक ने सभी श्रद्धालुओं को विधिवत मंत्रोचार कर सामूहिक रूप से जल लेकर संकल्प कराया, जिसके बाद कलश यात्रा शुरू हुई। यह भव्य कलश यात्रा भंडारटोली, बाजारटांड, महावीर मंदिर होते हुए पुनः शिव मंदिर, भंडार टोली तक पहुंची। इस भव्य कलश यात्रा के



दौरान सभी श्रद्धालु में देवों के देव महादेव के प्रति अलौकिक श्रद्धा दिख रही थी और सभी श्रद्धालु बोल बम, जय श्री राम, हर हर महादेव के नारे लग रहे थे, जिससे पूरा परिदृश्य भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के समापन के पश्चात भंडारे के रूप में प्रसाद का वितरण किया गया, जहां संकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन वेदी पूजन शुरू हुई जिसमें आचार्य संजय पाठक, सहायक पुजारी अजय कुमार झा, परमेश्वर पंडा,सोनाराज शास्त्री एवं नवीन मिश्रा के द्वारा सभी प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न कराए जा रहे हैं, वहीं अभिषेक कुमार रोहित एवं उनकी धर्मपत्नी ममता देवी यजमान की भूमिका निभा रहे हैं। शिव मंदिर निर्माण समिति के सदस्यों ने बताया कि वेदी पूजन के बाद आज प्रातः कालीन 8:00 बजे से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का प्रारंभ किया जाएगा। जिसके लिए आसपास के कई कीर्तन मंडलियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा प्राण प्रतिष्ठा में जलाधिवास, अन्नाधिवास, पुष्पाधिवास, फलाधिवास की विधिवत पूजन की जाएगी। जिसके बाद आरती के साथ दूसरे दिन का कार्यक्रम संपन्न होगा। वहीं मंगलवार को हवन पूजन, नगर भ्रमण एवं भंडारे के साथ ही प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। भव्य कलश यात्रा के कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव के सभी लोगों सहित ढेरों गणमान्यों एवं नवयुवकों की सराहनीय भूमिका रही।

## कुंदा वनकर्मियों ने ग्रामीणों के मदद से दो ट्रैक्टर समेत 10 लकड़ी किया जब्त, मामला दर्ज



**कुन्दा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के सरजामातु गांव के जंगल से वनकर्मियों ने शनिवार देर शाम को साले व गिजन प्रजाति के दस लकड़ी के बोटा( मोटा लकड़ी ) लदा दो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया है। जब्त ट्रैक्टर में एक महिंद्रा व दूसरा पॉवर ट्रैक कंपनी का है।जब्त दोनो ट्रैक्टर को जब्त कर थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। वही इस मामले में वन अधिनियम के तहत प्रतापपुर के दो लकड़ी माफिया व ट्रैक्टर पर मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रभारी वनपाल मुकेश कुमार ने बताया की वन संरक्षण समिति के द्वारा वरीय पदाधिकारी को सूचना प्राप्त हुआ था। प्रतापपुर के कुछ लकड़ी माफिया जंगली रास्ते से सरजामातु गांव के जंगल में मजदूरों से लकड़ी कटवा कर उसे ट्रैक्टर में लोडिंग कर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।उसी सूचना के आलोक में कुंदा वनकर्मी व पुलिस बल के साथ उक्त गांव के जंगल में सर्च किया गया। इसी दौरान दो ट्रैक्टर में दस लकड़ी का बोटा लदा जब्त किया गया। उक्त अवैध लकड़ी के माफिया द्वारा बाजार में बेचने का कार्य करते हैं। वनपाल ने बताया की एक ट्रैक्टर को शनिवार को ही थाना लाया गया जबकि दूसरा लकड़ी लदा ट्रैक्टर खराब हो जाने के वजह से रात्रि हो जाने के कारण उस ट्रैक्टर को उस गांव के वन संरक्षण समिति के जिम्मा में दे दिया गया।रविवार को खराब ट्रैक्टर को अन्य ट्रैक्टर के मदद व ग्रामीणों के सहयोग से थाना लाया गया।इस अभियान में प्रभारी वनपाल मुकेश कुमार, वनरक्षि मुन्ना उरांव, अविनाश कुमार, स्वेत कुमार सिन्हा, मनीष कुमार, दिवाकर कुमार दास, पुलिस बल और वन संरक्षण समिति के लोग शामिल थे।

# एक दूसरे के सहयोग के बिना बेहतर समाज की कल्पना नहीं : जोसिमा खाखा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोरोंजो पारिस के जीईएल चर्च अंबापानी में दूसरा मार्था बपतिस्मा दिवस का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रुप से जिप सदस्य जोसिमा खाखा उपस्थित थी। जोसिमा ने कहा कि हमे एक दूसरे का सहयोगी बनने की जरूरत है। एक दूसरे के सहयोग के बिना बेहतर समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। प्रतिदिन प्रभु येसु के वचनों को सुने। प्रभु के वचन को जीवन मे उतारें। बुराई से दूर रहें। शिक्षा को जीवन मे प्राथमिकता दें। उन?होंने कहा कि ईश्वर की कृपा आप सभी पर बना रहे। ईश्वर आप सभी के जीवन खुशियां भर दे। उन्होंने कहा कि हमे समाज मे फैली बुराइयों को भी दूर करने की जरूरत है। समाज के लोगो को संगठित करना जरूरी है। जब तक हम संगठित नहीं होंगे हमारा समाज पिछड़ेपन से जूझता रहेगा। जोसिमा ने ने लोगों को एक दूसरे में प्यार बांटने का संदेश देते हुए कहा कि जीवन मे कभी अमीरी गरीबी का भेदभाव न करें। सभी मनुष्य ईश्वर के संतान हैं। कहा कि बुराइयों से हम दूर रहें। जीवन मे अच्छाई को आत्मसात करें। क्योंकि प्रभु येसु भी बुराइयों से नफरत करते हैं। वहीं कोलेबिरा विधायक विक्सल कोंगाड़ी ने कहा कि समाज को सही दिशा में ले जाने के लिए समाज का हरेक जन सहयोग करें। कलीसिया को मजबूत बनाएं। बच्चों को अच्छी शिक्षा दें। युवा वर्ग नशापान से दूर रहें। बच्चे अपने से बड़ों को सम्मान दें।इससे पूर्व मिस्?सा पूजा का आयोजन किया गया। मिस्?सा पूजा खूंटीटोली के बिशप मुरेल बिलुंग की अगुवाई में संपन्?न हुआ। कार्यक्रम में बारिश के बावजूद भारी संख्या में मसीही धर्मावलंबी उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने किया कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र का दौरा, लोगों की सुनी समस्याएं



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने रविवार को दौरा करते हुए विभिन्न चर्चों में जाकर वहां पर उपस्थित लोगों की जन समस्याओं को सुना साथ ही समाधान करने की बात कही। उन्होंने सहारा टोली चर्च, उरते चर्च, डोंगा पानी चर्च कोम्बा केरा चर्च पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने पारंपरिक तरीके से उनका माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर झापा युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री ने संबोधित करते हुए लोगों को कहा कि इस प्रकार इकट्ठा होकर परम पिता परमेश्वर की प्रार्थना करना संगठन को बल मिलता है आदिवासी मूलवासी क्षेत्र के निवास करने वाले लोग इसी प्रकार संगठित रहकर कार्य करें ताकि अपनी समस्याएं दूर होंगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में जो समस्याएं हैं वह किसी से छुपा हुआ नहीं लेकिन उन्हें दूर करने के लिए कोई जनप्रतिनिधि ध्यान नहीं दे रहा है इसलिए अब वक्त आ गया है कि झारखंड पार्टी का सहयोग करें ताकि झारखंड पार्टी आपकी समस्याओं को दूर करने का प्रयास करेगी। संदेश एक्का ने कहा कि बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी है। जिसे झारखंड पार्टी दूर करने के लिए कमर कस चुकी है और आने वाले चुनाव में आप सहयोग करें क्षेत्र का सभी अधूरे कार्य पूरे होंगे। झारखंड पार्टी की ओर से अमन खेस, रसाल खलखो, अंकित सुरीन नुवेल हैरेंज चिराग बाड़ा जोसेफ डुंगडुंग निकोसन कोंगाडी, बेलास एक्का, भोला दास, प्रबोध सुरीन, बाबूराम लकड़ा,जुनुल तोपनो, मरसल बाबा, सिमोन मिंज, बिमल जोजो, मनोनीत बा आदि उपस्थित रहे।

## सुजान मुंडा ने कहा ग्रामीणों के साथ मिलकर बिजली विभाग के खिलाफ करेंगे उग्र आंदोलन



**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा प्रखंड के सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा जलडेगा के कई ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण किया इस दौरान ग्रामीणों ने उनसे गांव में बिजली नही रहने की समस्या से अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि पिछले सप्ताह से गांव में बिजली आपूर्ति ठप है। ऐसे में ग्रामीणों को सांप, बिच्छू सहित कई अन्य विषेले जीव जंतुओं से खतरा बना हुआ है। सांसद प्रतिनिधि ने ग्रामीणों को कहा कि अब बिजली विभाग की मनमानी और लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,ये बिजली विभाग के लापरवाही के कारण आज क्षेत्र में बिजली बहाल नहीं हो रही है,बिजली विभाग क्षेत्र के ग्रामीणों को सिर्फ बिजली बिल के नाम पर शोषण करना जानती है सेवा देना नही। **24 घंटे के अंदर नहीं हुआ क्षेत्र में बिजली बहाल तो होगा आंदोलन : सुजान :** अगर 24 घंटा के अंदर क्षेत्र में बिजली विभाग बिजली बहाल नहीं करेगी तो क्षेत्र की जनता आंदोलन करने को मजबूर होगी, एनएच 143 को अनिश्चित काल के लिए चाका जाम करेगी,और बिजली विभाग में ताला जड़ेगी।जिसकी जिमेवारी जिला प्रशासन की होगी। **बिजली नहीं रहने के कारण बच्चों को पढ़ने लिखने में हो रही समस्या :** बिजली नही रहने से विद्यालय में पड़ने लिखने वाले बच्चों को काफी कठिनाइयां हो रही है। सांसद प्रतिनिधि सुजान मुंडा ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा,उपायुक्त सिमडेगा,अनुमंडल पदाधिकारी सिमडेगा,कार्यपालक अभियंता विद्युत प्रमंडल सिमडेगा से अपील किया है की अविलंब संज्ञान लेते हुए क्षेत्र में बिजली बहाल किया जाय।

## संक्षिप्त खबरें

### बरही एनएच आईबी में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का हुआ आयोजन



**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** एनएच आईबी में प्रबुद्ध जन सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे बरही क्षेत्र के राजनीतिक दल के नेता, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं जनप्रतिनिधि शामिल हुए। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। भाजपा की ओर से पूर्व विधायक समेत अन्य कार्यकर्ताओं ने आपातकाल के दौरान गवाह बनें लोगों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। जिसमें शैलेंद्र सिन्हा, विजय साव, अर्जुन स्वर्णकार, सुरेश राणा, महेंद्र दुबे, डॉ संगीता चौधरी, तिलकधारी, डोमन साव, जानकी ठाकुर, कृष्णा रविदास शामिल है। प्रबुद्धजनों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आज ही के दिन 25 जून 1975 को तत्कालीन राष्टपति फखरुद्दीन अली अहमद ने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के सिफारिश पर आपातकाल की घोषणा की थी। रातोंरात लोगों के लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिए गए। विपक्षी दलों के नेताओं को जेल में डाल दिया गया। अभिव्यक्ति के सभी माध्यमों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। देश के लोकतंत्र में यह काला दिन बनकर अंकित है। आपातकाल 1977 में 21 मार्च को हटाया गया। यह आपातकाल आजाद भारत के इतिहास की सबसे विवादास्पद घटनाओं में से एक है। इस काले दिन के इतिहास को देश कभी नही भूलेगा। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, भाजपा वरिष्ठ नेता शैलेंद्र सिन्हा, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, अर्जुन स्वर्णकार, आरएनआईएम के उप प्राचार्य डॉ संजय वर्णवाल, सुरेंद्र रजक, एसएसएमटी अध्यक्षा डॉ संगीता चौधरी, महेंद्र दुबे, जिप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, हरेंद्र गोप, अरविंद कुमार, मुकेश कुमार, नागेश्वर रजक, मणितोष कुमार, डॉ सुनील दत्ता, उपमुखिया मनोज उपाध्याय, बिरेंद्र यादव, शिवा निषाद, आकाश राज, आकाश जयसवाल, राजकुमार केशरी, गौतम राणा, मंटू ठाकुर, अमित केशरी, अमित सिंह उर्फ छोटू आदि उपस्थित रहें।

### झारखंड कुशवाहा महासभा प्रदेश समिति की बैठक हुई

**रामगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड कुशवाहा महासभा प्रदेश समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो की अध्यक्षता में रामगढ़ कुशवाहा धर्मशाला रविवार को संपन्न हुई। बैठक का संचालन प्रदेश महासचिव सत्यदेव प्रसाद वर्मा ने किया। बैठक में झारखंड कुशवाहा महासभा के मुख्य संरक्षक हजारीबाग के पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता एवं संरक्षक बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।इस बैठक में प्रदेश कार्यसमिति में लिए गए निर्णय 1. रामगढ़ जिला इकाई का चुनाव एवं सम्मेलन दिनांक 26 जुलाई को कुशवाहा धर्मशाला रामगढ़ में होना तय हुआ है साथ ही साथ रामगढ़ जिला का कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व सैनिक चतुर्भुज कश्यप को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है।, 2.सभी पदाधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सामाजिक सदस्यता बनाते हुए सामाजिक संगठन को मजबूती प्रदान करना है।, 3. ओबीसी का आरक्षण 27त्न झारखंड में मिले इसके लिए राजभवन के समक्ष धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया।, 4.2024 तक मंच बनाकर लड़के लड़कियों का सामूहिक विवाह कराने का आदेश पारित किया गया। , 5.समाजिक राजनीतिक स्वजातीय सम्मेलन चतरा में कराने का निर्णय लिया गया।, 6.जो भी राजनीतिक पार्टी हमारे स्वजातीय बंधुओं को टिकट देंगे, सभी लोग दल से ऊपर उठकर अपने स्वजातीय उम्मीदवार को मदद करेंगे,ऐसा समिति में निर्णय लिया गया। इस बैठक में झारखंड के प्रत्येक अटटटजिला के जिलाअध्यक्ष/ महासचिव एवं प्रदेश के पदाधिकारी उपस्थित हुए। प्रदेश सलाहकार डॉ आर सी मेहता, देवचरण दांगी राष्टपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षक, घनश्याम महतो,अधिवक्ता शंभू कुमार, प्रशिक्षण प्रमुख संजय शान, प्रदेश संगठन सचिव बटेश्वर प्रसाद मेहता प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रमणि देवी, प्रो0 अर्जुन प्रसाद वर्मा, देवेंद्र कुमार मेहता, बैजनाथ मेहता, सत्यनारायण मेहता, प्रदेश सचिव प्रोफेसर श्यामसुंदर प्रसाद, उचित महतो, भरत मेहता, अजय कुमार कुशवाहा, प्रदेश कोषाध्यक्ष भुनेश्वर प्रसाद उर्फ भुन्नू महतो, महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष लीलावती मेहता, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजपति देवी, प्रदेश युवा प्रभारी अर्जुन कुमार संथाल परगना संयोजक अजीत कुमार मांझी, एस0एन मेहता जिलाध्यक्ष केदार प्रसाद दांगी, वीरेंद्र मेहता, भूषण कुशवाहा, सुनील कुमार महतो, ओमप्रकाश भगत, मुकुटधारी महतो, अमर लाल महतो पूर्व सैनिक चतुर्भुज महतो, जिला सचिव हरी नाथ महतो, राजकुमार महतो,लक्ष्मण कुशवाहा, सुरेश महतो, सोहनलाल मेहता, टुकेश्वर प्रसाद, विकास कुमार इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

# भाजपा की प्रबुद्ध सम्मेलन हुई संपन्न, सांसद जयंत सिन्हा रहे उपस्थित

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रविवार को मारवाड़ी धर्मशाला में भारतीय जनता पार्टी का देशव्यापी अभियान महा जनसंपर्क अभियान के तहत रविवार को रामगढ़ जिले में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता की अध्यक्षता में मारवाड़ी धर्मशाला में प्रबुद्ध सम्मेलन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयंत सिन्हा,मंच संचालन महामंत्री प्रो. खिरोधर साहू एवं धन्यवाद ज्ञापन छोटन सिंह ने किया।? महापुरुषों की तश्विरों पर माल्यार्पण के पश्चात मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित



हजारीबाग लोकसभा सांसद जयंत सिन्हा ने कहा की देश में लगा आपातकाल न सिर्फ कांग्रेस की दमनकारी नीति को इंगित करता है बल्कि इनकी देशविरोधी और भ्रष्ट मानसिकता के कारण हीं देश में आजादी के बाद उन्होंने न तो कभी आम नागरिकों के हितों की चिंता की और न हीं देश की सीमाओं को अपने निजी स्वार्थ के कारण कभी मजबूत किया। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जहां भाजपा ने देश के अंतिम पायदान के गरीब परिवारों के हितों की रक्षा हेतु न सिर्फ योजनाएं बनाई बल्कि उसका लाभ उन तक पहुंचे उसकी भी चिंता की थी जिसका प्रमाण करोना काल में देश के अस्सी लाख परिवारों को दो साल तक मुफ्त राशन देने से लेकर आम जरूरतों के लिए हजारों रुपए भी जनधन खाते के माध्यम से लाभुकों तक पहुंचाया जिसको पहले कांग्रेस की सरकारों में मिलना एक सपना समझा जाता था। हमारी सरकार के मजबूत नेतृत्व में जहां देश की सीमाएं सुरक्षित हुई है वहीं देश के अंदर विकास कार्यो को नया मुकाम मिला है। पर वहीं दूसरी ओर उसी भ्रष्टाचारी मानसिकता वाली राजनीतिक पार्टियों के साथ गठबंधन बनाकर ये देश को लूटने में लगे हैं जिसका ताजा उदाहरण झारखंड राज्य है जहां के मुख्यमंत्री पर तो भ्रष्टाचार के लिए ईडी और सीबीआई की जांच तो चल हीं रही है साथ हीं इनके निजी सचिव से लेकर राज्य के वरिष्ट आईएएस अधिकारी भी जेल में बंद है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, प्रसिद्ध व्यवसाई तिलकराज मंगलम,प्रदेश कार्यसमिति सदस्यगण रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू,रंजीत सिन्हा, कैंट मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो,जिला मीडिया सह प्रभारी भीमसेन, आईटी सेल प्रभारी धीरज साहू,मणिशंकर ठाकुर, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक इत्यादि लोग उपस्थित हुए।

## बड़कागांव पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के नेतृत्व में शनिवार रात को वारंटियों के विरुद्ध छापेमारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान बड़कागांव थाना कांड संख्या 89/95 के वारंटी अभियुक्त कार्तिक महतो पिता लिला महतो को शनिवार रात राउतपारा से गिरफ्तार करके जेल भेजा गया। गिरफ्तार आरोपी पर करवाई करते हुए न्यायालय में अग्रसारित किया



गया। करवाई में मुख्य रूप से थाना प्रभारी विनोद तिर्की, एस आई रितेश कुमार राव, प्रदीप महतो, शिवानंद तिवारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का एकदिवसीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत सचिवालय गोरहर प्रांगण में झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले एक बैठक आहूत कि गई।जिस बैठक में सर्वसम्मति से एक कमेटी का गठन किया गया।जिस बैठक में अध्यक्ष लखन महतों,सचिव राकेश कुमार,कोषाध्यक्ष अरुण कुमार व उपाध्यक्ष छोटन कुमार कोल्ह का चयन उपस्थित लोगों के द्वारा किया गया।बैठक में उपस्थित लोगों के द्वारा झारखंडी भाषा



खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतों के द्वारा झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति को राजनीतिक,आर्थिक व शाररिक रूप से हर संभव मदद कर जयराम महतों के हाथों को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से बरकट्ठा दक्षिणी जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय, संतोष कुमार पाण्डेय, श्याम प्रसाद वर्णवाल, रामचन्द्र प्रसाद,शंकर प्रसाद,अंतु महतो, प्रमोद यादव,मनिष कुमार,लखन कुमार के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## बिजली बिल ब्याज माफी योजना के तहत पंचायतो में लगेगा कैंप

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के द्वारा बिजली बिल ब्याज माफी योजना-2023 के तहत ÷एकमुश्त समाधान योजना÷ 01अप्रैल 2023 से 30 जून तक लागू है । ÷एकमुश्त समाधान योजना÷के तहत जेई कुन्नूराम मुर्मू ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनाँक 26 जून 2023 को सारूकुदर एवं अचलजामु,27 जून 2023 बरांय,28 जून 2023 गोविंदपुर,29 जून 2023 जोबर 30 जून 2023 बंदखारो एवं गाल्होबार में कैम्प आयोजित की



जायेगी जिन उपभोक्ताओं को ब्याज माफी योजना का लाभ लेना है,वो अपने मुखिया से सम्पर्क स्थापित करें। जिस जगह पर कैम्प नही लगा वो अपना भुगतान बैंक ऑफ इंडिया के अपोजिट बिजली कार्यालय विष्णुगढ़ में भी जमा कर सकते है । ऋष्ण माफी योजना का लाभ उपभोक्ताओं को इसी माह 30 जून 2023 तक मिलेगा अतः आप सभी तय तिथि के भीतर ऋष्ण माफी योजना का लाभ उठाएं ।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** सोनी धर्मशाला बड़कागांव में झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय बैठक किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा एवं संचालन प्रखंड सचिव बासुदेव यादव ने किया। समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया के प्रखंड के सभी पंचायत में पंचायत कमेटी गठन कर बूथ स्तरीय कमेटी बनाना है। किशोर राणा ने कहा प्रत्येक पंचायत में सदस्यता अभियान चलाकर प्रत्येक पंचायत से 200 नया सदस्य बनाया जाएगा। 2024 में विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से तैयारी करना है। मौके पर मुख्य



रूप से प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईयां, झामुमो वरिष्ठ नेता रफीक अंसारी, विशेश्वर राम, महिला नेत्री रश्मि टूडू, शांति देवी, युवा नेता संजय भुईया, नंद किशोर भुईयां, मोहम्मद हुसैन, सफीक हुसैन, अनिता कुमारी, सुनीता देवी, विनोद यादव, सुरेश यादव, अशोक गुप्ता, सचिन राम, सोमर राम, सोहेल असगर, बरजु राम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

# राजकीय बुनियादी विद्यालय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर आम ग्रामीण जनता ने की सामूहिक बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** प्रखंड क्षेत्र के पंचायत बेलकप्पी अंतगर्त राजकीय बुनियादी विधालय बेलकप्पी कि भूमि का सीमांकन कर चाहरदीवारी निर्माण कार्य कराने को लेकर आम ग्रामीण जनता के द्वारा एक बैठक बेलकप्पी शिवमंदिर प्रांगण में आहूत किया गया।जिस बैठक की अध्यक्षता स्थानीय जिप सदस्य प्रतिनिधि चंद्रकांत पाण्डेय के द्वारा किया गया जबकि संचालन समाजसेवी नंदकिशोर ठाकुर के द्वारा किया गया।जिस बैठक में सर्वसम्मति से उपस्थित आम ग्रामीण जनता के द्वारा निर्णय लिया गया कि विधालय भूमि का मापी करवाया जाय व अतिक्रमित भूमि का सीमांकन किया जाय तत्पश्चात जबतक विधालय भूमि का मापी एवं सीमांकन नहीं किया जाता है तबतक विधालय भूमि का



चाहरदीवारी निर्माण कार्य स्थगित करवाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।एवं ग्रामीणों के द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि बेलकप्पी आम रास्ता से श्मशानघाट बेलकप्पी तक आम रास्ता निकाल कर चाहरदीवारी निर्माण कार्य करवाने कि आमजनों में सहमति बनीं।बैठक में मुख्य रूप से देवेन्द्र पाण्डेय,रामजी पाण्डेय,जीतन पाण्डेय,बासुदेव पाण्डेय,जयनंदन पाण्डेय, तेजनारायण पाण्डेय, नंदलाल तिवारी,सुशील पाण्डेय,ललितेश्वर पाण्डेय,सुरेन्द्र पाण्डेय,प्रधानाध्यापक आलोक कुमार तिवारी,विधालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष संतोष कुमार पाण्डेय,बिशुन नायक,हुलास नायक,मुकेश कुमार तिवारी,प्रमोद पाण्डेय,अनुज कुमार पाण्डेय,अर्जुन राम,दशरथ राम,सुरेश कुमार पाण्डेय,जितेंद्र पासवान, दिनेश पासवान,राहुल रवानी, कृष्णा नायक,आकाश पासवान,श्याम प्रसाद वर्णवाल,रिंकू माली,रवि गोस्वामी,आशिष पाण्डेय,गौतम रवानी,सुनील कुमार साव,मुकेश मोदी,राजू राम,भोला नायक,सोनू पाण्डेय,सुनील राणा,मुकेश कुमार,अभय पाण्डेय,राकेश कुमार पाण्डेय,प्रीतम राणा,नरेश साव,सुरेंद्र तिवारी,कौशल पाण्डेय,शिवशंकर यादव,बिरेन्द्र राम,शेषनाथ सिंह,अजीत कुमार पाण्डेय,विक्रांत पाण्डेय,कुलदीप पाण्डेय, ब्रह्मदेव पाण्डेय, सुधाकांत पाण्डेय,कृष्णदेव पाण्डेय,आदित्य पाण्डेय, रामाअवतार पाण्डेय के अलावे सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## बिना शर्त सोनू इराकी को अविलंब रिहा किया जाए वरना एक बड़ा आंदोलन होगा : यास्मीन निशा

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बड़कागांव थाना अंतर्गत डाडी कला ओपी प्रभारी मणिलाल सिंह ने केस नंबर 198/23 के प्राथमिक नामजद अभियुक्त युवा समाजसेवी शाहिद उर्फ सोनू इराकी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। बड़कागांव पश्चिमी जिप सदस्य यास्मीन निशा ने सोनू इराकी के गिरफ्तारी पर सवाल उठाते हुए कहा के सोनू कोई अपराधी नहीं है इस लिए बिना शर्त सोनू को रिहा किया जाए। उन्होंने कहा के समाजसेवी सोनू इराकी हमेशा लोगों के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ता है। उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गलत तरीके से फंसा कर जेल भेजा गया। सोनू कोई अपराधी नहीं है। यह सब काम एनटीपीसी कंपनी के पदाधिकारियों के इशारे पर प्रशासन के लोग कर रहे हैं। मैं एनटीपीसी के पदाधिकारी और प्रशासन के पदाधिकारियों से सवाल है के क्या हक अधिकार की लड़ाई लड़ना गुनाह है? एनटीपीसी कंपनी नगड़ी के रैयतों का जमीन पर बिना मुआवजा और रोजगार दिए हुए मिट्टी कटाई कर रहा था। जिसका विरोध वहां की महिलाएं कर रही थी। कंपनी के लोग ने वहा के रैयतों को डरा धमका कर वहां से भगा रहे थे। इस बात सूचना मिलने पर सोनु ईराकी उसके बचाव में और हक अधिकार दिलाने के लिए नगड़ी गया था। जनहित का आवाज उठाने पर सोनू के ऊपर कार्रवाई किया गया। मैं प्रशासन के पदाधिकारियों से मांग करती हूं कि बिना शर्त उसे अविलंब रिहा किया जाए वरना एक बड़ा आंदोलन होगा।

## पतरातू जयनगर में गौ मांस लदा बाइक जब्त

**पतरातू (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पतरातू क्षेत्र के जय नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास लोगो ने बाइक में लदा अवैध गो मांस पकड़ा। बताते चले की रविवार सुबह 9ः30 बजे के आसपास हीरो पैशन प्रो बाइक से अज्ञात व्यक्ति गौ मांस लेके सौंदा की ओर जा रहा था। लेकिन कुछ ग्रामीणों को शक हुआ और उस बाइक का पीछा किया। जब गौ मांस ले जा रहे व्यक्ति को शक हुआ कि उसका पीछा किया जा रहा है। तो वह रेलवे क्रॉसिंग जयनगर पहुंचते ही बाइक और बाइक में लदा मांस बोरा छोड़ भाग निकला। कुछ देर बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गई उसके बाद पतरातू थाना को फोन किया गया मौके पर तत्परता दिखाती हुई। पतरातू थाना मौके पर पहुंची और बाइक को जप्त कर सर्च अभियान चलाया। इस संदर्भ में पतरातू थाना प्रभारी से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि बाइक को जप्त कर लिया गया है और बाइक के मालिक पर एफ आई आर दर्ज कर दिया गया है जिसकी छानबीन चल रही है।

## बलसगरा में प्रतिभा सम्मान समारोह का होगा आयोजन

**गिद्दी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड कुर्मी महासभा की ओर से बलसगरा में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आगामी 9 जुलाई 2023 को किसान मजदूर उच्च विद्यालय बलसगरा में प्रतिभा सम्मान समारोह किया जाएगा। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष कुमेश्वर महतो, सेवालाल महतो, बिहारी महतो, मंगलदेव महतो, गुलचंद महतो, सुरेंद्र महतो, सुदर्शन महतो,लालधन महतो, रामचंद्र महतो, मोतीलाल महतो, बैजनाथ महतो, मोहरलाल महतो,दुबेश्वर महतो, बैजनाथ महतो एवं काफी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे। बैठक में तैयारी समिति गठन किया गया जो इस प्रकार से सेवालाल महतो, गुलचंद महतो, मंगलदेव महतो, प्रमोद कुमार महतो, बिहारी महतो, देवकी महतो, रघुनंदन प्रसाद, रामटहल महतो, लालधन महतो, सुरेंद्र महतो, मोतीलाल महतो, सुदर्शन महतो, देवकी महतो, कपिल देव चौधरी, रामप्रसाद महतो,झरी महतो को बनाया गया है।मैट्रिक परीक्षा में 90त्न और इंटर में 85त्न अंक लाने वाले छात्र -छात्राओं को हजारीबाग जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

# दिग्वार में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद की ओर से दिग्वार में डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाया गया । उनके द्वारा किए गए विकास कार्यों के बारे में चर्चा किया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता रामगढ़ नगर परिषद अध्यक्ष मनोज गिरी ने किया संचालन उपाध्यक्ष संजय संजय ने किया धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर रो हन लाल ने किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीन मेहता उपस्थित थे । मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष



हरिराम कुशवाहा वार्ड पार्षद कुलदीप कुशवाहा वार्ड पार्षद अर्जुन यादव विनोद प्रसाद प्रमोद यादव अनिल यादव अनिल कुशवाहा दिलेश्वर कुशवाहा विनोद कुशवाहा संजय यादव नारायण यादव सुरेंद्र साह कैलाश कुशवाहा बनू रणधीर गिरी हेमलाल लाल महतो पवन कुशवाहा महतो बालों माता गब्बर कुशवाहा लच्छू करमाली कैला महतो सहित लोग उपस्थित थे।

# बकरीद को लेकर गोरहर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** गोरहर थाना परिसर में बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आहूत कि गई।जिस बैठक की अध्यक्षता गोरहर थाना प्रभारी मुकेश कुमार के द्वारा किया गया।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों के द्वारा बकरीद त्योहार को लेकर दोनों समुदायों के लोगों ने आपसी भाईचारा के साथ शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी ने कहा कि शोसल मिडिया पर किसी भी प्रकार के भडकाऊ फोटो एवं विडियों भेजने से परहेज करें अन्यथा ऐसे लोगों पर चिन्हित कर कानूनी कार्यवाही किया जायेगा।बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य प्रतिनिधी चंद्रकांत



पाण्डेय,पंचायत शीलाडीह मुखिया निजाम अंसारी,पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार पाण्डेय,पंचायत समिति सदस्य लखन महतों,पंचायत बेलकप्पी मुखिया प्रतिनिधि धीरेन्द्र पाण्डेय,पंचायत गोरहर मुखिया प्रतिनिधि छोटन कुमार कोल्ह,बीस सूत्री प्रखंड उपाध्यक्ष कुदूस अंसारी, आदिवासी विकास उच्च विधालय शीलाडीह प्रधानाध्यापक मुजीब अंसारी,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि शमिम अंसारी,मौलवी रमजान,अर्जुन राणा,कुलदीप पाण्डेय,सुरेश कुमार पाण्डेय,संतोष कुमार पाण्डेय, श्याम प्रसाद वर्णवाल,रिंकू माली,प्रदीप साव,ज्ञानदीप पाण्डेय के अलावे दर्जनों लोग उपस्थित थे।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## मोरम की अवैध उत्खनन से जानलेवा गड्ढों का हुआ निर्माण

# हादसे की जद में आई गरीबों को मिली सरकारी आवास : जिला सचिव

प्रभात मंत्र संवाददाता

**इटकी :** प्रखंड प्रशासन की खामोशियों के बीच इटकी पश्चिमी पंचायत स्थित गैरमजरूआ भूमि से मोरम उत्खनन जहां एक और वैधता का प्रतीक है वहीं दूसरी ओर उक्त भूमि जानलेवा गड्ढों में तब्दील हो गई है। बरसात के आगमन के साथ ही यह गड्ढे बच्चों और मवेशियों के लिए कब्रगाह साबित हो सकते हैं। इतना ही नहीं इस भूमि पर बने प्रधानमंत्री आवास योजनाओं की इमारतों में अवैध उत्खनन के कारण बेरहम दरारी किसी बड़े हादसे की आवाज इबारत लिख रही हैं। ऐसे ही संगीन हालात के मद्देनजर आजसू के जिला सचिव



मुर्तजा आलम ने उपायुक्त को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में जानकारी दी गयी है कि इटकी पश्चिमी पंचायत के खाता नंबर 323 व प्लॉट नंबर 271, 272 और 375 के करीब तेरह एकड़ में कई महीनों से अवैध ढंग से मोरम उत्खनन का कार्य जारी है। इससे उक्त स्थल पर करीब 30 फीट गहरा तालाब नुमा जानलेवा गड्ढा बन गया है। उक्त स्थल पर दस भूमिहीन परिवारों को भूमि आबंटित कर प्रधानमंत्री आवास भी बनाया गया है। बरसात के मौसम में गड्ढे में पानी जमा हो जाने से आवास में रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। उत्खनन कार्य के कारण ही वर्तमान में बने अधिकांश पीएम आवास में दरारें पड़ गयी है। भूमिहीन परिवारों के पीएम आवास स्थित बिजली पेयजल, जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नही है। आजसू के जिला सचिव मूर्ति जालम नेम इस संबंध में बताया है कि स्कूल के छात्र छात्रा आंगनबाड़ी के बच्चे कभी भी डूब कर बड़ा घटना हो सकता है साथ ही सरकारी बड़ा योजना से इस भूमि का गड्ढा होने से सरकारी लाभ से वंचित हो गया ।

## राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए कोयलांचल के खिलाड़ी रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार और खलारी कोयलांचल क्षेत्र के वुशू खिलाड़ी चतरा जिला वुशू संघ के नेतृत्व मे राष्ट्रीय वुशु चैंपियनशिप में शामिल होने के लिए रवाना हुए।जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के छत्रपति शिवाजी स्पोर्टस कम्पलेक्स मे 32वां सीनियर राष्ट्रीय वुशू चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है,जिसमे शामिल होने के लिए कोयलांचल क्षेत्र के खिलाड़ी झारखण्ड सीनियर वुशू दल के साथ हटिया रेलवे स्टेशन से रवाना हुए।यह प्रतियोगिता 26 जुन से 6 जुलाई तक आयोजित किया गया है।प्रतियोगिता मे भाग लेने वालो में चतरा जिला से कोयलांचल क्षेत्र के अविनाश गंझु, डॉली कुमारी, अंकित कुमार, विशाल गंझु, रोहित गंझु,प्रशान्त कैबरता, आर्यन सिंह,रुपलाल महतो,जेठु गंझु, भाष्कर ठाकुर सहित कुल दस खिलाड़ियों का नाम शामिल है।चतरा जिला वुशू संघ के महासचिव रज़ी अहमद ने सभी खिलाड़ियों को हटिया रेलवे स्टेशन से रवाना किया।इस संबंध में रजी अहमद ने बताया कि चतरा जिला के विभिन्न गांव और कोयलांचल क्षेत्र से पहली बार इतनी संख्या मे राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का चयन हुआ है जो इस क्षेत्र के लिए गर्व की बात है।उन्होंने प्रतियोगिता के लिए चयनित होने वाले सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर कोयलांचल क्षेत्र सहित राज्य का नाम रोशन करने की अपील की है।

## चुनाव करा कर किया गया प्रखंड कमेटी का गठन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला प्रज्ञा केंद्र संचालक संघ की एक आवश्यक बैठक कर्रा ब्लॉक परिसर मे जिला अध्यक्ष कुणाल भगत की अध्यक्षता मे कि गई, बैठक मे प्रखंड कमेटी का गठन किया गया, जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिस प्रकार प्रज्ञा केंद्र संचालकों के साथ शोषण हो रहा है उसे रोकने व अपनी मांग को रखने के लिए यह संघ का गठन किया गया है. इस बीच विभिन्न प्रकार की समस्याओं की चर्चा हुई. सभी संचालकों ने अपनी बात रखी,इस बीच चुनाव करा कर प्रखंड टीम का गठन किया गया कर्रा प्रखंड अध्यक्ष - विमल आईदकर्रा प्रखंड उपाध्यक्ष - मोहन दास, अनीता राम, प्रीतम भगत.प्रखंड सचिव - मों मोहसीन अकरमकोषाध्यक्ष- मोहित सिंह, फूलचंद धान मौके पर संजय जयसवाल, जितेंद्र सांगा, मोहन मिंज, अजित माहील, शिव कुमार, विकी कुमार, आकसा अंजुम आदि उपस्थित थे.

## शांति समिति की बैठक सम्पन्न

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली थाना परिसर मे शनिवार को बकरीद पर्व को शांति पुर्ण एवं भाईचारा के साथ मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड विकास पदाधिकारी पवन आशिष लकड़ा ने किया। अगामी होने वाले बकरीद त्योहार को सौहर्दपुर्ण एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। क्षेत्र मे किसी प्रकार का हिंसक व अप्रीय घटना ना हो इसके लिए सभी लोगों के सहयोग की जरूरत है। सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा की बकरीद त्योहार को शांति पुर्ण वातावरण मे भाइचारा के साथ मिलजुल कर मनाए किसी प्रकार का अफवाह ना फैलाए ना ही अफवाहों पर ध्यान दे। इस मौके पर इंस्पेक्टर नीरज कुमार, ओपी प्रभारी विपुल ओझा, सिल्ली थाना प्रभारी आकाश दीप, जनप्रतिनिधि, बुध्दिजीवी समेत शांति समिति के सदस्य गण मौजूद थे।

## मृतक के परिजनों से मिले विधायक

**बेड़ो(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के केशा पंचायत के नारी गांव निवासी विष्णु उरांव, 21वर्ष का कुडलोंग रेलवे फाटक के पास रोड एक्सीडेंट मे घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। इसकी जानकारी मिलने के उपरांत विधायक शिल्पी नेहा तिर्की गांव पहुंची और शोकाकुल परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया।विधायक ने तत्काल मृतक के परिजनों को आर्थिक मदद की साथ ही डीलर से संमर्क कर एक बोरी चावल दिलवाया। उन्होने आगे भी परिवार को मदद दिलाने का भरोसा दिलाया। मौके पर उप प्रमुख मोदासीर हक, जिला परिषद बेरोनिका उराँव, विधायक प्रतिनिधि पंचू मिंज, मो. समशाद, संजय कच्छप, मो. फहीम, मनकु कुजूर, आशा मनी मिंज, मुखिया अंजु कच्छप, रवि व विरसा सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

## शिक्षा को पाने का अधिकार मौलिक अधिकारों मे से एक है : विधायक शिल्पी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के सेमरा गांव में रविवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रात्रि पाठशाला संचालक, छात्रों व अभिभावकों के साथ बैठक किया। बैठक में विधायक ने कहा कि शिक्षा एक ऐसी व्यवस्था है जो किसी भी सभ्यता को महान बनाने का काम करती है, शिक्षा एक ऐसा कारण है जिससे समाज में संतुलन बना रहता है। शिक्षा को पाने का अधिकार हर वर्ग, जाति, मत-पंथ के लोगों का है, क्योकि यह भारत मे रहने वाले हर नागरिक के मौलिक अधिकारों मे से एक है। आज शिक्षा हासिल कर समाज के लोग अपने रहन सहन और जीवन शैली में सुधार कर रहे हैं। हमें भी दूसरे समाज से सिख कर अपने आदिवासी समाज के लोगों को भी शिक्षा ग्रहण करने और शिक्षित होने के



लिए प्रेरित करना है। ताकि वे शिक्षित होकर आगे बड़ा आदमी बन सके और अपने समाज के लोगों को सही दिशा दिखाने का काम कर सके। विधायक ने कहा कि रात्रि पाठशाला के बच्चों को रात मे लाइट कट जाने के बाद पढ़ाई करने में दिक्कत न हो इस लिए लोगों के बीच सोलर लाइट का वितरण किया जा रहा है। विधायक ने आगे कहा कि अगर आपके गांव के लोगो को कोई भी चीज का दिक्कत हो तो बनहोरा आवास आकर मिले, आपकी समस्याओ का निराकरण कराने का प्रयास किया जायेगा। मौके पर उप प्रमुख मोदासीर हक, जिला परिषद बेरोनिका उराँव, विधायक प्रतिनिधि पंचू मिंज, मो समसाद, मन्कु कुजूर, फहीम आलम, संजय कच्छप, कार्यकता आशा मनी मिंज सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## वनांचल महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने चलाया साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान

### स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को दी साइबर ठगी से बचने की जानकारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के निर्देश पर वनांचल महाविद्यालय टंडवा के विद्यार्थियों ने सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों में साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया।इस अभियान के तहत पिपरवार क्षेत्र के आदिवासी उच्च विद्यालय कल्याणपुर,शिशु विद्या निकेतन बिलारी,सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरटोला, हाई स्कूल और पिपरवार विकास विद्यालय किचटो मे कार्यक्रम आयोजित कर कक्षा नवम से लेकर 12वीं तक के बच्चों को सोशल मीडिया साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई।इस कार्यक्रम में साइबर अपराध से बचने और इसके रोकथाम को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई।वही किचटो और बहेरा पंचायत में विद्यार्थियों का दल घूम घूम कर लोगों को साइबर ठगी से बचने की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के दल का नेतृत्व कर रहे विक्रम कुमार गंझु ने बताया कि विश्वविद्यालय के सिलेबस में एक नया सब्जेक्ट साइबर डिफेंस कोर्स चल रहा है।साइबर विद्यापीठ के को



फाउंडर बालाजी वेंकटेश्वर के द्वारा विद्यार्थियों को यह सब्जेक्ट पढ़ाया जा रहा है।विद्यार्थी इसकी पढ़ाई करने के साथ-साथ अपने आसपास के ग्रामीण इलाकों के स्कूलों में जाकर स्कूली बच्चों के साथ साथ स्थानीय ग्रामीणों को भी साइबर ठगी से बचने की जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान के इस दौर में साइबर अपराधी लोगों को गुमराह कर ठगने का काम कर रहे हैं जागरूकता के अभाव में लोग साइबर अपराधियों के चंगुल में फंस रहे हैं जिसे देखते हुए विद्यार्थियों द्वारा क्षेत्र के लोगों को साइबर अपराध के प्रति जागरुक करने का काम कर रही है।

## दुकान का शटर तोड़कर 60 किलो मुर्गा 10,000 नगद चुरा ले गए चोर

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ थाना क्षेत्र के गोरियारी बागी में गोदाम का शटर तोड़कर चोरों ने 60 केजी मुर्गा और 10 हज़ार रुपये नगद चुरा लिए। दुकान मुर्गा व्यवसाई फजलु खान का बताया गया। 3 महीने के अंदर इस मुर्गा गोदाम से तीसरी बार चोरी की घटना घटित हुई है। चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से व्यवसाई परेशान है। लेकिन अभी तक प्रशासन ने एक भी मामले का उद्भेदन नहीं किया है। व्यवसायियों ने पुलिस से चोरी पर रोक लगाने और मामले का उद्भेदन करने की मांग की है ।

## कोलियरी सिरका में हांलपैक डंफर हुआ खराब सुरक्षा विभाग संभालने में लगा

**सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलयरी सिरका परियोजना में ओबी डंप करने के दौरान बीते रात शनिवार से डंफर नंबर 60399 खराब पड़ा हैं। वहीं सूचना मिलने पर सुरक्षा विभाग सिरका डंफर की देखरेख में लगा हैं। सूत्रों की माने तो संडे ड्यूटी नहीं मिलने के कारण डंफर को खराब कर दिया गया हैं। जबकि सिरका प्रबंधन डंफर बीडी ठीक करने और मामले की जांच पड़ताल में लगा हैं। इस मामले की चर्चा कोलयरी सिरका क्षेत्र में लगातार हो रही हैं। इधर संडे नहीं मिलने वाले विभाग के कर्मीयो के द्वारा संडे मिलने वाले कामगारों को बीडी डंफर को देखरेख करने की बाते कह रहे हैं। इन सबके बीच सीसीएल को हजारों का नुकसान होने का अनुमान हैं।

## लोहागड़ा गांव की रहने वाली ने जरबेरा फूल की खेती को आजीविका का साधन बनाया

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कर्रा परखंड के लोधमा पंचायत के अंतर्गत लोहागड़ा गांव की रहने वाली आरती देवी ने अपनी नई पहचान बनाई है।दीदी लक्ष्मी महिला मंडल से जुड़ी हैं। समूह में जुड़ने से पहले भी दीदी खेती करती थी, पर जानकारी के आभाव के कारण उन्हें अच्छी आमदनी नही हो पा रही थी। उनके जीवन परिवर्तन आया जब दीदी का चयन आजीविका कृषि सखी के रूप में किया गया, इसके बाद दीदी ने खेती करने के लिए प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस माध्यम से उन्हें खेती के तकनीकों के बारे ने जानकारी मिली। दीदी को उद्यान विभाग से अभिषरण के माध्यम से छ्स्स्ज्ञ द्वारा ग्रीन हाउस उपलब्ध कराया गया, इसके साथ ही दीदी को जरबेरा फूल की नर्सरी भी मिली, जिसे दीदी ने अपनी मेहनत से उपजाया है और आज उनके ग्रीन हाउस में 4 रंगो के फूल खिले हैं- पीला ,सफेद,गुलाबी,और लाल रंग के फूल ग्रामीणों तथा व्यापारियों को खूब पसंद आ रही है।आरती दीदी आत्मसम्मान की मुस्कान लिए बताती हैं कि एक फूल को वह 8 से 10 रुपए में बिक्री करती हैं, 2 महीने में दीदी ने 15 हजार से अधिक फूलों की बिक्री की है और आगामी दिनों में दीदी 50 से 60 हजार रूपए तक के फूल बिक्री करेंगी। इनके फूलो का डिमांड डेकोरेशन, शादी, पार्टी और बुफे के लिए किया जाता है। जिस से दीदी बहुत खुश है और गांव की और भी महिला किसान फूल की खेती करने के लिए प्रेरित हुई हैं।

## लायंस क्लब ऑफ रांची ने फैमिली नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस क्लब ऑफ रांची के द्वारा फैमिली नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में सदस्यों के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया जिसमें क्लब के 156 सदस्य एवं अतिथियों ने भाग लिया कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लाइन वी.के गदयाण पास्ट (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर) सिद्धार्थ मजूमदार,लायन वी.पी जयसवाल, लायन अजय अग्रवाल, लायन राजेश मोर, लायन रजनी ने सामूहिक रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। लायन मंजुला जयसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रो.हरमिंदर वीर सिंह,लायन अमित सेन, लायन पूनम सखूजा, प्रेरणा महिला सेवा समिति के सदस्यों ने झूमर डांस कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

## बेंती में मम्मा डे के रूप में मनाई गई मातेश्वरी जगदंबा की 58वीं पुण्य स्मृति दिवस

**पिपरवार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विवि गुमला शाखा के नेतृत्व में संचालित बीके पाठशाला द्वारा बेंती में संस्था की प्रथम मुख्य प्रशासिका मातेश्वरी जगदंबा की 58वीं पुण्य स्मृति दिवस मम्मा डे के रूप में मनाई गई।मुख्य अतिथि के रूप में बसंती देवी,बेती पंचायत की मुखिया सरिता देवी,सिकेन्द्र प्रजापति,संगीता देवी, गीता देवी, गुड़िया देवी, मीना देवी, रेखा देवी,निशा बहन, सीता देवी उपस्थित थी।इस अवसर पर मम्मा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की गई।केंद्र में मौजूद अनेकों बहन-भाइयों ने दीप प्रज्वलित व कैंडल लाइटिंग करते हुए मम्मा की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया । केंद्र के नियमित बीके प्रीति बहन ने कहा कि मम्मा ज्ञान, स्नेह और शांति की मूर्ति थी। उनके सामने कितना भी क्रोधी मनुष्य जाता था वह शांत और शीतल हो जाता था। यही कारण है कि उन्हें मातेश्वरी जगदंबा कहा जाता है। उनका व्यवहार अपने आप में एक उच्च आदर्श रहा। बहन प्रीति ने कहा कि मातेश्वरी जगदम्बा पूरे विश्व की मां थी। वह पूरे विश्व को अपना समझती थी। मम्मा के जीवन की सबसे बड़ी शिक्षा हर घड़ी अंतिम घड़ी है, ऐसी सोच रख कर्म करो, को बताते हुए कहा कि मम्मा ने सिर्फ उपदेश नहीं दिये बल्कि हर कर्म का प्रयोग करके सिखाया।

## विधायक की अनुशंसा पर मिली आर्थिक मदद



प्रभात मंत्र संवाददाता

**नामकुम :** खिजरी विधान सभा के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप जी के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री चिकित्सा अनुदान राहत कोष के तहत खिजरी विधान सभा क्षेत्र के कुल 04 (चार) व्यक्तियों को कुल 1,75,000/- (एक लाख पचहत्तर हजार) रुपये विभिन्न रोगों से पीड़ित व्यक्तियों को लाभ दिलाया गया। जिसकी आज खिजरी विधायक के आवास लुपुंगटोली में खिजरी विधायक राजेश कच्छप के हाथों चेक सौंपा गया। मौके पर विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि जनता के हर सुख दुःख में मैं एवं हमारी सरकार खड़ी है। जनता के हर समस्या के सामाधान का प्रयास करुंगा। आज निम्नलिखित लाभुकों के बीच चेक का वितरण किया गया।1. मोनोशवरी कुमारी पिता दिनेश बेदिया, ग्राम कामता पो जोन्हा, थाना अनगड़ा जिला रांची। को ऋह्य. 40,000/-(कैंसर पीड़ित)2. गिरिबाला देवी, पति विदेशी बेदिया ग्राम कामता, थाना अनगड़ा जिला रांची को ऋह्य 35,000/- (मिर्गी पीड़ित)3. लक्ष्मी लिण्डा पिता कार्तिक लिण्डा, ग्राम सिन्दवारटोली, थाना नामकुम, जिला रांची को Rs 50,000/- (Tuberculoma)4. खुर्शीद अहमद, पिता स्व नालमुदीन अंसारी, ग्राम जामा मस्जिद ईरबा, थाना ओरमांझी, जिला रांची को ऋह्य 50,000/- (किडनी रोग) मौके पर राजेंद्र प्रसाद राय वरिष्ठ कांग्रेस बोकारो जिला,आदि थे ।

## आनंद साई दरबार के 13 वें स्थापना दिवस पर विशेष पूजन व हवन का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** राधा कृष्ण कॉलोनी स्थित आनंद साई दरबार के 13वें स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन रविवार को मंदिर परिसर में विशेष पूजन एवं हवन का आयोजन हुआ। पूजन एवं हवन अनुष्ठान में पुजारी राजेश कुमार पांडे ने यजमान अजीत जायसवाल , नंदकिशोर गुप्ता, अमित कुमार सिन्हा, विनोद कुमार सिन्हा,संतोष सिन्हा, सुबोध कुमार सिन्हा, मनोज कुमार सिन्हा सपत्नीक के हाथों विधि पूर्वक पूजन और हवन अनुष्ठान संपन्न करवाया। इस दौरान मंदिर परिसर साई बाबा के भजनों से गुंजायमान होता रहा। जिससे वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। पूजन एवं हवन अनुष्ठान संपन्न होने के उपरांत बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भंडारा आज, हजारों की संख्या में पहुंचेंगे श्रद्धालु आनंद साई दरबार के 13वें स्थापना दिवस समारोह के अंतिम दिन सोमवार को दोपहर 12~30 बजे से मंदिर परिसर में अटूट भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण करने के लिए श्रद्धालु पहुंचेंगे। भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रहण करने में किसी तरह की परेशानी नही हो इसकी तैयारी मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा कर ली गई है। प्रबंधन समिति द्वारा बताया गया की भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं के बीच व्यवस्थित तरीके से प्रसाद का वितरण किया जाएगा। ताकि श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नही हो। आनंद साई दरबार के स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन जितेंद्र प्रसाद डब्लू, मुन्ना सिन्हा,राजेश साव, विनोद साव, अरविंद अग्रवाल, आनंद प्रातप सिंह,अशोक कुमार, सन्नी सिन्हा, मोहन ठाकुर, विजय सिंह,गोलू कुमार, कौशल सिंह,प्रमोद सिंह, संतोष सिंह, उमेश सिंह,जीतू अग्रवाल, मोनू सिन्हा, अंकित सिन्हा, संजय दांगी, बादल, उत्तम, नवनीत, मनोज मंडल, अजय कुमार,बसंत कुमार, कैलाश चंद्र साह, आयुष कुमार गुप्ता, सुरेश प्रसाद, धनंजय कुमार पुटूस,शीतल सिंह, सूर्यवंश श्रीवास्तव, मल्लिका दत्ता , सतीश कुमार सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, रोहित वर्मा, शैलेंद्र ठाकुर, राजेश सिन्हा, मिथिला रजक सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

# व्यापारियों की समस्या का ऑन स्पॉट होगा समाधान : अंबा प्रसाद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के 30 वी वार्षिक आमसभा की अध्यक्षता करते हुए चेंबर अध्यक्ष विनय कुमार अग्रवाल ने अतिथियों का व्यापारियों का एवं शहर से आए गणमान्य लोगों का स्वागत किया एवं व्यापारियों की समस्याओं को विस्तार से मुख्य अतिथि एवं अति विशिष्ट अतिथि के समक्ष रखा साथ ही अग्रवाल ने यह भी कहा कि रामगढ़ जिला में व्यापार की बहुत संभावनाएं है सिर्फ सरकार का सहयोग अगर व्यापारियों को मिलेगा तो रामगढ़ जिला अपने आप में एक समृद्धि जिला होगा इस अवसर पर मुख्य अतिथि अंबा प्रसाद विधायक ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए वह हमेशा तत्पर रही है एवं चेंबर के सदस्यों को एवं व्यापारियों को जब भी कोई समस्या हो तुरंत मुझसे संपर्क करें मैं उसका शीघ्र समाधान करने





का प्रयास करूंगी भुरकुंडा की समस्याओं के बारे में उन्होंने बिजली मीटर समस्या के लिए मंच से ही जीएम से बात की एवं 12 जुलाई को भुरकुंडा में जिस दुकानदार के पास मीटर नहीं है उस दिन मीटर लगाने हेतु प्रक्रिया विभाग द्वारा किया जाएगा निर्णय लिया गया साथ ही भुरकुंडा में पेयजल समस्या रोड समस्या आदि समस्याओं के लिए अनुरोध किया कि जो भी समस्याओं होगी उसका शीघ्र समाधान करूंगी उन्होंने कहा कि राज्य में बालू की एक भीषण समस्या उत्पन्न हो गई है जिसको शीघ्र ही मुख्यमंत्री से वार्ता कर समाधान करने का प्रयास किया जाएगा पतरातू पर्यटक के के रूप में विकसित हो रहा है वहां बहुत रोपवे का कार्य जल्द प्रारंभ किया जाएगा जिससे पतरातु एक नए रूप में पहचान बना सके उन्होंने कहा कि चेंबर में व्यापारियों के बीच आकर उन्हें बहुत अच्छा लग रहा है विशिष्ट अतिथि रमेश कुमार अजमेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि जिंदल परिवार की ओर से एवं व्यापारियों को जो भी सहयोग चाहिए हमेशा उनके साथ खड़ा है उन्होंने व्यापारियों से आवाहन किया कि हम सब एक होकर अपनी समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करें ऐसी कोई समस्या नहीं है जिसका समाधान नहीं कर सकते हैं अजमेरियां ने कहा की व्यापारी की कोई भी समस्या को उनके अधिकार में होगी उसको हल करने का प्रयास किया जाएगा अति विशिष्ट अतिथि किशोर मंत्री अध्यक्ष फेडरेशन रांची ने कहा कि व्यापारियों के लिए मुद्रा लोन आदि का स्टाल लगाकर व्यापारियों को सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं गैरमजरूआ खास भूमि के लिए भी फेडरेशन चेंबर द्वारा मुख्यमंत्री एवं राजस्व सचिव से वार्ता हो रही है उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पर भी शीघ्र ही कोई न कोई निर्णय सरकार द्वारा लिया जाएगा।

# बकरीद को लेकर ओरमांझी थाने में शांति समिति की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

**ओरमांझी :** बकरीद पर्व को लेकर ओरमांझी थाना परिसर में रविवार को शांति समिति की बैठक थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव सिंह की अध्यक्षता में हुई। वही पूर्व उप प्रमुख लालू साहू ने सचालन किया। बैठक में शांति व सौहार्द के साथ बकरीद पर्व मनाने की अपील की गयी। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित सिल्ली डीएसपी क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा यह क्षेत्र काफी शान्ति प्रिय रहा है। सभी त्योहार मिलजुल मनाते आए हैं। और प्रशासन को पुरा सहयोग मिलता आया है। पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि बकरीद पर्व प्रेम भाईचारे और जीवन दान देने का त्योहार है।एवं ईर्ष्या द्वेष और सारी बुराइयों को त्याग करने का पर्व है। मौजुद लोगों को शांतिपूर्ण तरीके से बकरीद पर्व मनाने का अपील किया। वहीं प्रखंड प्रमुख अनुपमा देवी कहा कि यह प्रखंड हमेशा से शांति का संदेश देते आया हैं। यहां सभी त्योहार मिलजुल आपसी



भाईचारे के साथ मनाते हैं।फिर भी हम सभी को सजग रहने की जरूरत है। थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह ने कहा कि पर्व व त्योहार आपसी भाईचारा,सौहार्द,प्रेम व सद्भाव बनाए रखने का प्रतीक है। सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश करने वाले किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे।साथ ही लोगों से अपील करते हुए कहा सोशल मीडिया पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाएगी। शांति व अमन में खलल डालने वालों पर बिना भेदभाव के प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। सभी लोग आपसी सहयोग से शांति व प्रेम के माहौल में बकरीद मनाएं।बैठक में सिकिदिरी थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने कहा कि सभी लोग शांति पूर्ण रहकर त्योहार मनाए।बैठक मुख्य रूप से उपप्रमुख रिजवान अंसारी, पूर्व उप प्रमुख मुंतजीर अहमद रजा, सत्यनारायण तिवारी,कुदुश अंसारी , अब्दुल सत्तार अंसारी, बालक पाहन, रमेश उरांव आदि ने संबोधित किया। वहीं बैठक में तुलसी खरवार, राधा चरण सिंह,तौहीद आलम, मुमताज़ आलम, रफीक अंसारी, तुलसी खरवार, अजित महतो दुर्गा शंकर साहू, सत्यनारायण सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## पेयजल समस्या से मिली राहत, हजारों की आबादी थी परेशान

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भीषण गर्मी में पीने की पानी की समस्या को दूर करने के लिए झारखंड राज्य शेड्यूल कास्ट कोऑपरेटिव कॉरपोरेशन के तहत धनबाद के गोविंदपुर प्रखंड के खिलकनाली स्थित दलित बस्ती में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से दो डीप बोरिंग कराया गया। बता दें कि उक्त गांव में पीने की पानी को लेकर काफी परेशानियों का सामना वहां के निवासियों को करना पड़ रहा था। पूरे गांव की निर्भरता एक चापाकल के ऊपर थी दो नए चापाकल बनने पर ग्रामीणों को काफी राहत मिलेगी।वहीं कारपोरेशन के सचिव एस के महतो एवं स्थानीय पंचायत सचिव प्रतिनिधि संजीत तुरी ने बताया कि दलित बस्ती में हजारों की आबादी पर महज एक चापानल है। जिसके वजह से पेयजल की बेहद समस्या थी। आज दो डीप बोरिंग कराया जा रहा है।चापाकल लग जाने पर गांव के लोगों को आसानी से पेयजल उपलब्ध हो पायेगा, खासकर महिलाओं को काफी सहुलत होगी।इसके अलावा राज्य सरकार ने इस गांव के लिये स्ट्रीट लाइट, सड़क और 400 लीटर ओवरहेड वाटर टैंक निर्माण करा गांव का सर्वांगीण विकाश का निर्देश दिया है।

## पीएम आवास के लाभुकों को फलदार वृक्ष देकर कराया गया गृह प्रवेश

**सरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** नगर पंचायत के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास ( नगरीय ) के लाभुकों के बीच प्रधानमंत्री आवास योजना के 8 वें वर्षगांठ के उपलक्ष्य में नगरीय प्रशासन निदेशालय एवं आवास विभाग झारखंड रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी सह कार्यपालक पदाधिकारी के आदेशानुसार नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड संख्या 02और वार्ड संख्या 03 के प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों के आवास में फलदार वृक्ष रोपण कर गृह प्रवेश कराया गया, इस दौरान प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों चेहरे पर प्रसन्नता देखी गई , मौके पर विभाग के देवेंद्र कुमार,अजय कुमार एवं अंजू देवी उपस्थित थी।

## यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे समाजिक संस्था ने वृद्धा आश्रम को राशन समाग्री व एसी दिया

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रविवार को यूनिवर्सल ब्रदर डे (विश्व बंधुत्व दिवस) के अवसर पर मसोनीक लॉज धनबाद नं. 95 संस्था के सदस्यों ने लोहार बरवा रोड, आसन डाबर स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में वृद्धजनों के लिए राशन एवं अन्य रोजमर्रा की जरुरी वस्तुए आश्रम को भेंट किये। संस्था के सदस्यों ने वृद्धजनों की सुध बुध ली एवं उन्हें समय समय पर मदद करने एवं ख्याल रखने का ढाढस भी बंधाया।आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी ने कहा यहां 35 वृद्धजनों के जीवन यापन की वस्तुओं की व्यवस्था करना कभी-कभी बहुत मुश्किल लगता है और वे चिंतित भी हो जाते है लेकिन एन वक्त पर धनबाद वासियों का आश्रम आकर वृद्धजनों के प्रति लगाव और मदद से सारी मुश्किले पार हो जाती है। आज इसी का उदाहरण मसोनीक लॉज धनबाद नंबर 95 संस्था है, जिन्होंने आश्रम को ढेर सारा राशन प्रदान किया तथा कुसुम विहार निवासी जया श्रीवास्तव ने वृद्धजनों को इस बदलती हुई मौसम में आराम के लिए एक 1.5 टन एयर कंडीशन आश्रम को प्रदान कियाज्ञात हो कि यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे स्वामी विवेकानंद के शिकागो भाषण के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। यूनिवर्सल ब्रदरहुड डे के मौके पर आश्रम में दीपक कुमार सिंह, संजय कुमार झा, जया श्रीवास्तव, डॉ. अबीर कुमार चक्रवर्ती, मोहम्मद जलील अंसारी, विजय कुमार, पूर्णेन्दु शेखर, मयूरेश रंजन श्रीवास्तव एवं समाजसेवी ओमकार मिश्रा समेत अन्य सेवाकर्ता वृद्धजनों की सेवा में सक्रिय थे।

## महा जनसंपर्क अभियान का आयोजन, मिस कॉल से मिला समर्थन

**निरसा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल के कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष्य में चिरकुंडा मे भाजपा द्वारा महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सेवा सुशासन गरीब कल्याण के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 9 साल में किए गए कार्यो को हर घर जाकर लोगों को बताया गया। जिसका नेतृत्व कर रहे अभियान के जिला संयोजक प्रकाश सिंह ने बताया कि क्षेत्र के लोगों के घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 9 साल में किए गए सभी विकास कार्यो को लोगो को बताया जा रहा है । साथ ही इस अभियान के तहत 9090 902024 में मिस कॉल कर भाजपा के लिए एवं मोदी जी के लिए जनसमर्थन एवं आशीर्वाद मांगा जा रहा है। जिसमें क्षेत्र के लोगों का भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति लोगों का विश्वास और भरोसा पहले से ज्यादा जगा हुआ है। इस अभियान में जय प्रकाश सिंह, मोनू विलियम, प्रदीप गोराई, पप्पू सिंह, नीरज सिंह आदि लोग का भरपूर सहयोग रहा।

## डीएवी बनियाहीर में स्वच्छता पखवारा का आयोजन

**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** डीएवी बनियाहीर में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर पर्यावरण की सुरक्षा हेतु स्वच्छता अभियान का शुभारंभ बीसीसीएल की तत्वाधान में किया गया जिसमें पहले दिन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे कक्षा 3 से 6 के बच्चो ने भाग लिया। कक्षा 12वी के छात्रों ने विद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता के महत्व को दर्शाया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय की वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षिका सोमा बनर्जी ने किया। कार्यक्रम के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर विद्यालय के प्राचार्य एस मोदक ने बच्चों के उत्साह की भूरि भूरि प्रशंसा की और साथ ही बच्चों को अपने परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए जागरूक किया।

## लायंस क्लब ने लगाया गया निःशुल्क जांच शिविर

**गोविंदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** लायंस कलब गोविंदपुर की ओर से निन्शुल्क हेल्थ चेक अप कैंप का आयोजन किया गया जिसमें बीपी, शुगर, वजन जांच किया गया। यह जांच कैंप डॉ शशि भूषण सिंह के आवासीय परिसर में लगाया गया। शिविर में लगभग 35 मरीजों के हेल्थ की जांच की गई तथा कुछ को निन्शुल्क दवा भी दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ शशि भूषण सिंह, डॉ आर.के.शर्मा, विजय वरनवाल, राकेश कुमार एवं ओम प्रकाश सिंह आदि की महतवपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए सभी लायन बंधुओ के प्रति सचिव डॉ आर.के.शर्मा ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

## धनबाद कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की प्रेस वार्ता

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कैमिस्ट एंड ड्रगिस्ट द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस रविवार को बैंक मोड़ चेबर सभागार में आयोजित किया गया। धनबाद जिला के नव निर्वाचित अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी कि जिला के सभी दवा विक्रेताओं को सूचित किया है कि झारखण्ड केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन रांची के अध्यक्ष कृष्णा प्रधान,महासचिव किशन ढांढनिया, कोषाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव और संगठन सचिव सुभाष चंद्र मंडल के पत्रांक संख्या 173, 19.06.2023 में राजेश दुदानी की कमिटी को समयानुसार चुनाव और किसी भी प्रकार की संगठनात्मक गतिविधि नहीं करने के कारण तत्काल प्रभाव से भंग किया गया है। राज्य संगठन ने चयनित नए पदाधिकारियों और कार्यकारणी कमिटी को अगले चुनाव तक संगठन के दैनिक कार्यो का संपादन करने की जिम्मेदारी दी है और जिला संगठन के लिए मतदाता सूचि तैयार करने की भी जिम्मेदारी दी है। चूँकि जिला संगठन का लेखा जोखा पारित नहीं हो सका है, इसलिए नयी समिति से चयनित कर 6 पदाधिकारियों को जिला संगठन के लेखा जोखा को आकांक्षित करने की जिम्मवारी दी गयी है। नयी समिति ने संगठन के पूर्व अध्यक्ष राजेश दुदानी पूर्व सचिव शैलेश सिंह और पूर्व कोषाध्यक्ष शिवशंकर खंडेलवाल को एक पत्र निर्गत कर ये मांग की है।

# तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं को नगर निगम से लेना होगा ट्रेड लाइसेंस

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद नगर निगम एवं जिला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के संयुक्त तत्वाधान में सोशियो इकोनॉमिक एंड एजुकेशनल डेवलपमेंट सोसायटी (सीड्स) झारखण्ड के तकनीकी सहयोग से धनबाद नगर निगम के सभागार में अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया।इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त महेश्वर महतो ने कहा कि सभी प्रकार के तंबाकू उत्पाद के विपणन, भण्डारण, पैकिंग, प्रसंस्करण, सफाई, विनिर्माण बिना लाईसेन्स/अनुज्ञप्ति अथवा अनुमति के नहीं किया जाना है। इसके आदेश को सरकार ने मानक संचालन प्रक्रिया नहीं होने के कारण अस्थाई रूप



से स्थगित किया है। परन्तु झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम की धारा 455 की अनुसूची 187 के तहत तंबाकू उत्पाद विक्रेता को ट्रेंड लाईसेंस दिया जाना है।अपर नगर आयुक्त ने तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं से अपील करते हुए कहा कि वे धनबाद नगर निगम को आवेदन कर लाईसेंस प्राप्त कर लें, क्योंकि जैसे ही सरकार का स्थगन आदेश हटाया जाएगा, धनबाद नगर निगम की सीटी इन्फोर्समेंट स्क्वाड नगर निगम से लाईसेंस नहीं लेने वाले तंबाकू उत्पाद विक्रेताओं पर कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत आने वाले सभी तम्बाकू उत्पाद विक्रेताओं से अपील है कि वे तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम - 2003 (कोटपा -2003) की सभी धाराओं एवं अन्य तम्बाकू नियंत्रण से संबंधित कानूनों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक, सीड्स झारखण्ड रिम्पल झा ने तंबाकू नियंत्रण अधिनियम-2003 एवं तंबाकू विक्रेताओं हेतु नगर निगम के द्वारा दिए जाने वाले लाईसेंस के बारे में तथा जिला परामर्शी, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम राहुल कुमार ने चालान के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## सिजुआ में बाघमारा प्रखंड की झाजए का चुनाव संपन्न



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मधुबन :** सिजुआ में झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की एक बैठक गेस्ट हाउस में हुई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शौकत खान ने की एवं कई बिंदु पर चर्चा की गई बाघमारा प्रखंड कमिटी का चुनाव की गई जिसमें बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष के रूप इम्तियाज अंसारी उपाध्यक्ष आनंद बावरी महासचिव मिथिलेश तिवारी सचिव पप्पू कुमार भारती आदित्य नोनिया मिलन पाठक कोषाध्यक्ष मिथिलेश पाण्डेय एवं जिला प्रतिनिधि कृषणा नोनिया चुने गए सभी को माला पहना कर जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश के पदाधिकारी ने स्वागत किया। मौके पर उमेश विश्वकर्मा मोहम्मद खुर्शीद आलम युधिष्ठिर महतो वीरेंद्र कुमार तफजुल आजाद संतोष कुमार दे मदनलाल चौहान सीताराम ठाकुर पप्पू कुमार गुप्ता शेख रुस्तम दीपक कुमार पांडे अमित कुमार विजय शर्मा चंदन पांडे मोहम्मद फारूक अंसारी मिथिलेश झा आदि लोग शामिल थे।

## बिजली विभाग की लापरवाही से ग्रामीण क्षेत्र में लाठी डंडे के सहारे खड़े बिजली तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गांवा/गिरिडीह :** गांवा थाना क्षेत्र के सेरूवा पंचायत के सिमरापाताल गांव का दृश्य यह है कि इस क्षेत्र के कई इलाकों में बिजली आपूर्ति की लापरवाही चरम सीमा पर देखी जा रही है।मिली जानकरी के अनुसार सिमरापाताल गांव में बिजली खंबे नहीं होने से करीब 6 सालों से बिजली की तार जमीन से महज साढ़े 5 फीट की दूरी पर लटकता दिखाई पड़ रहा हैं। यहां बिजली खंबे नहीं होने से बांस की खम्बे तार को खड़ा किया गया था अब यह आखिरी उम्मीद पर टिकी हुई है। किसान कई बार अपने जान को जोखिम में डाल कर खेती कर रहे हैं । ट्रैक्टर बिजली



के चपेट से बाल बाल बच गया मानो बड़ा दुर्घटना होने की संभावना बन चुकी थी । यह बिजली की तार किसी को भी अपने निशाने पर ले सकता है। बता दें आज कल बिजली विभाग गांवा अपनी लापरवाही से लगातार सुर्खियों में बना पड़ा है। ऐसी जर्जर विद्युत की तार से बारिश के मौसम में कई इलाक़ों में खतरे मँडरा रहे हैं ।हाल ही में पुरनाडाबर गांव में बिजली की जर्जर व्यवस्था से एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस बाबत बिजली आपूर्ति केंद्र गांवा में कई बार सूचना दी गई लेकिन बिजली विभाग कर्मियों द्वारा संज्ञान मे नहीं लिया।

**धनबाद व बोकारो की सैकड़ों महिलाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की**

## नेशनल पीपुल्स पार्टी महिला सशक्तिकरण के नेतृत्व के रूप में कार्य करेगी : प्रदेश उपाध्याय

प्रभात मंत्र संवाददाता

**महुदा :** धनबाद और बोकारो जिले में 50 पंचायत से महिलाओं का जुटान हुआ। महिलाओ ने नेशनल पीपुल्स पार्टी के विचारधारा से प्रभावित होकर सदस्यता लिया द्य महिलाओं ने कहा महिलाओं को नेतृत्व की भागीदारी में नेशनल पीपुल्स पार्टी की भूमिका प्रमुख रूप से रहेगी द्य महिला सशक्तिकरण के नाम पर राजनीतिक दल सिर्फ भीड़ दिखाते हैं द्य लेकिन महिला सशक्तिकरण के रूप में नेशनल पीपुल्स पार्टी प्रमुख रूप से धनबाद एवं बोकारो जिले में कार्य कर रही है । प्रदेश उपाध्यक्ष मानिक चंद्र



महतो ने कहा प्रदेश में महिलाओं की राजनीति में भूमिका नगण्य है ।ऐसे समय में नेशनल पीपुल्स पार्टी में जुड़ाव कहीं ना कहीं राजनीतिक समीकरण में बदलाव रखेगा द्य धनबाद- गिरिडीह में जल्द ही महिला सम्मेलन की घोषणा किया जाएगा । नेशनल पीपुल्स पार्टी महिला सशक्तिकरण के नेतृत्व के रूप में कार्य करेगी ।

## निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर मे 126 मरीज़ों की जांच



प्रभात मंत्र संवाददाता

**झरिया :** सेल के जीतपुर कोलियरी अंतर्गत जामाडोबा आलम नगर खुशहाल वतन वेलफेयर ट्रस्ट के प्रागंण में सी एस आई आर के तहत निन्शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का अयोजन क्या गया। सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मरीजों का भीड़ लगा रहा। गरीबो एवं मजदूरों को निन्शुल्क दवा मिले और स्वास्थ्य की जाँच हो इसके लिए एक दिन पहले ही लोगो को सुचना दे दी गई थी। दोबारा शिविर लगने के बाद लोगो ने कहा की एक महिना में दो बार शिविर का लगना एवं निन्शुल्क दवा का वितरण करना ये गरीब के लिए बहुत खुशी की बात है। इस तरह का शिविर जामाडोबा में पहली बार लग रहा है। लोग अपने बच्चे को स्वस्थ देख कर काफी खुश हैं। मरीजों में ज्यादातर वायरल फीवर, टॉयफायड, शुगर, उच्च रक्तचाप, दमा जैसी बीमारी पाए गए। शिविर मे महिलाओं एवं बच्चों की संख्या काफी अधिक थी। सेल के द्वारा शिविर का कार्य आगे भी जारी रहेगा।

## पुलिस को देख भाग रहे कार को पुलिस ने किया जब्त, चालक फरार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** शहर के नया बाज़ार के समीप देर रात कुछ लोग चलती कार में शराब का सेवन कर रहे थे, जिसे देख बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने कार का पीछा किया। कार वासेपुर होते हुए बाईपास स्थित एक गराज में खड़ी मिली, जिसके बाद पुलिस ने उसे जप्त कर थाना ले गई।गौरतलब है कि सफेद स्विफ्ट डिजायर कार जिसका नंबर छ्य02 ँ 7500 है। ये कार आलोक प्रताप सिंह के नाम पर है, जो कि रिकवरी एजेंट स्व उपेन्द्र सिंह का पुत्र है। कार को जप्त करने के दौरान पुलिस को स्थानीय लोगों का विरोध का भी सामना करना पड़ा। काफी मशक्कत के बाद आखिरकार पुलिस ने कार सहित 5 संदिग्ध मोटरसाइकिल को भी जप्त कर थाने ले गई।मौके पर मौजूद बैंक मोड़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन पांडेय ने बताया कि कार और बाइक को जप्त किया गया है।

## वार्षिक पेंटिंग परीक्षा मे 192 परीक्षार्थियों ने लिया भाग

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** बंगीय संगीत परिषद कोलकाता से संबद्ध हॉबी सेंटर धनबाद एवं सिंफर स्टॉफ क्लब के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सिंफर सामुदायिक भवन में वार्षिक पेंटिंग परीक्षा आयोजित की गई। इस परीक्षा में धनबाद के अलावे बोकारो से भी कुल 192 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। स्टूडेंट्स के साथ साथ कई टीचर भी इस परीक्षा को देने पहुंचे। इस प्रतियोगिता में मार्केट सीन, काईट फ्लाइंग, फेस्टिवल सिन, फिशिंग, फ्रूट बास्केट एवं अन्य थीम बनाने को दिए गए थे। चित्रांकन प्रतियोगिता में शुभोय कुमार प्रसाद, कल्चरल सेक्रेट्री सिम्फर स्टाफ क्लब, एस.एन. शर्मा सेक्रेटरी सिंफर स्टाफ क्लब की महत्वपूर्ण भूमिका थी। एग्जामनर के तौर पर आसनसोल से प्रख्यात आर्टिस्ट कल्याण सेनगुप्ता अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। हॉबी सेंटर के डायरेक्टर जाने माने आर्टिस्ट शिव शंकर धर ने बताया कि विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों से कक्षा छह से कक्षा 10वीं और उससे ऊपर के बच्चों के अलावे कई स्कूलों के शिक्षक ने भी इस परीक्षा में भाग लिया है। उन्होंने बताया इस प्रथम साल से छठी साल की परीक्षा के बाद मास्टर ट्रेनिंग दी जाएगी। चित्रांकन प्रतियोगिता को सफल बनाने में शिव शंकर धर, जोइता सोहनी धर, भविता चावड़ा, एकता राठौड़, प्रीतेश राठौड़ बुद्धदेव सक्रिय थे।

## लोकसभा चुनाव को लेकर यूथ जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिरिडीह :** रविवार को गिरिडीह ज़िले के डुमरी युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष गंगाधर महतो के नेतृत्व में डुमरी अनुमंडल के किसान भवन में संगठन सशक्तिकरण एवं 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर यूथ जोड़ो जोड़ो कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मो0 हसनैन अली उपास्थित हुए और इनके हाथों से दर्जनों युवाओं ने कांग्रेस पार्टी पर अपनी आस्था जताते हुए पार्टी का सदस्यता ग्रहण किया! मौके पर जिला अध्यक्ष हसनैन अली ने कहा कि हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी जी लोकसभा के अंदर गरीब, मजदूर, किसान, छात्र की



तमाम समस्याओं को मजबूती के साथ लोकसभा में रखने का काम कर रहे थे जिससे विचलित होकर भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा षड्यंत्र के तहत दो वर्ष की सजा दिलाई गई और लोकसभा से उनकी सदस्यता रद्द करा दी गई और महज कुछ दिनों में उनका सरकारी आवास भी खाली करा दिया गया जो कि बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है और हम समझते हैं कि भारतीय जनता पार्टी देश के विपक्षी नेताओं के आवाज को दबाना चाहती है और मैं यह निश्चित रूप से कहना चाहता हूं कि देश की आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में आम जनता इस तानाशाह सरकार को जवाब देगी । इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष महेश भगत , प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नागेश्वर मंडल , गिरिडीह विधानसभा अध्यक्ष सहनवाज कुरैशी , हनी खान,सरफराज अहमद ,घनश्याम सिंह , मंडल ,मुमताज अंसारी ,कपिल ठाकुर , मो0 शमशुल, गुलाम गौस अंसारी , जुनैद अख्तर, राकेश कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

## झारखण्ड लैक्रोस संघ का हुआ गठन वैभव अध्यक्ष वसीम महासचिव व तारकनाथ बने कोषाध्यक्ष

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** रविवार को धैया स्थित आमंत्रण कॉन्फ्रेंस हॉल में खेल प्रेमियों की एक बैठक हुई। जिसमें झारखण्ड में लैक्रोस खेल को राज्य में बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखण्ड लैक्रोस संघ का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता झारखण्ड ओलम्पिक संघ के कार्यकारी अध्यक्ष एस. एम. हाशमी ने की। मौके पर धनबाद जिला ओलम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी भी उपस्थित थे। लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया द्वारा जारी अधिकृत पत्र के माध्यम से श्री हाशमी ने उपस्थित लोगों को इस खेल से सम्बंधित विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। तत्पश्चात झारखण्ड लैक्रोस संघ का गठन किया गया और इसके संचालन हेतु कार्यकारिणी का गठन किया गया।कार्यसमिति में सर्वसम्मति से वैभव सिन्हा को अध्यक्ष बनाया गया। साथ ही वसीम हाशमी तथा तारकनाथ दास क्रमशः महासचिव तथा कोषाध्यक्ष चुने गए। इसके अलावा एस. एम. हाशमी मुख्य संरक्षक, जुबैर आलम तथा प्रमोद कपूर संरक्षक मनोनीत किए गए। उपाध्यक्ष के पद पर पवन कुमार बरनवाल, सूरज प्रकाश लाल तथा चेतराम सिंगारी चुने गए. नवल कुमार कश्यप, मो. सहजहां आलम, संतोष कुमार, इरफ़ान आलम तथा सहजादा प्रिंस संयुक्त सचिव चुने गए जबकि राजन सिंह, तनवीर आलम तथा प्रताप शेखर सहायक सचिव चुने गए। कार्यसमिति के सदस्यों में मो. मुशर्रफ हुसैन, विनय कुमार ओराओं, मो. शाहनवाज, अमर त्रिपाठी, सैयद शहजादा को शामिल किया गया है।बैठक में उपस्थित 12 जिलों के प्रतिनिधियों ने अपने अपने जिले में इस खेल के बेहतर विस्तार के लिए काम करने की बात कही जबकि अन्य जिले के प्रतिनिधियों को भी संघ से जोड़ने के लिए चर्चा हुई। बैठक के दौरान यह भी निर्णय लिया गया की शीघ्र ही लैक्रोस एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया के सहयोग से राज्य में इस खेल का एक प्रदर्शनी मैच का आयोजन किया जाएगा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन नव निर्वाचित महासचिव वसीम हाशमी ने दी।

# महिला की निर्मम हत्या से मची सनसनी, पति पर हत्या का आरोप

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद के तीसरा थाना क्षेत्र स्थित 14 नंबर डंप के समीप एक महिला की लाश मिली है। महिला का चेहरा और सिर पत्थरों से कुचल दिया गया है। महिला की पहचान धनबाद के ही बरोरा थाना क्षेत्र निवासी उमेश शर्मा की पत्नी सुनीता शर्मा के रूप में हुई है जो फिलहाल अपने भाई के साथ पश्चिम बंगाल के आसनसोल में रह रही थी। घटना की सूचना के बाद पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।रविवार की सुबह तीसरा थाना के स्थानीय लोगों ने 14 नंबर डंप के समीप एक महिला की लाश देखी। लाश का सर और चेहरा पत्थरों से बुरी तरह कुचला दिया गया था। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की तफ्तीश में जुट गई। शव की पहचान के बाद मौके पर पहुंचे मृतका के भाई लालबाबु शर्मा ने बताया कि उनकी बहन का उनके पति के साथ काफी लंबे समय से विवाद चल रहा था। कई बार थाने में भी इसको



लेकर बैठक हुई थी। लेकिन समझौता नही होने पर उनकी बहन अपनी बेटी के साथ अपने भाई के साथ आसनसोल में ही रह रही थी।उन्होंने बताया कि कुछ समय पूर्व से उसका पति फोन कर उसे यहाँ बुला रहा था। इसके बाद कल यानि शनिवार की शाम वह अपनी बेटी के साथ यहाँ आई थी। लेकिन उसके बाद यहाँ क्या हुआ, यह उन्हें पता नही। उन्होंने बताया कि उन्हें सूचना मिलने के बाद वह आज अहले सुबह यहाँ पहुंचे, तो उन्हें उनकी भांजी (मृतका की बेटी) तो मिल गई, लेकिन उनकी बहन उन्हें मृत मिली।

## यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम की तैयारी को लेकर आरवाईए की गांव यात्रा शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

**सरिया (गिरिडीह):** सरिया में रविवार को इंकलाबी नौजवान सभा( आरवाईए) द्वारा आगामी 01 अगस्त दिल्ली में आयोजित ÷युथ पार्लियामेंट÷ की तैयारी को लेकर सबलपुर पंचायत के उर्रो गांव में ÷गांव-यात्रा÷ किया गया व नौजवानों से संवाद किया गया।कार्यक्रम का नेतृत्व राज्य कमिटी सदस्य खुर्शीद आलम,जिम्मी चौरसिया,प्रखंड सचिव अविनाश सिंह कर रहे थे।इस यात्रा में मुख्य रुप से आरवाईए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय मौजूद रहे।गांव यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सोनु पांडेय ने कहा कि वर्तमान मोदी भाजपा की सरकार में अगर कोई सबसे अधिक छला गया कोई है तो वो नौजवानों का तबका है दो करोड़ हर वर्ष रोजगार का वादा करके सत्तासीन हुई मोदी सरकार ने सत्ता में आते ही सबसे बड़ा धोखा नौजवानों के साथ किया है आंकड़े बताते हैं कि बीते पैतालीस वर्षों में इतनी बड़ी बेरोजगारी पहले कभी देखने को नही मिली जितनी बड़ी बेरोजगारी वर्तमान भाजपा मोदी सरकार में देखने को मिल रही है तमाम सार्वजनिक सेक्टरों को कॉर्पोरेट के हाथों नीलाम किया जा रहा है रोजगार के अवसरों




को खोलने की तो बात ही छोड़िये बल्कि जो पहले से ही रोजगार के अवसर थे उन्हें भी बंद किया जा रहा है।शिक्षा,स्वाथ्य और तमाम बुनियादी जरूरतों को आम आवाम के पहुंच से बाहर कर दिया जा रहा है।इस सरकार में सिर्फ धर्म,मजहब,जाती,मंदिर मस्जिद पर ही राजनीति को केंद्रित कर दिया गया है।सरकार लोकतन्त्र को ताक पर रखकर हिटलरशाही अंदाज में सत्ता को संचालित कर रही है सरकार के खिलाफ उठने वाले विरोध के आवाजों को मुकदमो से,जेल में डालकर दबाने की पूरी कोशिश हो रही है आगामी 01 अगस्त को पूरे देश के नौजवान इंकलाबी नौजवान सभा के बैनर तले सरकार से उनके किये वादों का हिसाब मांगने दिल्ली कूच करेंगे व युथ पार्लियामेंट लगाएंगे।

# आपातकाल भारतीय संविधान को अपमानित करने का एक कुत्सित प्रयास : सुदर्शन भगत

**➲खेमराज स्मृति भवन में संयोजक संजय बर्मन ने आपातकाल पर प्रबुद्ध के साथ की परिचर्चा**




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान के अंतर्गत लगातार हो रहे विभिन्न कार्यक्रमो के तहत आज स्थानीय खेमराज स्मृति भवन में जिला के प्रबुद्धजनों को समान्नित करने का कार्य किया गया तथा 25 जून 1975 को तत्कालिक प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी के द्वारा अपनी तानाशाह सरकार को बचाने हेतु आपातकाल लागू किया था, उसकी विरोध स्वरूप एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा सदस्य संजय बर्म्मन द्वारा आयोजन की जिम्मेवारी सम्भाली गयी तथा सफल मंच संचालन किया गया। जबकि मुख्य अतिथि माननीय सांसद सुदर्शन भगत, विशिष्ट अतिथि ओमप्रकाश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनीर उराँव, प्रदेश प्रशिक्षिण सदस्य डॉ राजश्री जयंती, कार्यक्रम ज़िला संयोजक राजकिशोर महतो एवं आपातकाल के दौरान जेल जानेवाले उमेश कॉंस्यकर,स्व रामजीवन सिंह,स्व रामदेनी प्रजापति का परिवार के लोग के साथ साथ विभिन्न संगठनों के मुख्या तथा जिला के गणमान्य प्रबुद्धजन उपस्थित रहें। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक संजय बर्म्मन ने मंच संचालन करते हुए आपातकाल के संदर्भ में बतलाया कि जब सत्ता की ताकत सरचढकर बोलती है तो आपातकाल जैसा काला पन्ना हमारे इतिहास को दागदार करती है। जिसे भारत की जनता ना तब बर्दाश्त की थी और न अब बर्दाश्त करेगी। मुख्य अतिथि सुदर्शन भगत द्वारा आपातकाल के दौरान जेल गये उमेश कॉंस्यकार जी के साथ साथ अन्य व्यक्ति जो वर्तमान में स्वर्गवासी हो गये हैं, उनके परिवार के सदस्यों को प्रमाण पत्र, तुलसी पौधा तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं उपस्थित प्रबुद्धजनों को भी अंगवस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किये। अपने सम्बोधन में माननीय सुदर्शन भगत जी ने कहा कि 25 जून 1975 को लगाया गया आपातकाल कॉंग्रेस की केंद्र सरकार तथा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गाँधी का एक कुत्सित कार्य था,जिसको भारतीय नागरिक कभी माफ नहीं करेगी। आपातकाल लागू करने का आदेश पत्र भारतीय संविधान के अक्षुण्यता में हमला के समान था,यह एक काला अध्याय था जिसे कभी भी भुला नही जा सकता है। कॉंग्रेसनित सरकार ने हमेशा जनता जनार्दन को ठगने का काम किया है, इनके कार्यकालों में धरती से आसमान तक घोटाला ही घोटाला किया गया है। कॉंग्रेसनित सरकार का दूसरा नाम घोटाला सरकार ही हुआ करता था। आज भाजपानित केंद्र सरकार के मुख्या भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के अगुवाई में पूरा विश्व भारत देश को सम्मान दे रही है, देश मे विकास की अविरल धारा बह रही है। जनहित में दर्जनों योजना लागू कर आमजन को लाभ दिया जा रहा है। एक तरफ मोदी जी अमेरिका में विदेशी जनप्रतिनिधियों के बीच शेरों की तरह अपनी बातों को रखने में कामयाबी का झंडा लहरा रहे है। तो दूसरी तरफ विपक्ष झुंड बनाकर देश मे अपनी व्यक्तिगत कब्जा का रणनीति तैयार करने में लगे हुए हैं। परन्तु भारत की जनता अब सब सच्चाई से आत्मसात हो चुकी है। अब इन्हें ठगों का झुंड ठग नही सकती। बल्कि भारतीय शेर व यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद दामोदर दास मोदी जी को आगामी 2024 में पुनः स्थापित कर विपक्षीय झुंड को करारा जवाब देगी। कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि चन्द्रशेखर प्रसाद अग्रवाल, चैम्बर अध्यक्ष रितेश कुमार, पूर्वाध्यक्ष अभय अग्रवाल, समाजसेवी चंद्रपति यादव, कलाकार विनोद सोनी, हरिओम प्रजापति, दिलेश्वर प्रजापति, ट्रक व्यवसायी विनोद सिंह, मनोज गुप्ता, व्यवसायी नवीन पटेल, अजय पंकज, भाजपा के राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, मिथुन तामेडा,सजल कुमार समेत अनेको गणमान्य उपस्थित रहें।

## नवनिर्मित अस्पताल का विधिवत पूर्व जिप सदस्य सह विहिप अध्यक्ष ने किया उद्घाटन



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरही में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिला अध्यक्ष ने नवनिर्मित सरस्वती मेमोरियल अस्पताल का विधिवत फीता काट किया उद्घाटन। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बरही में नवनिर्मित सरस्वती मेमोरियल अस्पताल का विधिवत फीता काट कर जिला परिषद सदस्य सह विहिप जिला अध्यक्ष रामलखन प्रसाद एवं गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप फीता काट कर किया उद्घाटन। इस अवसर पर सरस्वती मेमोरियल अस्पताल के संचालक विज्ञान प्रसाद ने कहा ग्रामीण क्षेत्र के जनता को मूलभूत सुविधाएं ससमय मुहैया कराने में सार्थक प्रयास कायम रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा टेक्नोलॉजी के अनुसार आने वाले समय मे सुविधा भी उपलब्ध कराया जाएगा। अस्पताल उद्घाटन के पश्चात जिला परिषद सदस्य रामलखन प्रसाद ने कहा प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र में नया अस्पताल निर्माण से ग्रामीणों के लिए लाभदाय साबित होगा बताते हुए उन्होंने कहा छोटी से छोटी बीमारी को लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग जनकारी के अभाव में कर्ज में डूब रहें है। साथ ही उन्होंने कहा क्षेत्र के शिक्षित एवं स्वास्थ्य संबंधित सेवा भाव से अस्पताल का निर्माण किया गया है। उससे ग्रामीणों में जागरूकता भी लाया जाएगा। अस्पताल उद्घाटन समारोह में पुर्व जिला परिषद सदस्य सह विहिप अध्यक्ष रामलखन प्रसाद पूर्व पंचायत मुखिया सुखदेव उराँव, ग्राम प्रधान फूलदेव उराँव, झालजमीरा पंचायत के उपमुखिया सुषमा उराँव, अस्पताल संचालक विज्ञान प्रसाद के अलावे आनंद गुप्ता सुदर्शन प्रसाद, विश्वनाथ गुप्ता कल्पना देवी विगल प्रसाद किशोर प्रसाद साहू शक्ति कुमार श्रेष्ठ साहू सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पुरोहितों के नेतृत्व में हुआ पवित्र मिस्सा अनुष्ठान कार्यक्रम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखण्ड अन्तर्गत शाहपुर पंचायत के काराटोंगरी में तुरबुंगा पारिश प्रिस्ट,फादर अनस्लेम संग अन्य पुरोहितों के नेतृत्व में पवित्र मिस्सा अनुष्ठान कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पवित्र मिस्सा अनुष्ठान के साथ शुरू किया गया। क्लिसिया समुदाय के मसीही भाई बहनों को सम्बोधित करते विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने कहा कि आज हम सभी ईश्वर के संगति में आकर प्रभू यीशु मसीह को याद कर रहे हैं। पवित्र बाईबल में स्पष्ट है कि तुम हमें याद करो हम अपने मसीहियों के साथ है। हमारे प्रभु का बचन है कि मसीहियों तुम झूठ मत बोलो, चोरी मत करो, किसी प्राए धन पर लालच न करो, किसी की हत्या न करो, सदैव लाचार बेबस की सहायता करो, अपने से छोटे को प्यार दो, अपने से बड़ों को सम्मान करो। यही हमारे प्रभू की बचन और वाणी है। किन्तु आज हम उन सारी बचनों को भूलाकर दरकिनार कर दिए हैं।आज झूठ का सहारा हम लेते हैं,एक दुसरे स्नेह और सम्मान को करना छोड़ दिए हैं। फलस्वरूप हम ईसाई समुदाय पर अनेकों प्रकार का प्रकोप आ रहा है, चाहे प्रत्यक्ष रूप से या अप्रत्यक्ष रूप से।लोग समझते हैं कि यह जो कठिनाई या किसी प्रकार का प्रकोप आया उसमें हमारी गलती के कारण, परन्तु ऐसा कदापि नहीं है, कहीं ना कहीं इसमें ईश्वर के नाराजगी है। इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि हमें आपको ईश्वर के संगति में रहकर उनके कहे बचनों के अनुसार कार्य को करना होगा। मेरे भाई बहनों आपको बताते चलें कि आज हम पर भाजपा के ओर से अनेकों प्रकार की षड्यंत्र की रचना रची जा रही है। कभी हमें डीलिस्टिंग का भय दिखाकर आदिवासियत से बंचित करने का, कभी नौकरी से बंचित करने का, कभी हमारे जमीनों को छीनने का, कभी समान नागरिक संहिता कानून का, कभी आरक्षण से हटाने का प्रयास किया जा रहा है। किन्तु हम अपने प्रभू यीशु मसीह को तो भूला ही रहे हैं।साथ ही साथ अपने या अपने आने वाले पीढ़ी के लिए समस्याएं उत्पन्न हो रही है उसे भी हल्के में लेकर नजर अन्दाज कर रहे हैं। इसलिए हमें सजग रहने की आवश्यकता है और इनका जो सोच है उसे 2024 के आम लोकसभा विधानसभा चुनाव में ध्वस्त कर देना है। इन्हीं शब्दों के साथ अपनी वाणी को विराम देते हैं। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रावेल लकड़ा, अमृत डुंगडुंग, आदि उपस्थित थे।

## ग्रामीणों की समस्या का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता : डॉ. रामेश्वर उरांव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कुडू प्रखंड के सुंदरू पंचायत में जनसुनवाई कार्यक्रम कर ग्रामीणों की समस्या से रूबरू हुए और स्थानीय लोगों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम कि जानकारी ली, जनसुनवाई कार्यक्रम में ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से सड़क निर्माण,पेय जल आपूर्ति, बिजली आपूर्ति, विधवा पेंशन, अंचल कार्यालय संबंधी, आवास योजना, से संबंधित समस्याएं मंत्री के सामने रखी,मंत्री ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से बात कर समस्याओं के त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए एवं तत्काल कार्य पूर्ण होने का भरोसा दिलाया और कहा कि सभी आवेदनों पर कारवाई की जाएगी और ग्रामीणों तक पहुंच कर सभी समस्याओं का समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। मैं जिले के सभी क्षेत्रों का भ्रमण कर अंतिम व्यक्ति तक विकास कार्यों और सरकारी योजनाओं को पहुंचने का प्रयास कर रहा हूं। सभी प्रखंडों में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित की जा चुकी है और जनता से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं का निदान किया जा रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जयसवाल, रोहित उरांव, इकबाल खान, संतोष महतो, इरशाद अंसारी,असलम खान, सुशील उरांव, सतीश पहन, रूपेश तिर्की, कपिल बैठा, माजिद अंसारी, जसीम अंसारी, परवेज अंसारी, सम्शुल अंसारी, जाकिर अंसारी, सफरोज अंसारी, समद अंसारी, शाहजहा अंसारी, विजय उरांव, राजेश बैठा, नैयर अंसारी, सैमुद्दिन अंसारी, आदि उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़ कम्प्यूटर सहित अन्य वस्तु का किया चोरी



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कोराम्बे गोरा टोली में अज्ञात चोरों ने बन्द विद्यालय प्रांगण में कम्प्यूटर रूम का ताला तोड़ कम्प्यूटर सहित अन्य वस्तु का किया चोरी शिक्षक ने थाना में लगा। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के उगरा पंचायत स्थित कोराम्बे गोरा टोली में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय का ताला तोड़ कर कम्प्यूटर रूम से कम्प्यूटर, मॉनिटर क्युबोर्ड सहित अन्य वस्तु की चोरी अज्ञात चोरों ने चुरा ले भाग चोरी घटना की जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक को मिलते ही सेन्हा थाना में अर्जी लगाते हुए अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने तथा कानूनी कारवाई का मांग किया है। इससे पूर्व विद्यालय में चोरी होने की जानकारी प्रबंधन समिति अध्यक्ष को देते से विद्यालय के आसपास के ग्रामीणों से भी पूछा गया परंतु कोई सुराग नही मिला। बताया जाता है कि विद्यालय खुलने के बाद प्रचंड गर्मी को देखते हुए सरकार के आदेशानुसार छुटी अवधि बढ़ाया गया था। इसी बीच अज्ञात चोरो ने विद्यालय बन्द का फायदा उठाते कम्प्यूटर रूम का ताला तोड़ बच्चों का अध्ययन रत कम्प्यूटर, मॉनिटर, क्युबोर्ड सहित अन्य वस्तु को चुरा ले भागा इस संदर्भ में थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने बताया कि चोरी घटना की सूचना प्राप्त हुआ है। जिसपर पुलिस जांच कर रही है और अज्ञात चोर के विरुद्ध कारवाई किया जा रहा है।

## चुन्नी राम रविदास समाज के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे : आलोक साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला रविदास विकास मंच के जिलाध्यक्ष चुनी राम जी का निधन कुछ दिन पूर्व हो गया था। लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू अपने सहयोगियों के साथ रविवार को कुडू प्रखंड के ग्राम ओपा पहुंचकर स्वर्गीय चुनी राम के परिजनों से मुलाकात कर अपनी ओर से गहरी संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि स्वर्गीय चुन्नी राम मृदुभाषी, कर्तव्यनिष्ठ व्यक्ति थे। उन्होंने रविदास समाज को एक सूत्र में बांधने का काम किए थे वे समाज के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेंगे। फिर श्री साहू ओपा गांव के साहू मोहल्ला पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से मुलाकात किए। श्री साहू ने कहा कि इस मोहल्ला के लोग काफी वर्षों से अपने मोहल्ले में पीसीसी पथ का निर्माण कराने की मांग करते आए हैं जल्द ही श्री साहू मोहल्ला में पीसीसी पथ का निर्माण विधायक निधि से कराया जाएगा। मौके पर लोहरदगा विधानसभा युवा कांग्रेस के उपाध्यक्ष लाल विकास नाथ शाहदेव, सुरेश साहू, परमेश्वर साहू, रूनू साहू, अनिल साहू, रमेश साहू, सतीश साहू, मुकेश साहू, शिशिर साहू, कर्मदयाल राम सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद जिला छात्र संघ ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद जिला छात्र संघ के द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन बक्खतर साय मुंडल सिंह स्मृति भवन, सलडेगा में आयोजन किया गया। इस प्रतिभा सम्मान समारोह में मैट्रिक और इंटर में प्रथम श्रेणी से पास करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति - पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पहले अमर शहीद स्व. श्री बक्खतर साय एवं मुंडल सिंह को नमन करते हुवे कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण छात्र संघ अध्यक्ष रविन्द्र सिंह द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि केंद्रीय अध्यक्ष लालदेव सिंह ने कहा कि यह प्रतिभा सम्मान समारोह आपके मेहनत एवं संघर्ष का सम्मान है। उन्होंने यह भी अगर कोई इतिहास इस दुनिया में अपनी पहचान बनाने का कार्य किया है तो उसके अंदर एक जुनून और अपने कार्य के लिए पागल देखा जा सकता है। उन्होंने जोर देते हुवे कहा कि अपने अंदर एक नई सोच एवं लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को सिर्फ और सिर्फ नई नई जानकारी और शिक्षा प्राप्त करने के लिए मेहनत करने की जरूरत है। उन्होंने धैर्य के साथ आगे बढ़ने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि हमें समय के साथ, समय का सही उपयोग करते हुवे कार्य करते जाना चाहिए नहीं तो भविष्य में अनेकों तकलीफ आना निश्चित है। उन्होंने कम्पीटिशन की तैयारी पर भी जोर दिया। प्रदेश अध्यक्ष रोहित कुमार सिंह ने कहा विद्यार्थियों को समय का विशेष महत्व रखने की जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थी जीवन ही संघर्ष एवं कठोर परिश्रम करने का समय होता है। उन्होंने यह भी कहा कि जो विद्यार्थी इस जीवन में इन सभी नियमों एवं अनुशासन के साथ आगे बढ़ता है उनका जीवन निश्चित रूप से उज्ज्वल होता है साथ ही बुलंदियों को छू कर अपनी एक अलग पहचान बनाते है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें बड़ा लक्ष्य लेकर आगे बढ़ना है साथ उससे पाने के लिए कठोर मेहनत करनी की जरूरत है। खूंटी जिला अध्यक्ष जय कुमार सिंह विद्यार्थियों को सभी कार्यों को समय के साथ करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने जोर देते हुवे कहा कि कोई भी कार्य को दूसरे दिन कार्य करने के लिए नहीं छोड़ना चाहिए क्योंकि यही सफलता का मूल मंत्र है। केंद्रीय समिति के सदस्य रामधनी सिंह ने कहा कि हमें ज्ञान के साथ साथ हमें संस्कार लेने की भी जरूरत है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हमारे अंदर संस्कार नहीं तो ज्ञान की भी महत्व नहीं होती है। साथ ही साथ उन्होंने लक्ष्य कैसे प्राप्त किया जा सकता है साथ ही लक्ष्य को प्राप्त करने की प्रक्रिया के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। समाज एवं विद्यार्थियों के लिए निस्वार्थ भाव से काम करने वाले गुड्डू भूषण सिंह ने कहा कि सभी विद्यार्थियों को अपने रुचि के अनुसार लक्ष्य लेकर पढ़ाई करनी है साथ ही अपने लक्ष्य को पाने के लिए अनुभवी एवं अपने से बड़े लोगों से मार्गदर्शन लेने की आवश्यकता है।

## सड़क दुर्घटना में बाल बाल बचे नेतरहाट विद्यालय के छात्र



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** कंडरा चौक के समीप ट्रक एवं बस के टक्कर में बस क्षतिग्रस्त कोई हताहत नहीं सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस। सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर कंडरा चौक के समीप हाइवा ट्रक जे एच 13 जे 8181 और नेतरहाट आवासीय विद्यालय से बच्चो को लेकर आ रही बस जे एच 01 सी एच 4918 जो रांची के तरफ जा रही थी। इसी क्रम में कंडरा चौक के समीप हाइवा और बस में टक्कर हो गया। घटना में किसी का हताहत होने की सूचना नही है। लेकिन बस क्षतिग्रस्त हो गया है। बताया जाता है कि नेतरहाट विद्यालय के बच्चों को लेकर लोहरदगा की ओर बस जा रही थी। हाइवा ट्रक के चालक लापरवाही दिखाते सीधा बस के दाहिनी ओर धक्का मार दिया। घटना के उपरांत ट्रक चालक एवं बस चालक के बीच नोक झोक होने लगा। जिसकी सूचना थाना प्रभारी अभिनव कुमार को मिलते ही उनके निर्देश पर गस्ती टीम घटना स्थल पहुंच दोनो वाहन को जब्त करते हुए विद्यालय के छात्रों को सुरक्षित दूसरी बस से रांची भेजते हुए पुलिस अग्रतर कारवाई में जुट गई।

## भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में हुआ प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन




**सिमडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन गरीब कल्याण के निमित प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में जिला उपाध्यक्ष सतीश पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक की शुरुआत विधिवत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ बैठक में मुख्य रूप आने वाले 2024 चुनाव को लेकर प्रबुद्ध जनों ने अपने अपने विचारों को व्यक्त किया मुख्य रूप से पूर्व मंत्री श्रीमती विमला प्रधान जी ने अपने विचारों को रखते हुए कहा की हम समाज के सभी वर्गों पर जाकर केंद्रीय योजनाओं के साथ-साथ आपसी समन्वय बनाएं तभी हम आने वाले चुनौती का सामना कर सकते हैं पूर्व विधायक निर्मल कुमार बेसरा जी ने भी पुराने कार्यकर्ताओं के साथ समाज के प्रबुद्ध जनों को भाजपा हमेशा उचित सम्मान देते आई है और हमें उनका आशीर्वाद मिलता रहा है और आगे भी मिलता रहेगा कार्यक्रम के संयोजक दुर्ग विजय सिंह देव एवम् कार्यक्रम संयोजक ओम प्रकाश साहू जी अपने अपने विचारों को रखते हुए सभी सम्मानित प्रबुद्धजनों का अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया बैठक में मुख्य रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष संजय ठाकुर, रामप्रताप प्रसाद, पवन मित्तल, देवराज प्रसाद, डॉ महेंद्र भगत, जगदीश साहू, अर्जुन प्रोफेसर, राम कैलाश राम, कृष्णा प्रसाद, बोधन नायक, सुरेंद्र प्रसाद, कृष्णा प्रसाद, दिनेश्वर सिंह, अनूप प्रसाद, नवीन सिंह, सत्यनारायण प्रसाद, जोगिंदर राम, चंदन प्रसून जिला मीडिया प्रभारी कृष्ण ठाकुर इत्यादि लोग उपस्थित रहे।

## आम जनमानस के सहयोग से सफल होगा स्कूल रूआर बैक टू स्कूल कैंपेन कार्यक्रम : अलिराजा अंसारी

**➲नामांकन हेतू विद्यालय स्तर पर 22 जुन से 17 जुलाई तक चल रही है विशेष अभियान**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** आम जनमानस के सक्रिय भावनात्मक जुड़ाव से सफल होगा स्कूल रूआर बैक टू कैम्पेन कार्यक्रम। उक्त बाते 13 अनुसूचित जिलो की कमिटी के मिडिया प्रभारी वर्तमान जिंगी उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य अलिराजा अंसारी ने मिडिया से विज्ञप्ति के माध्यम से कहा कि पोषक क्षेत्र के 5-18 आयुवर्ग के 100त्न बच्चों को सरकारी विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित करने एवं इस तरीके से उनके बेहतर भविष्य निर्माण की पहल करने के उद्देश्य से ÷स्कूल रूआर÷ कार्यक्रम की शुरुआत राज्य स्तर पर 16 जून को एवं जिलों में 19 जून को हो चुकी है। प्रखंडों में 21 जून तथा विद्यालय स्तर पर इसकी शुरुआत 22 जून को की गई है। अभी राज्य में लगभग 53247 अनामांकित एवं क्षीजित बच्चे हैं जिन्हें इस अभियान के तहत विद्यालयों में नामांकन सुनिश्चित कराना है। इसके बाद शिक्षा विभाग द्वारा एक महात्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रयास चलाया जाएगा जिसका उद्देश्य इन बच्चों का विद्यालय में ठहराव या नियमित उपस्थिति मेंटेंन रखना है। किसी भी राज्य या देश के विकास का एक बड़ा पैमाना 100त्न बच्चों को मिलने वाली गुणवत्ता पूर्ण और रोजगार परक शिक्षा होती है। विकास की नई इबारत लिखने को आतूर और कभी संसार को हर प्रकार की शिक्षा देने वाले इस देश का एक भी बच्चा यदि विद्यालय से बाहर हो तो एक जागरूक नागरिक के माथे पर बल पड़ना ही है,यहां तो सिर्फ अपने झारखंड में ही इनकी संख्या50 हजार से अधिक है। जाहिर है कि यह एक बड़ी चुनौती है जिसे पूरा करने के लिए विद्यालय प्रधान, शिक्षक,विद्यालय प्रबंधन समिति, बाल संसद, माता समिति,पंचायत के जनप्रतिनिधि, शिक्षाकर्मी, समाजसेवी की सक्रिय भागीदारी के साथ जनमानस का भावनात्मक जुड़ाव आवश्यक होगी। अभिभावकों की कमजोर आर्थिक स्थिति, शिव।ण माध्यमों में भाषा की कठिनाई, अभिभावकों का निरक्षर होना या पलायन इत्यादि कई समस्याओं के कारण बच्चों का नामांकन विद्यालयों में नहीं हो पाता है। लेकिन हम सब यदि सामूहिक रूप से दृढ़ संकल्पित होकर प्रयास करेंगे तो किसी भी समस्या का निदान अवश्य हो सकेगा और अपने प्रदेश के विद्यालय के बाहर रह रहे 53 हजार बच्चों के भविष्य बर्बाद होने से बचाने की इस मुहिम में हम सफल हो पायेंगे।

## सेवा भारती ने निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का किया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार आज 54 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ,एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए। सभी ने भारत माता की जय,वंदे मातरम आदि का नारा लगाते हुए नमन किए। आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 35 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। डॉ कुमुद अग्रवाल ने कहा कि इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर पर काफी दूर-दूर से लोग आकर अपना स्वास्थ्य चेकअप एवं इलाज करवा रहे हैं। दीपक सर्राफ के द्वारा 1 वर्ष से भी ज्यादा समय से अपने खर्च पर यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगवा कर जरूरतमंदो का सेवा करना काफी सराहनीय कार्य है,इसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम है। उपाध्यक्ष अवधेश मित्तल व सहसचिव संजय चौधरी ने कहा कि 1 जून 2022 से चल रहे इस प्रत्येक सप्ताह निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में काफी लोग अपना एवं अपने परिवार का चेकअप करा कर काफी संतुष्ट हैं,और कहा कि यह निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगातार प्रत्येक रविवार को सुबह 7:30 बजे से एक घंटे के लिए लगाई जाती है, आज लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड आदि का चेकअप कराते हुए परामर्श भी लिए प्रत्येक रविवार को यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर चलते रहेंगे। आज शिविर में, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, संजय चौधरी, अवधेश मित्तल, गोपाल सिंह, सुबोध महतो, मोती लाल अग्रवाल, सत्यम सर्राफ, सुभाष देवी, अनिल वर्मा, अंजू देवी, अंजली सर्राफ, मीना देवी, मनमोहन प्रसाद, अतुल सर्राफ, मनोज कुशवाहा, चिंता देवी, कविता गुप्ता, उदय प्रसाद कास्यंकार, राम प्रसाद साहू, कृष्णा केसरी, भोला प्रसाद, बिरसा उरांव, मीना देवी, प्रमोद प्रजापति, राम कुमार महतो, सुंदर देवी, मनीष अग्रवाल, देवंती देवी, विपुल कुमार प्रजापति, पंडित गोपाल पांडे, निशा कुमारी,हिमांशु पांडे आदि उपस्थित थे।

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




चलते चलते एक नजर

## मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगा केंद्रः अमित शाह



**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. वीरेन सिंह ने रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उन्हें हिंसा प्रभावित राज्य के हालात से अवगत कराया। इस दौरान गृहमंत्री ने मुख्यमंत्री को आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राज्य में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव प्रयास करेगी।इस मुलाकात के बाद मुख्यमंत्री वीरेन सिंह ने ट्वीट कर कहा कि गृहमंत्री अमित शाह की देखरेख में पिछले सप्ताह केंद्र और राज्य सरकार के प्रयास से मणिपुर में हिंसा पर काफी हद तक काबू पाया जा सका है। साथ ही गौर करने वाला विषय है कि 13 जून के बाद राज्य में हिंसा के कारण किसी की मौत नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री ने आश्वासन दिया है कि केंद्र सरकार मणिपुर में शांति बनाए रखने के लिए हर संभव कदम उठाएगी। इसके अलावा अमित शाह ने यह सुनिश्चित करने के लिए मणिपुर में प्रत्येक हितधारकों से सहयोग भी मांगा है कि राज्य में शांति बनी रहे। मुलाकात के दौरान राज्यसभा सदस्य महाराजा सनाजाओबा लीशेम्बा, विधानसभा अध्यक्ष ठा. सत्यब्रत सिंह और भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा भी मौजूद थे।

## वज्रपात से मवेशी की मौत, मुआवजे की मांग

**लातेहारः** शनिवार की सुबह नवनिर्मित सरयू प्रखंड क्षेत्र के ग्राम लाई गांव में हल्की बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गई। मवेशी लाई ग्राम निवासी दिलदेव उरांव का बताया जा रहा है। दिलदेव उरांव ने बताया कि सुबह के समय खेत में हल चला कर मवेशी को चारा खाने के लिए खोले थे। जो कि चारा खाने के लिए मवेशी लाई जंगल की ओर गई , इसी दौरान हल्की बारिश होने लगी वहीं मवेशी महुआ पेड़ के निचे खड़ी थी, जोरदार वज्रपात हुई जिसकी चपेट में आने से मवेशी का मौके पर ही मौत हो गया। इधर इस घटना से पीड़ित परिवार दिलदेव उरांव ने प्रखंड व जिला प्रशासन से मुआवजे की मांग किया है।



# नालियों का अतिक्रमण सफाई में बना बाधक : अरुणा शंकर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर** : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कई वार्ड का दौरा कर पानी और नाली की समस्या स्वयं जाकर देखते हुए कहीं ज्यादातर नाली वहीं जाम पड़े हैं, जहां नाली का अतिक्रमण किया गया है। प्रथम महापौर ने कहा कि मैं कई बार कहीं हूं कि लोग नाली के ऊपर से जब तक अतिक्रमण हटाने नहीं देंगे। नाली साफ नहीं होगी और रोड के ऊपर पानी आता रहेगा। जिसकी खामियाजा दूसरे लोगों को उठाना पड़ता है। जहां पर नाली का अतिक्रमण नहीं है उस एरिया को निगम पूर्व की भांति चरणबद्ध तरीका से सफाई करना शुरू कर दिया है। एक सवाल के जवाब में प्रथम महापौर ने कहा कि हमारा शहर तो फिर भी अच्छा है। आप दिल्ली, मुंबई,मद्रास, कोलकाता भी जाएंगे, जहां के निगम के पास न फंड की कमी है और ना ही इक्विपमेंट टेक्नोलॉजी या मेन पावर की, पर वहां के भी कई एरिया पानी में कई दिनों तक डूबे रहते हैं। हमारा शहर भी काफी पुराना है। कोई इसका मास्टर प्लान नहीं था। इसलिए कई कठिनाइयां होती है। प्रथम महापौर ने हमीदगंज के हरिजन मोहल्ला, महिंद्रा एंक्लेव, वृंदावन गार्डन एवं बैंकर्स कॉलोनी के लोगों से मिलकर उनके द्वारा बताए गए निगम की कमियों को जल्द दूर करने का भरोसा दिलाया।

# बहुत कठिन है डगर पनघट की

## विपक्ष को संविधान बचाने से ज्यादा खुद को बचाने की चिंता

**रविन्द्र उपाध्याय @ संपादक-प्रभात मंत्र**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने के लिए पटना में 15 विपक्षी दलों ने एकजुटता दिखाई. सीएम नीतीश कुमार के बुलावे पर विपक्षी नेता पहुंचे तो जरूर लेकिन बैठक में न तो कोई ठोस एजेंडा तय किया गया और ना ही किसी एजेंडे पर सहमति बन पाई. हां, बैठक में आपसी हितों को लेकर टकराव जरूर देखा गया. दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने बैठक के दौरान केंद्र सरकार के अध्यादेश को लेकर चर्चा की मांग की लेकिन इससे अनसुनी कर दिया गया. इस पर गुस्साए संवाददाता सम्मेलन से पहले ही उठ कर वे चले गए. पटना से दिल्ली पहुंचते ही उन्होंने कहा कि अध्यादेश को लेकर कांग्रेस पहले अपना रुख स्पष्ट करे. अगर वह अध्यादेश के मसले पर हमारा साथ देती है तभी हम विपक्षी एकता को लेकर होने वाली अगली बैठक में शामिल होने पर विचार करेंगे. कांग्रेस चाहती थी कि दिल्ली के सीएम व आप संयोजक अरविंद केजरीवाल मीटिंग में शामिल ही ना हों. इसके पीछे एक बड़ा कारण यह है कि दिल्ली की सत्ता 2013 में कांग्रेस को अगर गवानी पड़ी थी तो वह सिर्फ आम आदमी पार्टी की वजह से. इसलिए केजरीवाल को अध्यादेश के मुद्दे पर समर्थन देना कांग्रेस के लिए विषपान के समान है. केजरीवाल प्रकरण विपक्षी एकता की राह में आया दरार या फूट पहला उदाहरण बना. दूसरा उदाहरण बनी ममता बनर्जी. उन्होंने बैठक में भाग लेने के दो दिन पूर्व कहा कि पश्चिम बंगाल में सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन के कारण वह राज्य में कांग्रेस को समर्थन नहीं दे पाएंगी. बंगाल में कांग्रेस व ममता की पार्टी तृणमूल में छत्तीस का आंकड़ा जगजाहिर है. पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के इकलौते विधायक द्वारा कांग्रेस छोड़कर टीएमसी का दामन थाम लिया गया है. तभी से कांग्रेस और टीएमसी एक दूसरे पर हमलावर हैं. उत्तरप्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव भी चाहते हैं कि कांग्रेस जैसे दल उत्तर प्रदेश से दूर रहे. इधर आंध्रप्रदेश, उड़ीसा और तेलंगाना के सीएम विपक्षी एकता से काफी दूर हैं. आंध्र प्रदेश में जगन मोहन रेड्डी की सरकार है. 2019 में हुए विधानसभा चुनाव में उनके नेतृत्व में पार्टी ने 175 सीटों में से 151 सीट पर जीत हासिल की थी. उनकी पार्टी 84 नई सीटों पर कब्जा किया था. यानी मौजूदा समय में प्रदेश में उनकी मजबूत पकड़ है. लोकसभा में उनके 22 सांसद हैं. विपक्षी दलों के साथ रेडी के न आने पर बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है. ओडिशा के मुख्यमंत्री और बीजद प्रमुख नवीन पटनायक ने साफ कर दिया है कि वे लोकसभा और विधानसभा में अकेले चुनाव लड़ेंगे. पटनायक की पूरी राजनीति कांग्रेस के खिलाफ रही है. इतना ही नहीं पटनायक ऐसे नेता माने जाते हैं, जिनका पूरा फोकस ओडिशा की राजनीति पर ही रहा है. केंद्रीय मुद्दों से वे अक्सर दूरी बनाकर चलते हैं. अगर पटनायक की राजनीतिक ताकत की बात की जाए तो लोकसभा में उनके 12 सांसद हैं. क्षेत्रीय दलों में अगर तुलना की जाए तो यह संख्या काफी ज्यादा है. वहीं मौजूदा समय में राज्य की 146 विधानसभा सीटों में से नवीन पटनायक की पार्टी 112 सीट पर कब्जा कर रखा है. यानी केंद्र और राज्य दोनों की जगहों पर पटनायक मजबूत स्थिति में हैं. ऐसे में बीजद का विपक्ष के साथ न होना नुकसान पहुंचा सकता है. तेलंगाना के सीएम केसीआर और कांग्रेस में राजनीतिक टकराव किसी से छुपा नहीं है. कर्नाटक में चुनाव जीतने के बाद शपथ ग्रहण समारोह के लिए कांग्रेस ने कई विपक्षी दलों को न्योता दिया था लेकिन उसने केसीआर को नियमंत्रण नहीं भेजा था. केसीआर पहले से विपक्षी एकजुटता से दूरी बनाने का मन बना चुके हैं. तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों में 88 पर बीआरएस का कब्जा है. इससे पहले उसकी राज्य में 63 सीटें थी. यानी केसीआर की राजनीतिक ताकत बढ़ी है. वहीं लोकसभा में उनके 9 सांसद हैं. यह किसी भी दल के मायने रखता है.कर्नाटक में जेडीएस की भी अच्छी पकड़ मानी जाती है. लेकिन इस बार हुए विधानसभा चुनावों में उसकी सीटें कम हो गईं. उसे 19 सीटों मिली. जबकि 2018 में उसे 37 सीटें मिली थीं. इससे पहले 2013 में 40 सीटें, 2008 में 28 सीटें और 2004 में 58 सीटें मिली थीं. राज्य में उसकी रिश्ते कांग्रेस से सही नहीं हैं. वैसे एचडी देवगौड़ा वोक्कालिगा समुदाय से आते हैं. यह समुदाय उनका कोर वोट बैंक माना जाता है. प्रदेश में इस समुदाय के लोगों की आबादी करीब 12 फीसदी है. जेडीएस के युवा नेता कुमारस्वामी भी विपक्षी एकता से दूरी बनाए हुए हैं. देश में विपक्षी एकता की राह में कई रोड़े हैं. लोस चुनाव से पूर्व सीटों का बटवारा और पीएम का चेहरा, ये दो ऐसे मुद्दे हैं, जिस पर शायद ही सभी दल एकमत हो पाएं. सीटों के बटवारें को लेकर भी काफी रार है. सबसे बड़ा दल होने के नाते कांग्रेस राहुल गांधी को पीएम का चेहरा पेश करने से पीछे नहीं रहेगा.राहुल को सभी दल एकमत से मंजूर कर लें, इस पर संशय है. आम आदमी पार्टी ने तो राहुल गांधी के नाम पर सीधा हमला बोल दिया है. पार्टी ने कांग्रेस के संविधान को बचाने के मिशन पर परोक्ष रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि अगर देश को बचाना है तो सबसे पहले कांग्रेस को यह घोषणा करनी चाहिए कि वह तीसरी बार राहुल गांधी पर दांव नहीं लगाएगी और विपक्ष को मजबूर नहीं करेगी. देश के हित में, यह संविधान को बचाने से भी अधिक महत्वपूर्ण है. नीतीश कुमार विपक्षी एकता के सूत्रधार हैं। ऐसे में वे भी पीएम पद का चेहरा हो सकते हैं. शरद पवार भी पीछे रहने वाले नहीं हैं. कुल मिलाकर आधा दर्जन नेता विपक्षी खेमा से पीएम की दौड़ में शामिल हैं. ऐसे में किसी एक के नाम पर सहमति बन पाना उतना आसान नहीं दिखता. विपक्षी एकता में ज्यादा दम इसलिए भी नहीं दिखता कि कांग्रेस अंदर से कभी भी क्षेत्रीय दलों को आगे बढ़ते देखना नहीं चाहेगी और क्षेत्रीय दल भी अपने राज्य में कांग्रेस का विकास नहीं चाहेंगे. दोनों में अपना-अपना स्वार्थ है. क्षेत्रीय दलों के बढ़ते प्रभाव के कारण ही अधिकांश राज्यों में कांग्रेस सिकुड़ता भी जा रहा है.ऐसे में विपक्षी एकजुटता की बात करना कोरी कल्पना से ज्यादा कुछ भी नहीं है. विपक्ष के अधिकांश नेता मोदी राज में कोई न कोई आरोप में कानूनी शिकंजा में जकड़े हुए हैं. यही कारण है कि केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए सब एक मंच पर पहुंच रहे हैं. इन्हे संविधान बचाने से ज्यादा खुद को बचाने की चिंता है. इसलिए विपक्षी एकता पर अमीर खुसरो का यह सूफी संगीत बहुत कठिन है डगर पनघट की फिट बैठता है.

# दरबार साहिब में नतमस्तक हुए भारतीय सेना प्रमुख मनोज पांडेय

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** भारत के सेना प्रमुख मनोज पांडे रविवार की सुबह परिवार समेत सचखंड दरबार साहिब में नतमस्तक हुए। मनोज पांडे के साथ उनकी पत्नी अर्चना पांडे तथा ब्रिगेडियर सीबीके बैनर्जी भी मौजूद थे। मनोज पांडे का यहां पहुंचने पर शिरोमणि कमेटी के उप सचिव शहबाज सिंह, सूचना अधिकारी अमृतपाल सिंह ने हरिमंदिर साहिब की मर्यादा, सिख परंपराओं तथा यहां के धार्मिक स्थलों के इतिहास के बारे में अवगत कराया। मनोज पांडे ने यहां माथा टेकने के बाद कुछ समय गुरबाणी कीर्तन भी सुना और अकाल तख्त साहिब पर जाकर अपनी श्रद्धा प्रकट की। सेना प्रमुख को एसजीपीसी की तरफ से भगवंत सिंह सयालका, हरजपा सिंह सुलतानविंड, शिरोमणि कमेटी के ओएसडी सतबीर सिंह धामी ने संयुक्त रूप से सम्मानित करते हुए दरबार साहिब का मॉडल व धार्मिक पुस्तकें प्रदान की। एसजीपीसी के सदस्य एडवोकेट भगवंत सिंह ने सेना प्रमुख के साथ सिखों के कई धार्मिक मामलों पर भी चर्चा की। सेना प्रमुख मनोज पांडे ने यहां की यात्री किताब में लिखा कि हरिमंदिर साहिब में माथा टेकने तथा प्रमात्मा का आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। परमात्मा के आगे अरदास है कि भारतीय सेना के सभी रैंकों को बेहतर स्वास्थ्य एवं खुशियां प्रदान करें।



# झारखंड में साढ़े चार वर्षों में हत्या की 8787 वारदातें




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड में साढ़े चार वर्षों में 8787 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। राजधानी रांची में साढ़े चार वर्षों में सबसे अधिक 794 हत्या की वारदातें हुई हैं। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार राज्य में वर्ष 2019 में 2058 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया। इनमें रांची में 189, धनबाद में 102, गिरिडीह में 135, हजारीबाग में 103, जमशेदपुर में 93, पलामू में 121, साहिबगंज में 85, दुमका में 72, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 122, बोकारो में 88, लातेहार में 66, जामताड़ा में 28, सरायकेला में 64, सिमडेगा में 54, रेल धनबाद में छह, रेल जमशेदपुर में चार, देवघर में 97, गोड्डा में 76, गुमला में 128, लोहरदगा में 33, चतरा में 67, गढ़वा में 138, कोडरमा में 37 खूंटी में 81, रामगढ़ में 36, और पाकुड़ में 33 शामिल है। वर्ष 2019 में सबसे अधिक हत्या की वारदात राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 1996 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 174, धनबाद में 108, गिरिडीह में 125, हजारीबाग में 124, जमशेदपुर में 111, पलामू में 124, साहिबगंज में 72, दुमका में 76 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 110, बोकारो में 84, लातेहार में 73, जामताड़ा में 35, सरायकेला में 53, सिमडेगा में 57, रेल धनबाद में तीन, रेल जमशेदपुर में एक, देवघर में 73, गोड्डा में 60, गुमला में 123, लोहरदगा में 35, चतरा में 75, गढ़वा में 106, कोडरमा में 46, खूंटी में 74, रामगढ़ में 38 और पाकुड़ में 36 शामिल है। वर्ष 2020 में राजधानी रांची में सबसे अधिक हत्या की वारदात हुई है। वर्ष 2021 में हत्या की 1986 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 190, धनबाद में 109, गिरिडीह में 127, हजारीबाग में 116, पलामू में 122, साहिबगंज 59, दुमका में 65 पूर्वी सिंहभूम (चाईबासा) में 114, बोकारो में 81, लातेहार में 53 ,जामताड़ा में 35, सरायकेला में 68, सिमडेगा में 39, रेल धनबाद में तीन, रेल जमशेदपुर में दो, देवघर में 99, गोड्डा में 66, गुमला में 123, लोहरदगा में 30, चतरा में 61, गढ़वा में 137, कोडरमा में 38, खूंटी में 65, रामगढ़ में 35 और पाकुड़ में 43 शामिल है। वर्ष 2022 में हत्या की 18 86 वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 172, धनबाद में 102, गिरिडीह में 117, हजारीबाग में 114, पलामू में 115 ,जमशेदपुर में 93, साहिबगंज में 56 दुमका में 86 पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 114, बोकारो में 74, लातेहार में 54, जामताड़ा में 31, सरायकेला में 79, सिमडेगा में 47, रेल धनबाद में दो, रेल जमशेदपुर में पांच, देवघर में 113, गोड्डा में 50, गुमला में 90 ,लोहरदगा में 30 ,चतरा में 65 ,गढ़वा में 113, कोडरमा में 34, खूंटी में 65, रामगढ़ में 38 और पाकुड़ में 27 शामिल है।

इसी प्रकार वर्ष 2023 में अब तक 861 हत्या की वारदात को अंजाम दिया गया है। इनमें रांची में 69, धनबाद में 51, गिरिडीह में 60, हजारीबाग में 56, साहिबगंज में 30, दुमका में 30 ,चाईबासा में 63, बोकारो में 38, लातेहार में 23, जामताड़ा में नौ, सरायकेला में 19, सिमडेगा में 22, रेल धनबाद में एक, देवघर में 48, गोड्डा में 27, गुमला में 31, लोहरदगा में 12, चतरा में 42, गढ़वा में 59, कोडरमा में 29, खूंटी में 22, रामगढ़ में 18 और पाकुड़ में 12 शामिल है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में अब तक पिछले चार वर्षों की तुलना में हत्या की वारदात कम हुई है।

## बीएयू के 43वें स्थापना दिवस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे राज्यपाल

**रांची** : रांची से सटे कांके स्थित कार्यरत राज्य का एकमात्र कृषि विश्वविद्यालय बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) सोमवार को 43वां स्थापना दिवस समारोह मनायेगा। यह मुख्य कार्यक्रम विवि के कृषि संकाय परिसर स्थित आरएसी सभागार में सुबह के 11.30 बजे से होगा। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन होंगे। स्थापना दिवस की सारी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री झारखंड सरकार बादल पत्रलेखा होंगे। समारोह में कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह की ओर से वार्षिक प्रतिवेदन एवं उपलब्धियों को प्रस्तुत किया जायेगा। इस कार्यक्रम के आयोजन सचिव एवं डीएसडब्लू डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि समारोह के दौरान पूरे राज्य से चिन्हित किसानों, सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं कर्मचारियों, छात्र सतीश पहान तथा निबंध प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी एवं कर्मचारी को सम्मानित किया जायेगा।

# भारतीय लोकतंत्र का सबसे काला दिन 25 जून 1975 : राजनाथ सिंह



**एजेंसी**

**आगरा।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि आज के ही दिन 25 जून 1975 को कांग्रेस ने आपातकाल की घोषणा की थी। विपक्ष के सारे नेताओं को जेल में डाल दिया गया था। भारतीय लोकतंत्र का वह सबसे काला दिन है। राजनाथ सिंह रविवार को आगरा के कागारौल में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।रक्षामंत्री सिंह ने कहा कि विपक्ष के नेता पटना में बैठक कर रहे हैं। विपक्षी कह रहे हैं आपातकाल जैसे हालात हैं।

मैं कहता हूं आंख में आंख डालकर राजनीति की जाती है। आंखों में धूल झोंककर राजनीति नहीं की जाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त' बन रहा है। मोदी आज वैश्विक स्तर पर सबसे लोकप्रिय नेता हो गए हैं। यह हम सबका सम्मान है। पहले दुनिया भारत की बात को गंभीरता से नहीं लेती थी। आज भारत कोई बात बोलता है तो दुनिया कान खोलकर सुनती है। पहली बार अमेरिका के दोनों सदनों को संबोधित करने का अवसर मोदी को मिला है।राजनाथ ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री मोदी को ऑस्ट्रेलिया का प्रधानमंत्री बॉस कह कर बुलाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन उनका ऑटोग्राफ लेना चाहते हैं और पापुआ न्यू गिनी के राष्ट्रपति उनके पैर छू कर आशीर्वाद लेते हैं। यह पूरे भारत और भारतवासियों का सम्मान है। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और स्थानीय सांसद राजकुमार चाहर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# स्वामी विवेकानंद का मूर्ति पूजन मेरा सौभाग्य : प्रथम महापौर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** श्री रामकृष्ण मां शारदा सेवा समिति द्वारा स्वामी विवेकानंद चौक,शाहपुर में स्वामी विवेकानंद का मूर्ति पूजन का कार्यक्रम रखा गया। जहां स्वामी विवेकानंद के मूर्ति की आरती समिति के अध्यक्ष राजदेव उपाध्याय ने कर कार्यक्रम की शुरुआत की। समिति के अध्यक्ष ने कहा कि निगम द्वारा पुरानी मूर्ति को हटाकर नया आदम कद मूर्ति स्थापित तो कर दिया गया लेकिन मूर्ति स्थापित करने के बाद मूर्ति पूजा नहीं किया गया। जिसे आज कर पूर्ण कर लिया गया। माल्यार्पण मुख्य अतिथि प्रथम महापौर अरुणा शंकर जी ने की। प्रथम महापौर ने इस अवसर पर कहा कि निगम द्वारा निर्मित स्वामी विवेकानंद के नाम पर यह चौक, जिसका उद्घाटन मेरे कार्यकाल में ही किया गया था। आज लोग वहां पूजा अर्चना कर रहे हैं।

जिसकी मुझे बेहद खुशी है। इसी तरह हर चौक चौराहे पर सभी विभूतियों को सम्मान मिलना चाहिए। प्रथम महापौर ने कहा कि इस चौक के रखरखाव में किसी भी तरह कोई कमी नहीं होगी। समिति को कहीं भी किसी चीज की आवश्यकता हो तो बेझिझक मुझसे मिले। निगम ने अन्य चौक चौराहों की तरह इस चौक को भी बहुत खूबसूरत ढंग से बनाया है। जहां लोग रात को 12 बजे भी सेल्फी लेते नजर आते हैं। कुछ दिन पूर्व इस चौक पर भी ठंडे पानी का आरो प्लांट निगम द्वारा लगाया गया। जहां राहगीरों को शीतल जल मिले। प्रथम महापौर ने कहा कि इसकी सुरक्षा स्थानीय लोगों को ही करनी है। क्योंकि इसका उपयोग आप सभी करेंगे। इस अवसर पर इस समिति के संरक्षक बिहारी प्रसाद, व्यास मुनि त्रिपाठी,मानस कुमार अड्डी, केएस भट्टाचार्य अंकित दत्ता धीरज जायसवाल ,भोला प्रसाद ,विजय चंद्रवंशी ,चंचला देवी, प्रमिला देवी, अनीशा खातून तथा काफी संख्या में लोग मां शारदा समिति द्वारा आयोजित पूजा में उपस्थित थे।

# अंजुमन इस्लामिया ने भाजपा सांसद संजय सेठ का किया विरोध




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रविवार को मुसलमानों का सबसे प्रतिष्ठित संस्थान अंजुमन इस्लामिया रांची का झगड़ा सड़क में देखने को मिला। भले ये झगड़ा अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार अहमद और महासचिव सह अस्पताल के सचिव डा तारिक के बीच हुई है, लेकिन झगड़ा का मूल वजह था कि भाजपा के रांची सांसद संजय सेठ कैसे अंजुमन इस्लामिया के अस्पताल में बतौर मुख्य अतिथि आ सकते हैं,और अपने सांसद निधि से अस्पताल का ओपीडी निर्माण करवा सकते हैं।

**सांसद नीधि से अस्पताल का निर्माण :** रांची के सांसद संजय सेठ अपने सांसद कोष से अंजुमन इस्लामिया के अंजुमन अस्पताल की ओपीडी में फंड देने वाले थे, ताकि ओपीडी बेहतर हो सके, मरीजो को बेहतर सुविधाएं मिल सकें, लेकिन सांसद के आने से पहले ही अंजुमन अस्पताल परिसर में ही महासचिव डा तारिक ने जमकर हंगामा कर इसका विरोध शुरू कर दिया। बता दें कि कुछ दिनों से महासचिव डा तारिक और अध्यक्ष हाजी मुख्तार के बीच यह विवाद पनप रहा था जो देर से ही सही लेकिन सबके सामने आ ही गया। इस परिसर में ही भाजपा के कई मुस्लिम नेता भी मूक दर्शक बन यह सब तमाशा देखते रहे। इतना ही नहीं हद तो यह हो गया कि सांसद को काले झंडे दिखाने की भी तैयारी शुरू करने लगे थे। सांसद संजय सेठ को जब इसकी सूचना मिली तो वे अस्पताल नहीं जाना बेहतर समझे। अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष हाजी मुख्तार अहमद व महासचिव तारिक दोनों घंटों देरी तक बेवजह एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाते रहे।

**महासचिव और अध्यक्ष के बीच विवाद :** अंजुमन इस्लामिया के महासचिव सह अंजुमन अस्पताल के सचिव डा तारिक ने अध्यक्ष हाजी मुख्तार अहमद का जमकर विरोध किया। उन्होंने कहा कि यह कोई राजनीतिक मंच नहीं है। अगर सांसद को यहां फंड देना ही था या आना था , तो इसकी जानकारी कमेटी के सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को होनी चाहिए थी, अंजुमन के नियम कानून के अनुसार आना चाहिए। लेकिन ऐसा नहीं किया गया। इसी को लेकर विरोध किया गया।डा तारिक ने कहा कि अंजुमन मुसलमानों के खिदमत करने वाली संस्था है, न कि राजनीति करने वाली। अंजुमन का सहारा लेकर अगर कोई गलत काम करेगा तो कमेटी इसका विरोध करेगी।

**अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने कहा :** अंजुमन के अध्यक्ष मुख्तार अहमद ने कहा कि सांसद के आने की सूचना सभी को दे दी गई थी। इस तरह का हंगामा यहां करना सही नहीं था, कमेटी में भी इसकी जानकारी दी गई थी,।

**कमजोर नेतृत्व का नतीजा :** रविवार को जिस तरह से भाजपा सांसद संजय सेठ का विरोध अंजुमन इस्लामिया रांची के पदाधिकारियों ने किया यह एक सोची समझी साजिश का नतीजा है और कमजोर नेतृत्व का परिणाम । इसका खामियाजा सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र को मुसलमानों को भुगतना पड़ सकता है, यदि ऐसा होता है तो इसका जिम्मेदार वर्तमान अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष और महासचिव और वर्तमान की कमेटी होगी ।

बता दें कि इससे पूर्व की कमेटी जिसके अध्यक्ष इबरार अहमद थे और इस कमेटी में हाजी मुख्तार सहित वर्तमान में कुछ मजलिस ए आमला के भी पदाधिकारी गण थे, इनकी मौजूदगी में अंजुमन इस्लामिया ने भाजपा के रांची से राज्यसभा सांसद परिमल नाथवानी से राज्यसभा सांसद कोष से एंबुलेंस अंजुमन, प्लाजा के ऊपरी इमारत पे लाइब्रेरी निर्वाण में पैसे दिए थे।